RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 100
नई दिल्ली, सोमवार, 13 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



मैं बिल्कुल फिट आश्वस्त और सकारात्मक हूं
स्पोर्ट्स-12

# छह नए राज्यपाल नियुक्त, सात बदले

- राष्ट्रपति मुर्मू ने की नियुक्ति, इसमें राममंदिर पर फैसला देने वाली पीठ में शामिल सेवानिवृत्त जज एस अब्दुल नजीर भी शामिल
- भगत सिंह कोश्यारी की जगह झारखंड के गवर्नर रमेश बैस को महाराष्ट्र भेजा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



रमेश बैस



शिव प्रताप शुक्ला | लक्ष्मण आचार्य | बिस्वा बी हरिचंदन | गुलाब कटारिया | अब्दुल नजीर | सीपी राधाकृष्णन | एलए गणेशन | ले. जनरल पटनायक | राजेन्द्र वी अर्लेकर | बृज मिश्रा | फागू चौहान | अनुसुइया उइके

**सरकार** ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चार नेताओं और 2019 में ऐतिहासिक अयोध्या फैसला सुनाने वाली पीठ के सदस्य रहे उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एस अब्दुल नजीर सहित छह नए चेहरों को रविवार को राज्यपाल नियुक्त किया तथा सात राज्यों में राज्यपाल पदों में फेरबदल किया।

वहीं भगत सिंह कोश्यारी के इस्तीफे के बाद झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया है। राष्ट्रपति भवन के एक प्रवक्ता के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति नजीर को आंध्र प्रदेश का नया राज्यपाल नियुक्त किया है और आंध्र प्रदेश के निवर्तमान राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन को छत्तीसगढ़ स्थानांतरित किया गया है। जबकि महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और लद्दाख के उपराज्यपाल आरके माथुर के इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं। वहीं अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति ने लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक (सेवानिवृत्त) को अरुणाचल प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया है। प्रवक्ता के अनुसार उत्तर प्रदेश के दो नेताओं समेत चार भाजपा नेताओं को भी नया राज्यपाल बनाया गया है। जिसमें लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, सीपी राधाकृष्णन, शिव प्रताप शुक्ला और गुलाब चंद कटारिया को क्रमशः सिक्किम, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और असम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

बैस, मिश्रा और हरिचंदन के राज्य बदलने के अलावा छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुइया उइके को मणिपुर का, मणिपुर के राज्यपाल ला गणेशन की नगालैंड, बिहार के राज्यपाल फागू चौहान की मेघालय और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर की बिहार के राज्यपाल के रूप में नियुक्ति की गई। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी छत्रपति शिवाजी पर अपनी टिप्पणी के बाद विपक्ष के निशाने पर आए थे। जिसके बाद कोश्यारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पद छोड़ने की अपनी इच्छा से अवगत कराया था। कोश्यारी (80) ने सितंबर 2019 में महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में उस समय पदभार संभाला था, जब राज्य में राजनीतिक उथल-पुथल के बाद शिवसेना ने भाजपा से अपना नाता तोड़ लिया था। उन्होंने देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा नेता) अजित पवार को उपमुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ दिलाई, लेकिन वे केवल तीन दिन पद पर रहे। जब महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सत्ता में थी, तो राज्यपाल कोटे से राज्य विधान परिषद में 12 सदस्यों की नियुक्ति जैसे कई मुद्दों पर सरकार के साथ उनके कई विवाद हुए। एमवीए ने उन पर पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने का आरोप लगाया था। लद्दाख के उपराजयपाल आरके माथुर द्वारा इस्तीफा देने के कारण का पता नहीं चला है। माथुर केंद्र शासित प्रदेश में प्रसिद्ध शिक्षा सुधारवादी सोनम वांगचुक के नेतृत्व वाले कड़े विरोध का सामना कर रहे थे। प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रपति ने माथुर के स्थान पर अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) को नियुक्त किया है।

न्यायमूर्ति नजीर चार जनवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। वह राजनीतिक रूप से संवदेनशील अयोध्या भूमि विवाद, तीन तलाक और निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार घोषित करने वाले कई बड़े फैसलों को हिस्सा रहे। 17 फरवरी, 2017 को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किए गए न्यायमूर्ति नजीर कई संविधान पीठों का हिस्सा रहे, जिन्होंने 2016 में 1,000 रुपए और 500 रुपए के नोट चलन से बाहर किए जाने से लेकर सरकारी नौकरियों एवं दाखिलों में मराठों के लिए आरक्षण और उच्च सरकारी अधिकारियों की भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार तक कई मामलों पर फैसले सुनाए। वह पांच-न्यायाधीशों की उस संविधान पीठ का हिस्सा थे, जिसने नवंबर 2019 में अयोध्या में विवादित स्थल पर राम मंदिर के (शेष पेज 8)

# दिल्ली से जयपुर अब साढ़े तीन घंटे में

- पीएम ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के दिल्ली-दौसा-लालसोट खंड का किया उद्घाटन, कहा-राजमार्ग विकसित होते भारत की एक और भव्य तस्वीर
- कांग्रेस ने हमेशा हमारे सैनिकों के शौर्य को कम करके आंका

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित किया तथा इसे विकसित होते भारत की एक और भव्य तस्वीर करार दिया एवं कहा कि केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे में बड़ा निवेश कर रही है।

दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे का दिल्ली-दौसा-लालसोट खंड 247 किलोमीटर लंबा है, जिसे 12,173 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। इस खंड के चालू हो जाने से दिल्ली से जयपुर का यात्रा समय पांच घंटे से घटकर लगभग साढ़े तीन घंटे रह जाएगा। दौसा में आयोजित कार्यक्रम में मोदी ने 18,100 करोड़ रुपए से अधिक लागत की सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण रिमोट दबाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित करते हुए मुझे बहुत गर्व हो रहा है। यह देश के सबसे बड़े एवं सबसे आधुनिक एक्सप्रेसवे में से एक है।

यह विकसित होते भारत की एक और भव्य तस्वीर है। उन्होंने कहा, जब ऐसी आधुनिक सड़कें बनती हैं, आधुनिक रेलवे स्टेशन, ट्रेन, मेट्रो, हवाई अड्डे बनते हैं तो देश की प्रगति को गति मिलती है। दुनिया में ऐसे अनेक अध्ययन हैं जो बताते हैं कि बुनियादी ढांचे में लगाई गई राशि जमीन पर कई गुणा ज्यादा असर दिखाती है। बुनियादी ढांचे में होने वाला निवेश उससे भी अधिक निवेश को आकर्षित करता है। मोदी ने कहा, बीते नौ वर्षों से केंद्र सरकार भी बुनियादी ढांचे पर निरंतर बहुत बड़ा निवेश कर रही है। राजस्थान में भी राजमार्ग के लिए बीते वर्षों में 50000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि दी गई है। इस वर्ष में बजट में हमने बुनियादी ढांचे के लिए 10 लाख करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। यह 2014 की तुलना में पांच गुना अधिक है। उन्होंने कहा, इस निवेश का बहुत बड़ा लाभ राजस्थान को होने वाला है।

इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय राज्य मंत्री वी के सिंह, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह और अन्य नेता मौजूद थे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित किया। पीएम ने धनावड़ (दौसा) में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक खंड को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए देश के सीमावर्ती इलाकों के विकास पर (शेष पेज 8)

# विरासत और विकास की पटरी पर चल रहा है भारत: मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत पूरे स्वाभिमान के साथ अपनी विरासत पर गर्व रहा है और इस बात पर जोर दे रहा है कि वह आधुनिकता लाने के साथ ही अपनी परंपराओं को मजबूत करेगा। मोदी ने यह भी कहा कि देश की नीतियों और प्रयासों में कोई भेदभाव नहीं है तथा इसका उद्देश्य गरीबों, पिछड़ों एवं वंचितों की प्राथमिकता के साथ सेवा करना है। उन्होंने कहा कि गरीबों, पिछड़ों और दलितों की सेवा आज देश के लिए पहला यज्ञ है।

मोदी ने समाज सुधारक एवं आर्य समाज के संस्थापक दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती समारोह का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया कई मुद्दों का सामना कर रही है, महर्षि दयानंद द्वारा दिखाया गया मार्ग करोड़ों लोगों में उम्मीद जगाता है। प्रधानमंत्री का वैदिक मंत्रों और दयानंद सरस्वती की विरासत पर आधारित कुछ प्रस्तुतियों के साथ स्वागत किया गया। मोदी ने बाद में दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान द्विशताब्दी समारोह के लोगो का अनावरण किया। मोदी ने करीब 40 मिनट के अपने संबोधन में कहा कि भारत पर्यावरण के क्षेत्र में दुनिया को रास्ता दिखा रहा है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत इस साल जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। मोदी ने कहा कि देश आज पूरे स्वाभिमान के साथ अपनी विरासत पर गर्व कर रहा है। देश पूरे आत्मविश्वास के साथ कह रहा है कि हम आधुनिकता लाते हुए अपनी परंपराओं को मजबूत करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश विरासत और विकास की पटरी पर चल रहा है। मोदी ने कहा कि जब वह कर्तव्य पथ पर चलने की बात करते हैं, तो कुछ लोग कहते हैं कि वह कर्तव्य की बात करते हैं, लेकिन अधिकार की नहीं। उन्होंने कहा, अगर 21वीं सदी में मेरे साथ ऐसा है, तो सोचिए कि 150 साल पहले समाज (शेष पेज 8)

# विकास इंजन बनने के लिए यूपी तैयार: मुर्मू

## तीन दिवसीय यूपी जीआईएस का समापन, 33 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों पर हुए करार

- यूपी को उत्तम निवेश प्रदेश बनाने में सहायक होगा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट: राष्ट्रपति
- समावेशी विकास के साथ सृजित होंगे 93 लाख नए रोजगार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**यूपी** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि समावेशी विकास की सोच के साथ आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिति के सार्थक परिणाम आएंगे। उत्तर प्रदेश को विश्वव्यापी ख्याति मिलेगी। दूरदर्शितापूर्ण नीतियों को लागू कर तथा उसके कार्यान्वयन से उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप नए भारत का ग्रोथ इंजन बनने के लिए सक्षम भी है और इसके लिए तैयार भी है। उत्तर प्रदेश समृद्ध होगा तो भारत भी समृद्ध होगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट उत्तर प्रदेश को उत्तम निवेश प्रदेश बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प में अवश्यम्भावी सिद्धि बनने वाले यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट .2023 का समापन रविवार शाम राष्ट्रपति के मार्गदर्शन के साथ हुआ। तीन दिवसीय यूपी जीआईएस का शुभारंभ 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इस समिट के जरिये उत्तर प्रदेश में समावेशी विकास के लिए करीब 33 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के करार हुए जिनसे लगभग 93 लाख नए रोजगार सृजित होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल आबादी के लिहाज से देश का सबसे बड़ा प्रदेश है बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। देश की कई योजनाओं में या पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती अन्नदाता की धरती है। खाद्यान्न, गन्ना, आलू आदि व दूध के उत्पादन में यह देश में अग्रणी (शेष पेज 8)

### निवेश का सुरक्षित गंतव्य होगा उत्तर प्रदेश: योगी

**लखनऊ।** उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत करने के साथ देश-दुनिया से आए निवेशिकों, औद्योगिक घरानों के प्रमुखों प्रतिनिधियों, विदेशों से आए राजनयिकों समेत समिति के सभी भागीदारों के प्रति आभार जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबको विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश निवेश का सुरक्षित गंतव्य होगा। उत्तर प्रदेश में आया और आने वाला निवेश प्रदेश के विकास में सहायक तो होगा ही, स्वयं निवेशकों के लिए भी काफी फलदायी होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन दिन तक चले ग्लोबल इन्वेस्टर्स (शेष पेज 8)

# चार उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

- इनमें दो न्यायाधीश फरवरी में ही होंगे सेवानिवृत्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चार** उच्च न्यायालयों में रविवार को मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। इनमें से दो न्यायाधीश इस महीने ही सेवानिवृत्त होने वाले हैं। गुजरात उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति सोनिया गिरिधर गोकानी को इसका मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। शपथ लेने के बाद वह किसी उच्च न्यायालय में इकलौती महिला मुख्य न्यायाधीश होंगी। भारत में 25 उच्च न्यायालय हैं। न्यायमूर्ति सबीना हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय की कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के तौर पर काम कर रही हैं।

न्यायमूर्ति गोकानी 25 फरवरी को सेवानिवृत्त होंगी। वह गुजरात न्यायिक सेवा से हैं। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने पिछले सप्ताह उनके नाम की सिफारिश करते हुए कहा था, सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश होने के अलावा मुख्य न्यायाधीश के तौर पर न्यायमूर्ति गोकानी की नियुक्ति से समावेशन और मुख्य न्यायाधीश के पद पर सेवाओं से लिए गए न्यायाधीशों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा।

शुक्रवार को न्यायमूर्ति गोकानी को गुजरात उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था जबकि इसके मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार को पदोन्नति देकर उच्चतम न्यायालय में नियुक्त कर दिया गया। ओडिशा उच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति जसवंत सिंह को त्रिपुरा उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। वह 22 फरवरी को सेवानिवृत्त होंगे। न्यायमूर्ति इंद्रजीत महंती के सेवानिवृत्त होने के बाद त्रिपुरा उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश का पद कुछ समय से खाली पड़ा (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,682 | |
| निफ्टी | 17,856 | |
| सोना | 56,754 | /10g |
| चांदी | 66,953 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ब्रिटेन उत्तर प्रदेश में रक्षा एवं एयरोस्पेस, मेडिकल के क्षेत्रों में बड़ा निवेश करेगा

**लखनऊ।** ब्रिटेन के रक्षा खरीद राज्यमंत्री एलेक्स चॉक केसी ने रविवार को यहां कहा कि उनका देश उत्तर प्रदेश में रक्षा, एयरोस्पेस और चिकित्सा क्षेत्रों में निवेश करेगा। रविवार को यहां तीन दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन-2023 के अंतिम दिन आयोजित यूनाइटेड किंगडम पार्टनर कंट्रीडिफेंस सत्र में एलेक्स चॉक ने कहा, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हो रहे जीआईएस-23 में शामिल होना मेरे लिए गौरव की बात है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भरोसा देते हुए कहा, ब्रिटेन उत्तर प्रदेश में रक्षा एवं एयरोस्पेश के साथ चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा, इसके लिए मै मुख्यमंत्री योगी को आश्वस्त करता हूं। एलेक्स चॉक ने कहा कि हम प्रदेश में विशेष तौर पर रक्षाक्षेत्र में अपनी साझेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# आईसीसी महिला टी20 विश्व कप: भारत ने दी पाकिस्तान को करारी शिकस्त



**भाषा।** केपटाउन

**भारत** ने जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53 रन) के अर्धशतक और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (नाबाद 31) के साथ उनकी चौथे विकेट के लिए 33 गेंद में 58 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत रविवार को यहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को एक ओवर रहते सात विकेट से शिकस्त दी।

# जेल में बंद था आरोपी, 20 साल खोजती रही पुलिस

- हत्या के मामले में पुलिस को थी तलाश जबकि आरोपी एक अन्य मामले में जेल में था बंद, कोर्ट ने लगाई पुलिस को फटकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** की आर्थिक राजधानी मुंबई पुलिस के लचर रवैये और नाकामी का एक बड़ा मामला सामने आया है। पुलिस अंडरवर्ल्ड डान छोटा शकील के जिस शार्प शूटर माहिर सिद्दीकी को 20 साल से खोजती रही, वह शहर के एक जेल में बंद मिला।

इस मामले में मुंबई पुलिस को अदालत की नाराजगी का सामना करना पड़ा, जब उसने कोर्ट को बताया कि हत्या मामले में आरोपित 20 साल से फरार है। जबकि, आरोपित एक अन्य मामले में पांच सालों से मुंबई की जेल में बंद है। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) मामलों के विशेष न्यायाधीश एएम पाटिल ने 1999 में बांबे अमन कमेटी के अध्यक्ष वाहिद अली खान की हत्या के आरोपी माहिर सिद्दीकी को केस में खामियों का हवाला देते हुए आरोपी को बरी कर दिया। जज ने कहा कि यह एक अनसुलझा रहस्य है, जिसके बारे में पुलिस बेहतर जानती है। जज ने बरी करते हुए तीन फरवरी को पारित अपने आदेश में यह टिप्पणी की। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष के मामले में कई विसंगतियों का हवाला दिया।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक, सिद्दीकी और एक सह-आरोपी ने जुलाई 1999 में मुंबई के एलटी मार्ग इलाके में खान के घर के पास कथित तौर पर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों फरार हो गए थे। पुलिस ने मई 2019 में सिद्दीकी का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्हें उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत मिले और उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया। जांच के दौरान, पुलिस को सिद्दीकी और छोटा शकील समेत छह लोगों की संलिप्तता के बारे में पता चला।

पुलिस ने कहा था कि उन्हें यह भी पता चला कि अपराध छोटा शकील के इशारे पर हुआ था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि सिद्दीकी के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल करते समय अभियोजन पक्ष ने दावा किया था कि वह घटना की तारीख से गिरफ्तारी तक फरार था। जबकि वह 2014 से 2019 के बीच एक अन्य मामले में विचाराधीन कैदी था और सीआईडी उसे गिरफ्तार कर चुकी थी। अदालत ने पूछा कि जब वह जेल में था तो पुलिस उसका पता लगाने में कैसे विफल रही। न्यायाधीश ने कहा, पुलिस उसे खोजने में विफल रही, जबकि उसके पास फरार आरोपियों और विचाराधीन कैदियों का रिकॉर्ड होता है। इसकी असली वजह तो पुलिस ही बता सकती है।

# ग्रेनो के 8 किसानों को वापस मिली जमीन

## हर परिवार के लिए 3000 वर्ग मीटर जमीन आबादी के रूप में अधिग्रहण मुक्त करता है प्राधिकरण

● लीज पॉलिसी के तहत हाईकोर्ट ने दिया आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उच्च न्यायालय ने ग्रेटर नोएडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को आदेश दिया है। दरअसल, खैरपुर गुर्जर गांव के 8 किसानों ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इन किसानों ने लीज बैक पॉलिसी के तहत जमीन वापस मांगी थी। जिस पर हाईकोर्ट ने फैसला सुना दिया है।

प्राधिकरण को आदेश दिया है कि खैरपुर गुर्जर के 8 किसानों को 3 महीने के भीतर लीजबैक पॉलिसी के जरिए 23210 वर्ग मीटर जमीन वापस लौटाई जाए। सुनवाई के दौरान ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण से रिकॉर्ड तलब किया गया था। कई सुनवाई बीतने के बावजूद प्राधिकरण की ओर से मांगा गया रिकॉर्ड अदालत को उपलब्ध नहीं करवाया गया। कोर्ट ने सीईओ या एसीईओ को रिकॉर्ड के साथ व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने का आदेश दिया था।



एडवोकेट पंकज दुबे ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के खैरपुर गुर्जर के निवासी महेश शर्मा और 4 अन्य लोगों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इन लोगों ने अदालत को जानकारी दी, हमारे 8 परिवार हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्रत्येक परिवार के लिए 3000 वर्ग मीटर जमीन आबादी के रूप में अधिग्रहण मुक्त करता है। यह अथॉरिटी की लीजबैक पॉलिसी में व्यवस्था है। लिहाजा, हमारे 8 परिवारों के लिए 24000 वर्ग मीटर जमीन अथॉरिटी छोड़ सकती है। प्राधिकरण इसके लिए तैयार नहीं है, जबकि प्राधिकरण ने कुछ परिवारों को अपनी पॉलिसी से अलग हटकर 3000 वर्ग मीटर से भी ज्यादा जमीन बतौर आबादी अधिग्रहण से मुक्त की है या लीजबैक के जरिए वापस लौटाई है। इस पॉलिसी का लाभ हमें भी मिलना चाहिए। विकास प्राधिकरण ने हाईकोर्ट में महेश और अन्य किसान परिवारों की इस मांग का विरोध किया। प्राधिकरण के वकील ने दावा किया कि किसी को अब तक इतनी जमीन नहीं दी गई है। प्राधिकरण ने किसी किसान परिवार को 3000 वर्ग मीटर जमीन भी आबादी के लिए नहीं छोड़ी है। लिहाजा, इन लोगों को भी इतनी जमीन आबादी के लिए नहीं दी जा सकती है। अथॉरिटी के वकील ने अदालत को बताया कि याचीगण को 9000 वर्ग मीटर जमीन प्राधिकरण आबादी के रूप में दे रहा है।

अधिवक्ता पंकज दुबे ने अदालत में कहा प्राधिकरण के वकील न्यायालय को गुमराह कर रहे हैं। प्राधिकरण ने तमाम लोगों को ना केवल 3000 वर्ग मीटर बल्कि इससे भी ज्यादा जमीन आबादी के तौर पर लीजबैक के जरिए वापस लौटाई है। बड़ी संख्या में किसान परिवारों के बड़े-बड़े भूखंडों को अधिग्रहण से मुक्त रखा है। प्राधिकरण को आदेश दिया जाए कि उसने अब तक जिन लोगों को आबादी के लिए जमीन लौटाई है या अधिग्रहण मुक्त की है, उनकी सूची न्यायालय में उपलब्ध करवाएं। हाईकोर्ट ने प्राधिकरण के वकील को आदेश दिया आप आबादी के लिए अधिग्रहण मुक्त की गई जमीन और लीजबैक के जरिए किसानों को वापस लौटाई गई जमीन का पूरा ब्यौरा उपलब्ध करवाएं।




ट्रैफिक वॉलंटियर्स के सहयोग से डीएससी मार्ग सेक्टर-82 पर लोगों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के विषय में एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

# प्राधिकरण के खिलाफ बड़े आंदोलन की तैयारी में जुटे किसान, 15 को तेजपाल की करेंगे घेराबंदी

● जिला कमेटी समेत सभी प्रभावित गांवों की कमेटियों की बैठक में हुआ ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के विरुद्ध किसान सभा ने अनिश्चित कालीन आंदोलन का ऐलान किया है। खानपुर गांव में अखिल भारतीय किसान सभा गौतम बुद्ध नगर इकाई की जिला कमेटी समेत सभी प्रभावित गांवों की कमेटियों की बैठक आयोजित की।

बैठक सुधीर भाटी के घर पर आयोजित की गई। अध्यक्षता खानपुर गांव के प्रधान और किसान सभा के जिला सचिव मनोज भाटी द्वारा की गई। किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि प्राधिकरण के अधिकारियों और सरकार की नीयत हमारी आबादियों व प्लाटों को लेकर खराब हो गई है। वह नाजायज तौर पर किसानों की आबादियों को तोड़कर अपने सगे संबंधियों नाते रिश्तेदारों को आवंटित करना चाहते हैं।

किसान सभा के उपाध्यक्ष ब्रह्मपाल नागर ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण किसानों की आबादीयों के विरुद्ध नाजायज तौर पर धारा 10 के नोटिस भेज रहा है। उपस्थित किसानों ने कई प्रसतव पास किए जिसमें किसानों की आबादी प्लॉट रोजगार और अन्य मुद्दों को लेकर 14 मार्च से प्राधिकरण का घेराव कर अनिश्चितकालीन स्थाई धरना दिया जाएगा और इस क्रम में 15 फरवरी को विधायक तेजपाल नागर का घेराव करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। किसान सभा के सचिव मनोज प्रधान ने कहा कि प्राधिकरण किसानों के साथप्रवेश को प्राधिकरण में बाधित कर रहा है। जिससे कि किसान अपनी बात के लिए अधिकारियों से मिलकर दबाव नहीं डाल सके।

## निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी, थाने में हंगामा

**गाजियाबाद।** आयुर्वेदिक कंपनी में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ितों ने रविवार को मोदीनगर थाने पर हंगामा किया।

आरोप लगाया कि पुलिस मामले में ढिलाई बरत रही है। युवक लोमेश के कहने पर उन्होंने रुपये निवेश किए थे। उनका करोड़ों रुपए डूब चुका है। लोमेश और उसके साथी फरार चल रहे हैं। अगर पुलिस ने जल्दी ही आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं की तो पुलिस कमिश्नर से शिकायत की जाएगी। लोगों ने ज्ञापन भी एसएचओ मोदीनगर भानु प्रताप सिंह को सौंपा। एसएचओ ने उन्हें मामले में कार्रवाई का भरोसा दिया है। इसके बाद वे बस स्टैंड चौकी पर पहुंचे।

# 12 दिन की बच्ची जिंदा जली, भाई की भी मौत

● रविवार तड़के सिलेंडर फटने से लगी आग, 2 की दर्दनाक मौत, 4 लोग झुलसे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा में रविवार तड़के दर्दनाक हादसा हो गया। यहां घर में सिलेंडर फटने के बाद आग लग गई। हादसे में 12 साल के बच्चे और 12 दिन की बच्ची की जिंदा जलकर मौत हो गई।

वहीं 4 लोग गंभीर रूप झुलस गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि सभी करीब 30 से 35 प्रतिशत तक जल चुके हैं। घटना सेक्टर-8 जेजे कॉलोनी की डी-221 की है। मृतक परिवार के चाचा फैजल ने बताया कि रात में बच्चों को भूख लगी थी।

इसके लिए उनकी मां शबाना ने दूध गर्म करने के लिए गैस ऑन करके जैसे ही माचिस से आग लगाई। वैसे ही सिलेंडर में आग लग गई और धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। आग इतनी तेज फैली कि पास में सो रहे दो बच्चे चपेट में आ गए। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया मैं सो रहा था। तभी धमाके की आवाज सुनाई दी। मैं दौड़कर रिजवान के घर पहुंचा तो देखा झोपड़ी ढह चुकी थी। धमाके की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ जुट गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

एसीपी प्रदीप चौबे ने बताया ने बताया, सुबह 3 बजे जेजे कॉलोनी की एक झुग्गी में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियों ने 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया। सिलेंडर फटने से परिवार के 4 लोग झुलसे हैं, जिन्हें तत्काल पुलिस कर्मियों ने जिला अस्पताल निठारी भेजा। यहां जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दो बच्चों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना फेज-1 प्रभारी ने ध्रुव भूषण दुबे ने बताया, मृतक बच्चों की पहचान 12 दिन नवजात अरीबा और 12 साल का किशोर रिहान के रूप में हुई है।

वहीं, रिजवान 37, शबाना 32, अहद 6 और अनीशा 20 झुलस गए हैं। स्थानीय महिला ने बताया, हम लोगों ने दरवाजा तोड़कर शबाना के ससुर को बाहर निकाला।

इसके बाद एक.एक करके चार लोगों को बाहर निकाला। काफी देर बाद एम्बुलेंस और पुलिस वाले आए। पुलिस वालों ने दोनों बच्चों की बॉडी बाहर निकला।

## संक्षिप्त समाचार



मीनाक्षी अस्पताल कौशांबी में नाले में गिरी गाय को फायर एंड इमरजेंसी सर्विस गाजियाबाद द्वारा सकुशल बाहर निकाला गया।

### क्रिकेटर कपिल देव ने किया लाइब्रेरी का उद्घाटन

**नोएडा।** मशहूर क्रिकेटर और वर्ल्ड कप विजेता कपिल देव रविवार को ग्रेटर नोएडा पहुंचे। जहां पर उन्होंने डेल्टा टू में बनाई गई कपिल देव लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। कपिल देव ने कहा कि हर गांव और शहर में इस तरह की लाइब्रेरी होनी चाहिए ताकि युवाओं को चीजों का सही ज्ञान हो सके और वह देश को आगे बढ़ाने में मदद कर सके ग्रामीणों के द्वारा चलाई गई इस मुहिम के तहत डेल्टा टू में लाइब्रेरी बनाई गई है। सेक्टर डेल्टा टू में आदर्श लाइब्रेरी का उद्घाटन करने के दौरान क्रिकेटर कपिल देव ने कहा कि जो युवा पीढ़ी में पढ़ाई की रुचि रखते हैं वह लाइब्रेरी में आकर आसानी से अध्ययन करे और देश को मजबूती प्रदान करने के लिए अपना सहयोग दें। इस तरह की लाइब्रेरी देश के हर गांव और शहर में होनी चाहिए ताकि युवाओं को पढ़ने में रुचि हो और चीजों को सही से जान सके। ग्रामीणों के द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम को भी उन्होंने खूब सराहा और इस योजना में शामिल किए जाने को लेकर वे उत्साहित भी नजर आए। इस मौके पर दादरी विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि गौतम बुध नगर में अधिकांश गांवों में लाइब्रेरी बनाई जा रही है।

### गौतम बुद्ध नगर में एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में रविवार को एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। एचआर कॉन्क्लेव का थीम. चेंजिंग एचआर लैंडस्केप रोल्स एंड रिस्पॉन्सिबलिट इन न्यू नोर्मल था। इस परिचर्चा का उद्देश छात्रों को आज के परिवेश में मानव संसाधन के क्षेत्र में करियर संभावनाओं एवम चुनौतियों से अवगत कराना था। इस परिचर्चा में कॉरपोरेट जगत के शीर्ष वक्ताओं को आमंत्रित किया गया। अजय के साहू, फंक्शनल हेड.एचआर, एनटीपीसी जीई पावर सर्विसेज, फरहत उमर. प्रेसिडेंट,ग्लोबल सीएचआरओ, मैनकाइंड फार्मा, सिद्धार्थ गांगुली सीनियर वाइस प्रेसिडेंट. ह्यूमन रिसोर्सेज.बेनेट कोलमेन एंड कंपनी लिमिटेड, कुणाल कीर्ति, हेड.एचआर टेनेको इंडिया और मोहित माथुर वीपी. हेड एचआर एनएसडीसी ने अपने अनुभव छात्रों के साथ साझा किए। कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ ऑनर कुलपति प्रो आर के सिन्हा ने उच्च शिक्षा एवं विश्वविधालय में मानव संसाधन के महत्व पर अपने विचार साझा किए और परिचर्चा मे शामिल सभी कॉरपोरेट पैनलिस्ट का स्वागत किया।

### नोएडा में अपहरण करने का फरार आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** बच्चे का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले 25000 इनामी बदमाश को ईकोटेक वन पुलिस ने घरबरा गांव के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर 11 वर्षीय बच्चे का अपहरण किया था। 30 लाख रुपये फिरौती की मांग की थी। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद फिरौती की रकम व बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया था। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था जिसको पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक वन थाना क्षेत्र के लुकसर गांव से आरोपियों ने 2 अक्टूबर 2022 को 11 वर्षीय बच्चे का अपहरण किया। जिसके बाद 30 लाख रूपए की फिरौती की मांग की थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने बच्चे को बरामद करने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया। जिसमें कई थानों की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद बदमाशों के चुंगल से बच्चे को सकुशल बरामद कराया और फिरौती के रुपए भी पुलिस ने बरामद किए थे।

# मोदीनगर के दो गांवों में दिखा तेंदुआ, हड़कंप

● वन विभाग ने दोनों गांवों में सर्च अभियान शुरू किया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर के भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव त्योढ़ी और भदौला में तेंदुआ दिखाई देने से दहशत का माहौल है। देर रात गांव त्योढ़ी में खेत में पानी बलाने गए किसान पर तेंदुआ ने हमले की कोशिश की। किसान ने भागकर पेड़ पर चढ़कर अपनी जान बचाई। वन विभाग ने दोनों गांवों में सर्च अभियान चला रखा है।

गांव त्योढ़ी निवासी सुरेन्द्र सिंह परिवार सहित रहते हैं। देर रात वह खेत में पानी लगाने गए थे। बताया जा रहा है कि रात आठ बजे के आसपास



मौके पर पहुंचे ग्रामीण आर पुलिस बल।

अचानक उन्हें पहले तेंदुआ की आवाज सुनाई दी। आवाज सुन खेत की मेढ़ पर बैठे किसान सुरेन्द्र सिंह जैसे ही खड़े हुए तो उन्हें तेंदुआ दिखाई दिया।

उन्होंने बताया कि तेंदुआ मेरी तरफआ रहा था। जिस कारण घबराकर मैं भागने लगा। तेंदुआ ने भी अपनी रफ्तार तेज कर दी। किसान ने तेंदुआ की ओर फावड़ा फेंक कर मारा और पेड़ पर चढ़ गया। इसके बाद तेंदुआ आगे के लिए निकल गया। तेंदुआ के जाने के एक घंटे बाद सुरेन्द्र सिंह किसी तरह अपने घर पहुंचे और परिजनों को आपबीती सुनाई। जंगल में तेंदुआ होने की खबर से गांव में दहशत फैल गई।

गांव भदौला में भी तेंदुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार सुबह जब लोग खेत में चारा लेने गए तो उन्हें तेंदुआ दिखाई दिया। इसके बाद से लोग दहशत में है। 17 जनवरी को दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर गांव कलछीना के पास तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर तेंदुआ की मौत हो गई थी। वन निरीक्षक लठुर सिंह ने बताया कि गांव में तेंदुआ दिखाई देने की सूचना मिली।

सूचना पर वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया। वन विभाग की टीम ने दोनों गांवों में सर्च अभियान चला रखा है।

# कबाड़ कारोबारी से पिस्टल के बल पर पांच लाख की लूट, आरोपी फरार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

साहिबाबाद इलाके में शनिवार देर रात बदमाशों ने कबाड़ कारोबारी से 5 लाख रुपए लूट लिए। बदमाशों ने ओवरटेक करके कार रुकवाई और गोली मारने की धमकी देकर रुपयों भरा बैग लूटकर फरार हो गए।

पीड़ित ने थाने में शिकायत की है। शालीमार गार्डन निवासी अनस मलिक स्क्रैप कारोबारी हैं। मुजफ्फरनगर और कोटद्वार में उनकी स्क्रैप फैक्ट्रियां हैं। अनस ने इसका ऑफिस शालीमार गार्डन में खोला हुआ है, जहां से इन दोनों फैक्ट्रियों का फाइनेंस कार्य संचालित होता है।

अनस मलिक के मुताबिक, शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे वो ममेरे भाई के साथ कार से घर जा रहे थे। घर से कुछ दूरी पहले ही एक कार में चार बदमाश आए और ओवरटेक करके उन्हें रोक लिया। गन पॉइंट पर आतंकित करते हुए बदमाशों ने कार की सीट पर रखा रुपयों से भरा बैग लूट लिया। अनस मलिक ने करीब पांच लाख होना बताए। बदमाशों ने पीछा करने पर गोली मारने की धमकी दी।

# पंचशील ग्रीन्स के निवासियों ने किया प्रदर्शन

● लोग बोले- सुविधा नहीं मिली तो सीएम योगी को फ्लैट कर देंगे दान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पंचशील ग्रीन्स 2 के निवासियों ने आज बिल्डर के खिलाफ जमकर हल्ली बोला। इस दौरान सैकड़ों निवासियों ने नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे निवासियों ने कहा कि उनकी मूलभूत सुविधाओं की मांग पूरी नहीं हुई तो वह अपना फ्लैट उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दान कर देंगे।

पिछले रविवार पंचशील ग्रीन्स 2 निवासियों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया था और बाद में बिल्डर के प्रतिनिधि को अपना मांग पत्र सौंपा था जो कहीं ना कहीं बिल्डर को नागवार गुजरा और रेजिडेंट की आवाज को दबाने के लिए उसी सोसाइटी



के निवासी एवं घर खरीददारों की संस्था नेफोवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपांकर कुमार को लीगल नोटिस थमा दिया था।

सोसाइटी के निवासियों ने बताया कि इसी को लेकर कल सोसाइटी के व्हाट्सएप ग्रुप पर जब मीटिंग के लिए सूचना जारी हुई तो बिल्डर के दबाव में देर रात चेरी काउंटी चौकी से निवासियों को धमकाने के लहजे मे यह फोन करके शहर में धारा 144 का हवाला देते हुए किसी तरह की आंतरिक मीटिंग भी सोसाइटी के अंदर नहीं करने का आदेश दिया।

## यशोदा बायोटेक पार्क के स्टॉल का केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने किया दौरा

**गाजियाबाद।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के प्रदर्शनी हॉल में यशोदा मेडिसिटी और यशोदा बायोटेक पार्क के स्टॉल का दौरा किया और निवेश की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह कदम केयर हेल्थकेयर फैसिलिटी और रोजगार के अवसरों के मामले में सीधे यूपी के लोगों के लिए वरदान साबित होगा। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट का यह भव्य कार्यक्रम लखनऊ में हो रहा है जिसमें देश और विदेश के नामचीन उद्यमी भाग ले रहे हैं।




यशोदा बायोटेक पार्क के स्टॉल पर पहुंचे हरदीप पुरी का स्वागत करते पदाधिकारी।

# मरीज बनकर आया, डॉक्टर पर बरसाई गोली

● मौत, साल 2020 में डॉक्टर ने भड़काऊ वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



मुरादनगर में शनिवार रात एक डॉक्टर की क्लीनिक में गोली बरसाकर हत्या कर दी गई। मरीज बनकर हमलावर पैदल आया था। डॉक्टर को देखकर उसने ताबड़तोड़ फायरिंग की।

गोली लगने से डॉक्टर खून से लथपथ होकर गिर गए। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग और परिजन दौड़कर पहुंचे। डॉक्टर को नजदीकी अस्पताल ले गए। वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुरादनगर की आर्यनगर कालोनी में डॉ शमशाद 40 साल का घर है। नीचे क्लीनिक, जबकि ऊपर परिवार रहता है।

शनिवार रात करीब 11 बजे वह क्लीनिक में बैठे थे। तभी अचानक हमलावर आया। डॉक्टर कुछ समझ पाते इससे पहले ही पिस्टल से फायरिंग की। दो गोली डॉक्टर को लगी। पुलिस ने बताया कि साल 2020 में डॉक्टर शमशाद ने भड़काऊ वीडियो सोशल मीडिया में वायरल की थी। इसे लेकर डॉक्टर पर मुरादनगर थाने में मुकदमा हुआ था। फिर वो जेल भी गया था। इस मामले में पुलिस चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसके अलावा, करीब 2 साल पहले ही डॉक्टर शमशाद के खिलाफ नकली दवाइयां बेचने का मुकदमा दर्ज हुआ था। हमलावर ने क्लीनिक से दूर गली के बाहर स्कूटी खड़ी की थी। वारदात के बाद वह दौड़ता हुआ वहां गया फिर स्कूटी से फरार हो गया। गोलियों की आवाज सुनकर अंदर से परिजन और आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे।

डॉक्टर खून से लहूलुहान होकर जमीन पर गिरे पड़े थे। तब तक हमलावर भाग चुका था। कुछ लोगों ने बताया कि हमलावर कैप लगाए हुआ था। हाथ में पिस्टल थी। जब तक लोग कुछ समझते वह स्कूटी से भाग गया। हालांकि, उसका चेहरा किसी ने साफ तौर पर नहीं देखा। सूचना पर मुरादनगर थाना प्रभारी सतीश कुमार पहुंचे। इसके बाद रवि कुमार भी आ गए। उन्होंने फोरेंसिक टीम, सर्विलांस, क्राइम ब्रांच टीम को भी मौके पर बुला लिया। घटना के हर पहलू पर जांच की जा रही है। जल्द इस वारदात का खुलासा किया जाएगा। जांच के लिए 5 टीमों का गठन किया गया है। कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

मृतक के परिजनों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। क्लीनिक में घुसकर हुई इस वारदात के बाद लोग भड़क गए। लोगों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस से नोकझोंक हुई। जिस गाड़ी में शव को लेकर जाया जा रहा था, उसे घेर लिया।

# गाजियाबाद में टीवी पत्रकार पर हमला, लूटपाट की कोशिश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में टीवी चैनल के पत्रकार शनिवार रात हमले का शिकार होने से बाल-बाल बचे। पता पूछने के बहाने बाइक सवारों ने विंडो खुलवानी चाही। विंडो नहीं खुलने पर कमर से लोहे की रॉड निकाल ली। हमला करने से पहले पत्रकार अपनी गाड़ी लेकर भाग निकले और जान बचाई। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि बाइक सवार बदमाश लूटपाट या हमले के इरादे से आए थे, जो नाकामयाब रहे।

आदर्श झा एक टीवी चैनल में बतौर एंकर कार्यरत हैं। उन्होंने ट्वीट करके बताया कि रात करीब 11 बजे इंदिरापुरम में शिप्रा नियो के पास कॉल अटेंड करने के लिए गाड़ी रोकी थी। तभी बाइक सवार दो युवक आए। पता पूछने के बहाने विंडो खटखटाई। शायद आदर्श झा उनके इरादे भांप गए और विंडो नहीं खोली। इतने में बाइक पर पीछे बैठे युवक ने कमर से लोहे की रॉड निकाल ली। गाड़ी स्टार्ट थी, इसलिए तुरंत आदर्श वहां से निकल गए और जान बचाई। हालांकि उन्होंने बाइक सवारों का फोटो अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया।

इसके बाद पत्रकार ने थाना इंदिरापुरम के एसएचओ को कॉल किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। फिर शिप्रा मॉल चौकी प्रभारी विमल कुमार मौके पर आए और पत्रकार से जानकारी ली।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मेयर चुनाव की चौथी कोशिश 16 फरवरी को

## उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार के प्रस्ताव को दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के महापौर, उपमहापौर, और स्थायी समिति के छह सदस्यों के पदों के लिए 16 फरवरी को चौथी बार चुनाव होंगे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इसके लिए दिल्ली सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे पहले मनोनीत पार्षदों (एल्डरमैन) को वोट देने के फैसले को लेकर हुए हंगामे के बाद 6 जनवरी, 24 जनवरी और 6 फरवरी को मेयर चुनाव नहीं हो सका था।

यह प्रस्ताव नगर निगम ने दिल्ली सरकार को भेजा था, जिसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वीकृत करते हुए उपराज्यपाल कार्यालय भेजा था। इस पर उपराज्यपाल ने अंतिम निर्णय लिया है। अभी तक उपराज्यपाल राज्य सरकार द्वारा सुझाएं गए प्रस्तावों को ही मानते रहे हैं।

पिछले तीन बार की तरह इस बार भी मेयर चुनाव कराने का प्रस्ताव आम आदमी पार्टी की सरकार ने भेजा था जिसे एलजी ने मान लिया था। किस्तों में सारी प्रक्रिया एक तरह से पूरी हो रही है। पार्षदों की शपथ से लेकर मेयर, उप मेयर और स्थायी समिति के छह सदस्यों के चुनाव का एक ही बैठक में कराना होता है।



### पीठासीन अधिकारी को हर संभव सहयोग देंगे : भाजपा

*प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि पिछली बैठक में पीठासीन अधिकारी द्वारा की गई घोषणा के अनुसार एल्डरमेन के लिए मतदान के अधिकार के साथ गुप्त मतदान के माध्यम से एक साथ तीनों चुनाव कराने में भाजपा पीठासीन अधिकारी को हर संभव सहयोग देगी। भाजपा आम आदमी पार्टी के नेताओं से भी अपील कि वे पीठासीन अधिकारी के निर्देशों का पालन करें और महापौर, उपामहापौर एवं स्थाई समिति के सदस्यों के एक साथ चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से कराने में सहयोग दें।*

### अब तक दिल्ली नगर निगम में क्या-क्या हुआ

चार दिसंबर, 2022 दिल्ली नगर निगम की 250 सीटों पर चुनाव हुआ था। 7 दिसंबर को परिणाम में आप को बहुमत मिला। जिसमें आप को 134, भाजपा को 104 और तीन निर्दलीयों के साथ कांग्रेस को नौ सीटों पर जीत मिली। छह जनवरी 2023 को निगम सदन की बैठक हुई जो कि पीठासीन अधिकारी की शपथ के बाद आप-भाजपा पार्षदों के हंगामे के चलते स्थगित हो गई। 24 जनवरी को फिर से बैठक हुई। इसमें पार्षदों का शपथग्रहण हुआ, लेकिन फिर हंगामे के चलते बैठक स्थगित हो गई। 26 जनवरी को आप ने महापौर चुनाव कराने को लेकर उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की। 30 जनवरी को महापौर चुनाव के लिए निगम ने 10 फरवरी का प्रस्ताव दिल्ली सरकार को भेजा। सरकार की ओर से 3, 4 और छह फरवरी का प्रस्ताव एलजी को भेजा गया। एक फरवरी को एलजी ने महापौर चुनाव के लिए छह फरवरी की तारीख निर्धारित की। तीन फरवरी सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका को आम आदमी पार्टी ने वापस लिया। छह फरवरी को महापौर चुनाव को लेकर तीसरी बैठक हुई, लेकिन मनोनित पार्षदों के वोट डालने के मुद्दे पर हंगामे के कारण बैठक को फिर स्थगित कर दिया गया। छह फरवरी को महापौर चुनाव कराने को लेकर आम आदमी पार्टी ने फिर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। 8 फरवरी को महापौर चुनाव को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उपराज्यपाल, दिल्ली सरकार, निगम और पीठासीन अधिकारी से जवाब मांगा।

# महरौली में तीसरे दिन भी डीडीए की कार्रवाई महिलाओं ने पुलिस पर फेंका मिर्च पाउडर

- घटना के बाद महिला प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण विरोधी अभियान महरौली में तीसरे दिन भी जारी रहा। वहीं इस अभियान का विरोध करते हुए कुछ महिला प्रदर्शनकारियों ने कुछ पुलिसकर्मियों पर कथित रूप से लाल मिर्च का पाउडर फेंका, जिसके बाद इन महिलाओं को रविवार को हिरासत में ले लिया गया।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि शुक्रवार को महरौली पुरातात्विक उद्यान इलाके में अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान करीब 1,200 वर्ग मीटर सरकारी जमीन वापस ली गई है।

डीडीए अधिकारी, पुलिस सुरक्षा के साथ शुक्रवार से अभियान चला रहे हैं। इस अभियान के विरोध में स्थानीय निवासियों ने प्रदर्शन किया। इसे लेकर आप और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

रविवार को महिलाओं के एक समूह ने ध्वस्तीकरण अभियान के खिलाफ प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन पर लाठीचार्ज किया। इन आरोपों से इनकार करते हुए एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कोई लाठीचार्ज नहीं किया गया और कोई घायल नहीं हुआ। वे (प्रदर्शनकारी) डीडीए कर्मियों और पुलिस के काम में बाधा डाल रहे थे।

उन्होंने कहा कि कुछ महिलाओं ने पुलिसकर्मियों पर लाल मिर्च का पाउडर फेंका और उनमें से कुछ को हिरासत में लिया गया है। उचित कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि डीडीए का अतिक्रमण रोधी अभियान रविवार को भी जारी रहा। यह अभियान नौ मार्च तक जारी रहेगा। यह प्रदर्शन ऐसे वक्त में हो रहा है जब एक महीने बाद दक्षिण दिल्ली के पुरातात्विक उद्यान में जी20 की एक बैठक होनी है।

डीडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अतीत में अदालत ने विभिन्न मामलों के सिलसिले में इस ऐतिहासिक उद्यान में अतिक्रमण का संज्ञान लिया है और पिछले कुछ दशकों में कई लोगों ने इस क्षेत्र में पांच-पांच, छह-छह मंजिलें मकान बना लिए हैं। पिछले दिसंबर में नोटिस जारी किया था और लोगों को अतिक्रमण हटाओ अभियान से वाकिफ करने के लिए दीवारों पर यह नोटिस चिपकाया गया था।

डीडीए ने महरौली पुरातात्विक उद्यान में लाडो सराय गांव की डीडीए जमीन पर से अतिक्रमण हटाने के लिए दिल्ली पुलिस की मदद से शुक्रवार को अभियान शुरू किया था।

प्राधिकरण ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इस उद्यान में 55 स्मारक हैं जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, दिल्ली के पुरातत्व विभाग और डीडीए के संरक्षण में हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) मार्च की शुरुआत में महरौली पुरातात्विक उद्यान में होने वाली जी20 बैठक के लिए पूरे जोरशोर से तैयारी कर रहा है।



अवैध निर्माण को गिराता बुलडोजर। फोटो: रंजन डिमरी

### एलजी और केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हस्तक्षेप करे : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आजादी का अमृत काल मना रहे है , तो गरीब लोगों को दिल्ली के विकास के साथ बेघर किया जा रहा है और डीडीए महरौली में झोपड़ियों और फ्लैटों को ढहा रहा है। कुमार ने कहा कि वैकल्पिक आवास प्रदान किए बिना जेजे क्लस्टर और फ्लैटों को ध्वस्त करना अमानवीय है। उन्होंने तोड़ फोड़ अभियान को रोकने के लिए उपराज्यपाल और केंद्रीय शहरी विकास मंत्री के तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

# यमुना नदी में गिरेगा सीवर का शोधित जल

- नजफगढ़ की 39 अनाधिकृत कॉलोनियों में बिछाएगी 34 किमी लंबी सीवर लाइन
- उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मुफ्त व्यक्तिगत हाउस सीवर कनेक्शन देने की योजना को दी मंजूर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार ने यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने की लगातार कोशिश कर रही है। लेकिन इसमें सबसे बड़ी बाधा घरों से निकलने वाला सीवर की गंदगी है।

राष्ट्रीय राजधानी में लाखों घरों का सीवर का पानी यमुना नदी में गिरता है, जिससे तमाम प्रयासों के बावजूद यमुना नदी मैली बनी रहती है। दिल्ली सरकार ने यमुना नदी को वर्ष 2025 साल तक साफ करने के लक्ष्य के मद्देनजर नजफगढ़ की 39 अनाधिकृत कॉलोनियों में 34 किमी लंबी सीवर लाइन बिछाएगी। इसका बड़ा लाभ यह होगा कि यमुना नदी में अवजल शोधन संयंत्र से शोधित किया हुआ साफ किया नदी में गिरेगा। इस परियोजना से करीब 55 हजार लोगों को सीवर की समस्या से भी राहत मिलेगी।



उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने नजफगढ़ तीन दर्जन से अधिक अनाधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइन बिछाने और घरों में मुफ्त व्यक्तिगत हाउस सीवर कनेक्शन देने की योजना को मंजूरी दी है। 41 करोड़ रूपये की लागत वाली इस परियोजना से करीब 55 हजार लोगों को फायदा होगा। उपमुख्यमंत्री ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को तय मानकों के मुताबिक परियोजना को समय सीमा के अंदर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए है। सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली सरकार विभिन्न इलाकों में सीवर लाइन बिछाने और यमुना की सफाई को लेकर चरणबद्ध तरीके से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यमुना नदी को वर्ष 2025 में प्रदूषण मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसी कड़ी में नजफगढ़ विधनसभा क्षेत्र की तीन दर्जन से अधिक अनाधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइन बिछाई जाएगी। यहां सीवेज को बिना ट्रीट किए ही नालों में बहाया जाता है।

### 1607 घरों से मुफ्त सीवर कनेक्शन जोड़े जाएंगे

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली को साफ सुथरा रखने और यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश से मुख्यमंत्री मुफ्त सीवर कनेक्शन योजना के अंतर्गत दिल्ली वालों को मुफ्त सीवर कनेक्शन सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे है। जहां पहले सीवर कनेक्शन लेना बहुत महंगा था। सीवर कनेक्शन लेने के लिए लोगों को विकास, कनेक्शन व रोड कटिंग शुल्क देना पड़ता था। अब मुख्यमंत्री ने इसे निशुल्क कर दिया है। इसका फायदा दिल्ली के लाखों उपभोक्ता उठा रहे हैं। नजफगढ़ में 1607 घरों को व्यक्तिगत हाउस सीवर कनेक्शन जोड़ा जाएगा।

# मयूर विहार मेट्रो स्टेशन पर व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

- मानसिक रूप से था अस्वस्थ, इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में चल रहा था इलाज



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मयूर विहार-। मेट्रो स्टेशन पर रविवार को मानसिक रूप से अस्वस्थ एक व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। मृतक की पहचान गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के एक पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक अजय लक्ष्मण पाखले प्लेटफॉर्म नंबर एक पर ट्रेन के आगे कूद गए। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने इस हादसे पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है।

वहीं, पुलिस ने कहा कि मयूर विहार-एक मेट्रो स्टेशन के स्टेशन नियंत्रक ने फोन पर बताया कि एक व्यक्ति प्लेटफॉर्म-नंबर एक पर चलती ट्रेन के आगे कूद गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मृतक के पिता और बहन को इसकी सूचना दी गई। जांच के दौरान पाया गया कि व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ था और उसका इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा था।

सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के दौरान यह पाया गया कि व्यक्ति मयूर विहार-एक स्टेशन पर ट्रेन के आगे दोपहर सवा एक बजे कूदा था। पुलिस ने कहा कि पाखले ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-कानपुर से एमटेक करने के बाद चार सालों तक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में सेवा दी थी। इसके बाद उन्होंने गेल में वरिष्ठ प्रबंधक के रूप में काम करना शुरू किया, लेकिन वर्ष 2022 में इस्तीफा दे दिया था।

### महरौली में मकान तोड़ने से पंचायत संघ नाराज

**नई दिल्ली।** महरौली में मकानों को तोड़नेकी कार्रवाई पर दिल्ली पंचायत संघ ने नाराजी व्यक्त की है। साथ ही सभी राजनीतिक पार्टियों से इस कार्यवाही पर पीड़ितों के साथ खड़े होने की अपील की है।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा है कि दिल्ली में जहां झुग्गी वहां मकान बन रहे हैं और वह भी मुफ्त में लेकिन इन लोगों ने मेहनत के पैसे से अपना आशियाना बनाया हैं। सह प्रमुख सुनील शर्मा ओर 360 गांव खाप के सुरेश शौकीन ने दिल्ली सरकार व प्रशासन से मांग की है कि कॉलोनियों को नियमित करें। वहीं संबंधित प्रशासन की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार



जापानी पार्क में रविवार को डेरा सच्चा सौदा का हुआ प्रवचन।

### दिल्ली में लाखों लोगों ने की नशे से तौबा

नई दिल्ली। रोहिणी के जापानी पार्क में रविवार को डेरा सच्चा सौदा के गुरमीत राम रहीम ने संगत को दिए प्रवचन में नशा छोड़ने की अपील की, उनके आग्रे से लाखों लोगों नशे से तौबा किया। यह प्रवचन और भंडारा शाह सतनाम सिंह महाराज के जन्ममाह में किया गया था। गुरमीत राम रहीम सिंह ने उत्तर प्रदेश के शाह सतनाम आश्रम बरनावा से भंडारे पर ऑनलाइन सत्संग किया। सत्संग कार्यक्रम में लान्च हुए गीत मेरे देश की जवानी पर बच्ची शगुन, अनिका, चंशिका, जैसमीन और शिवानी ने नृत्य किया। इस गीत में पूज्य गुरूजी ने युवाओं को नशों का त्याग करके देश समाज के लिए सही ढंग से जीने, काम करने का संदेश दिया है।

### 'डीयू के 16 कॉलेजों को केंद्र सरकार करे अधिग्रहित'

**नई दिल्ली।** फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर मांग की है कि दिल्ली सरकार के वित्त पोषित 16 कॉलेजों को केंद्र सरकार अधिग्रहित करें। इन कॉलेजों को 5 फीसदी अनुदान देता है। दिल्ली सरकार के अंतर्गत 28 कॉलेज आते हैं। सरकार के 12 कॉलेज शत प्रतिशत वित्त पोषित है। इसके अलावा 4 सांध्य कॉलेज भी हैं। प्रात: व सांध्य की एक ही प्रबंध समिति होती है। कुल मिलाकर 32 कॉलेज दिल्ली सरकार के अधिन हैं। इनमें दिल्ली सरकार की ही प्रबंध समिति बनती है। इन कॉलेजों में पिछले एक दशक से शिक्षकों व कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं हुई है। दिल्ली सरकार के हस्तक्षेप के कारण इन कॉलेजों में स्थाई नियुक्ति की प्रक्रिया भी नहीं हो पा रही है। डॉ. हंसराज केंद्रीय शिक्षा मंत्री को लिखे पत्र में बताया है कि दिल्ली सरकार इन 16 कॉलेजों में हर साल अपनी प्रबंध समिति बनाती है। यह प्रबंध समिति कॉलेजों की सुचारू रूप से चल रही गतिविधियों में मनमाना हस्तक्षेप करते हैं।

# कैटरर की हत्या के आरोप में दो लोग बिहार से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने रोहिणी के सेक्टर-12 में इस सप्ताह की शुरूआत में एक खानपान कर्मचारी की हत्या करने के आरोप में बिहार के समस्तीपुर जिले से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

घटना के बाद दोनों आरोपी, अमन (22) और अंशुल वर्मा (19) बिहार भाग गए थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने बृहस्पतिवार तड़के एक कार्यक्रम के दौरान विवाद होने पर संदीप ठाकुर नाम के व्यक्ति की हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि एक निजी पार्टी के दौरान, खानपान कर्मचारी ठाकुर आरोपियों के साथियों को खाने की प्लेट उपलब्ध नहीं करा पाया था, जिसके चलते उनके बीच विवाद हुआ था। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी की जांच की और आरोपियों की पहचान की। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की सीसीटीवी की जांच करने पर, आरोपी बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में सवार होते नजर आए। पुलिस उपायुक्त विचित्रवीर की देखरेख में एसीपी नरेंद्र सिंह और हेड कांस्टेबल सत्यव्रत की टीम ने समस्तीपुर के मोरवाह गांव में अमन के एक रिश्तेदार के घर से दोनों को गिरफ्तार किया है।

# अडाणी मुद्दा: भाजपा मुख्यालय पर आप का प्रदर्शन

- भाजपा मुख्यालय के बाहर गोपाल राय, सौरभ और दुर्गेश पाठक के नेतृत्व में जताया विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने हिंडनबर्ग शोध रिपोर्ट में अडाणी समूह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों की जांच की मांग को लेकर रविवार को यहां भाजपा मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

भाजपा मुख्यालय के बाहर गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक के नेतृत्व में भारी संख्या में आप कार्यकर्ता मौजूद थे। पार्टी के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने कहा कि विभिन्न दलों के सदस्यों वाली एक संयुक्त संसदीय समिति को मामले की जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा जांच से भाग रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ही एक मात्र नेता हैं जो किसी भी जांच से नहीं डरते। अमेरिका की वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले समूह पर फर्जी लेनदेन और शेयर की कीमतों में हेरफेर सहित कई गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद समूह के शेयर की कीमतों में गिरावट आई है। व्यावसायिक समूह ने आरोपों को झूठ बताया है। कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट एक घोटाला है जिसमें आम लोगों का पैसा शामिल है क्योंकि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उनमें (अडाणी समूह में) निवेश किया है।



# साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसेगी दिल्ली पुलिस

## कॉलर आईडी वेरिफिकेशन प्लेटफॉर्म ट्रूकॉलर के साथ जल्द करेगी एमओयू साइन : सुमन नलवा

- सरकारी अधिकारियों के नाम पर फोन कर लोगों को धोखा देने वालों के मोबाइल नंबर की पहचान करने में मदद मिलेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


दिल्ली पुलिस साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसेगी। जल्द ही कॉलर आईडी वेरिफिकेशन प्लेटफॉर्म के साथ एक एमओयू साइन करेगी।

ट्रूकॉलर पुलिस को साइबर धोखाधड़ी में शामिल अपराधियों के अलावा सरकारी अधिकारियों के नाम पर फोन कर लोगों को धोखा देने वालों के मोबाइल नंबर की पहचान करने में मदद करेगा। साथ ही लोगों को शिक्षित करने के लिए और साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने के मकसद से ट्रूकॉलर जल्द ही दिल्ली पुलिस के प्रतिनिधियों के आधिकारिक मोबाइल नंबर सरकारी सर्विस से जुड़े ऐपों पर डिस्प्ले भी करेगा। पुलिस उपायुक्त सुमन नलवा (जनसंपर्क अधिकारी) ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान ट्रूकॉलर ने बहुत सहायता की थी। दरअसल, उस वकत ऑक्सीजन सिलेंडर,अन्य जरूरी उपकरण, दवाएं और कोविड-19 के इलाज से जुड़े अन्य आवश्यक वस्तुएं बेचने की आड़ में किए गए बहुत सारे घोटाले और धोखाधड़ी की सूचना मिली थी।



पुलिस अधिकारियों ने उन जालसाजों के नंबर की पहचान की और ट्रूकॉलर को सतर्क किया, जिन्होंने उन असत्यापित नंबर को स्पैम के रूप में प्रदर्शित किया। नलवा ने कहा, अब वह उनके साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं जिससे वे दिल्ली पुलिस के सभी आधिकारिक नंबर को सत्यापित करेंगे क्योंकि बहुत बार फर्जीवाड़ा करने वाले खुद को पुलिस के अधिकारी के रूप में पेश करके जनता से उगाही करते हैं।

ये फर्जी अधिकारी अपने व्हाट्सएप प्रोफाइल पर वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीर प्रदर्शित करते हैं।



# 'मनोकामना से मोक्ष तक' मेघों का काजल भी, गजरे और मोगरे की बेबस खुशबू भी

**पुस्तक समीक्षा**




श्वेतवर्णा प्रकाशन से प्रकाशित कुमुद अनुजया की काव्य कृति मनोकामना से मोक्ष तक काव्य संग्रह को मनोयोग से पढ़ने के बाद यह पाया कि कवयित्री कुमुद अनुजया ने अपनी बात में कविताओं का सार संक्षेप ही कह दिया है। कवयित्री खुद कहती हैं कि मनोकामना से मोक्ष तक सिर्फ कविता संग्रह नहीं है, यह मेरे ग्यारह वर्षों की तपस्या है। कवयित्री ने बतौर अपनी पीड़ा ही इस संग्रह की कविताओं में अभिव्यक्त कर दिया है। अपने जीवन की तमाम पीड़ाओं को लिखकर मुक्त हो गई है कवयित्री। कविताओं को पांच खंडों में विभक्त किया है। सभी कविताएं जस की तस धरि दीनी चदरिया की भांति मिश्रित हुई है, जिसमें मेघों का काजल भी है, गजरे और मोगरे की बेबस खुशबू भी है। इन कविताओं में महादेवी वर्मा के गीतों की तड़प, आकुल निशब्द वेदना और एक ऐसी छटपटाहट है कि पाठकों को रुलाती भी है और धैर्य भी देती है। प्रस्तावना की कविताओं में अपने आप को समर्पित करने का भाव चित्रित है तो दूसरे खण्ड में सिर्फ अपरिमेय प्रेम। तीसरे खण्ड की कविताओं में जिसमें कुल 18 कविताएं हैं उसमें आकंठ तक डूबा हुआ अभिसार है। तीसरे खंड में 37 कविताएं हैं जिसमें विरह वेदना का सफल चित्रण हुआ है। पांचवें खंड की 16 कविताएं प्रेम के माध्यम से मोक्ष तक कैसे पहुंचा जा सकता है।

**समीक्ष्य कृति -मनोकामना से मोक्ष तक**
**कवयित्री -कुमुद अनुजया**
**प्रकाशक-श्वेतवर्णा ,नई दिल्ली**
**समीक्षक- कुमार संभव**
**अखिल भारतीय अंगिका महासभा, मिर्जापुर चंगेरी**
**बांका, बिहार - 813109**

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के दिल्ली-दौसा-लालसोत सेक्शन पर दौड़े वाहन

## प्रधानमंत्री के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में हरियाणा निभाएगा महत्ती भूमिका : मुख्यमंत्री खट्टर

## मनोहर लाल वीडियो कांफ्रेंस के जरिए हुए लोकार्पण समारोह में शामिल

## एक्सप्रेस-वे से एस्पिरेशनल जिला नूंह का होगा विकास : मनोहर लाल





पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/नूंह

**आजादी** के अमृत काल में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के पहले चरण में दिल्ली-दौसा-लालसोत सेक्शन के शुभारंभ से सड़कों के ढांचागत तंत्र के विकास में नया अध्याय जुड़ गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हरियाणा के गुरुग्राम, पलवल व नूंह जिला से होकर गुजरने वाले देश के सबसे लंबे एक्सप्रेस वे के पहले चरण में 12,150 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 246 किलोमीटर लंबे सेक्शन का लोकार्पण किया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल एक्सप्रेस वे पर प्रदेश की सीमा में स्थित हिलालपुर टोल प्लाजा से वीडियो कांफ्रेंस से दिल्ली-दौसा-लालसोत सेक्शन के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, नागर विमानन राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत) वीके सिंह और हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी इस दौरान उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इंफ्रास्ट्रक्चर के इतने बड़े प्रोजेक्ट का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा की ढाई करोड़ जनता की ओर से धन्यवाद किया। उन्होंने इस सौगात के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस वे एक बड़ी सौगात है।

**एक्सप्रेस-वे से एस्पिरेशनल जिला नूंह का होगा विकास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस एक्सप्रेस वे के पहले चरण का उद्घाटन जहां से हो रहा है, यह नूंह जिला हरियाणा का एस्पिरेशनल जिला है। इस एक्सप्रेस वे के नूंह से गुजरने से यहां उद्योग आएंगे जिससे इस क्षेत्र का विकास और यहां के लोगों को रोजगार के नाते से बहुत बड़ा लाभ होगा।

**भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में हरियाणा निभाएगा अहम भूमिका:** मनोहर लाल ने कहा कि देशभर में जिस प्रकार से सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, इन सब से देश में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, यह उल्लेखनीय है। इस प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर से हमारे देश की आर्थिक प्रगति होगी और निश्चित रूप से प्रधानमंत्रीजी का भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सपने को साकार करने में सभी राज्य योगदान देंगे, लेकिन हरियाणा पहले से ही इस दिशा में विशेष योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों से केंद्र सरकार ने जितने प्रोजेक्ट हरियाणा को दिए हैं, चाहे वह राजमार्गों के हों या रेलवे के, उन सब के माध्यम से हम हरियाणा की और अधिक प्रगति करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा एक लैंडलॉक्ड राज्य है और हमारा प्रदेश इस एक्सप्रेस वे के माध्यम से समुद्री पोर्ट से जुड़ेगा तो हम निश्चित रूप से राज्य के एक्सपोर्ट को भी बढ़ाएंगे। हरियाणा में बनने होने वाले उत्पादों को देश की बंदरगाहों तक लेकर जाना सुगम बनाएंगे।

**इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होने से विकास को मिलेगी गति :** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इस ऐतिहासिक दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे के पहले हिस्से का आज उद्घाटन होने से इस इलाके के लोगों को सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होने से विकास को गति मिलेगी और आने वाले वक्त में ई कामर्स व्यापार के बढ़ने से गुरुग्राम, नूंह और फरीदाबाद को काफी फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज दौसा से ही तीन अन्य सड़क परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी है। जिनमें अंबाला कोटपुतली कॉरिडोर से प्रदेश के कई जिलों की कनेक्टिविटी बढ़ेगी। सरकार का लक्ष्य आईजीआई एयरपोर्ट से जेवर एयरपोर्ट को जोड़ने का है।

**देश में होगा दुनिया का सबसे बेहतरीन रोड नेटवर्क:** केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि दिल्ली-बडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस वे के इस पहले सेक्शन के खुलने से नूंह जिला में विकास की नई बयार बहने जा रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राजमार्गों के विस्तार से हरियाणा के विकास गाथा को गति मिल रही है। जिसका लाभ हमारी आने वाली पीढ़ी मिलेगा। वहीं विकास में अब तक पीछे रहे इस क्षेत्र को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे व डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर बनाए जाने से इस इलाके को मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब और नए उद्योग विकसित करने में भी मदद मिलेगी। राव ने कहा कि मेरा मानना है कि आने वाले समय में देश में दुनिया का सबसे बेहतरीन रोड नेटवर्क होगा जो न केवल देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा बल्कि दुनिया के अन्य देशों के लिए भी एक बेहतर उदाहरण स्थापित करेगा।

**साइबर सिटी में एनएच 48 पर कम होगा यातायात का दबाव :** उद्घाटन से पहले केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम जिला के सोहना के समीप दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर आटोमेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत बनाए गए ट्रैफिक मैनेजमेंट सेंटर स्थित कंट्रोल रूम का अवलोकन किया। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर यातायात के नियमों की पालना सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से यातायात का सुचारू प्रबंधन किया जाएगा। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे के पहले चरण में दिल्ली-दौसा-लालसोत सेक्शन चालू होने से दिल्ली से जयपुर के लिए पुराने एनएच 48 का वाहन चालकों को हाई स्पीड विकल्प मिलेगा। जिससे साइबर सिटी से गुजरने वाले एनएच 48 पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

**वर्ष 2024 में चालू हो जाएंगे एक्सप्रेस वे के सभी सेक्शन :** भारत माला परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से वडोदरा होते मुंबई तक 1386 किलोमीटर लंबाई वाले एक्सप्रेस वे के तैयार होने से दिल्ली और मुम्बई के बीच सफर का समय 24 घंटे से घटकर 12 घंटे रह जाएगा। साथ ही यात्रा दूरी में 12 प्रतिशत की कमी आएगी और सड़क की लंबाई 1,424 किलोमीटर से कम होकर 1,242 किलोमीटर रह जाएगी। दुनिया में सबसे तेजी से बन रहे इस एक्सप्रेस वे के सभी सेक्शन वर्ष 2024 में चालू हो जाएंगे। जल संरक्षण को प्रोत्साहन देने के लिए एक्सप्रेस वे पर 500 मीटर की दूरी पर 2000 से अधिक वाटर रिचार्ज प्वाइंट्स भी बनाए गए है। एक्सप्रेस वे के निर्माण के के दौरान 10 हजार वृक्षों को बचाया गया और दोनों ओर से 20 लाख से अधिक पौधारोपण भी किया गया है।

**गुरुग्राम से बढ़ेगी देश के प्रमुख शहरों की कनेक्टिविटी :** यह एक्सप्रेस-वे हरियाणा सहित दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगा तथा कोटा, इंदौर, जयपुर, भोपाल, वडोदरा और सूरत जैसे मुख्य शहरों को जोड़ेगा। एक्सप्रेस-वे 93 पीएम गति शक्ति आर्थिक संकुलों, 13 बंदरगाहों, आठ प्रमुख हवाई अड्डों और आठ बहुविध लॉजिस्टिक्स पार्कों को भी सुविधा प्रदान करेगा। इसके अलावा जेवर एयरपोर्ट, नवी मुंबई एयरपोर्ट और जेएनपीटी पोर्ट जैसी निर्मित होने वाली ग्रीनफील्ड अधोसंरचनाओं को भी फायदा पहुंचेगा। इस एक्सप्रेस-वे से आसपास के सभी क्षेत्रों की विकास-दिशा पर निर्णायक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस अवसर पर सोहना के विधायक संजय सिंह, हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन, नसीम अहमद, गौसेवा आयोग के चेयरमैन भानी राम मंगला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वहीं जिला प्रशासन की ओर से पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन, डीसी निशांत कुमार यादव, नूंह के डीसी अजय कुमार, नूंह के एसपी वरुण सिंगला सहित एनएचएआई के पदाधिकारी व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## नूह से फिरोजपुर झिरका बॉर्डर तक कराएं फोरलेन : राव इंद्रजीत



प्लाजा पर टहलते मुंबई एक्सप्रेस वे पर बने हिलालपुर टोल पर केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत, केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल और अन्य लोग।

**सोहना।** केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने नूंह से फिरोजपुर झिरका बॉर्डर तक सड़क को चार लेन करने की मांग मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के सामने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे के शुभारंभ के अवसर पर रखी। राव ने मेवात के लोगों की इस मांग को अवगत करवाते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से मेवात के लोग इस मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोहना तक तो नेशनल हाईवे की ओर से चार लाइन का मार्ग बना दिया गया। सोहना से नूंह तक चार लेन बना दिया गया, लेकिन नूंह से फिरोजपुर झिरका राजस्थान बॉर्डर तक आज दो लेन ही है। नूंह से फिरोजपुर झिरका तक दो लेन होने के कारण अकसर इस सड़क मार्ग पर सड़क दुर्घटना होती रहती हैं और जान माल की हानि भी होती है। राव ने कहा कि मेवात के लोग इस मांग को लेकर काफी समय से संघर्ष कर रहे हैं और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत ने इसे बनाने की घोषणा भी की थी। लेकिन अभी तक इस पर काम शुरू नहीं हो पाया है। राव ने कहा कि इस सड़क मार्ग के चार लाइन बनने से यहां के लोगों का सफर अलवर जाने के लिए और आसान हो सकेगा। राव ने कहा कि केंद्र सरकार ने नूह मेवात जिले को पहले ही स्पेशल डिस्ट्रिक्ट के तौर पर पिछड़े जिलों की सूची में शामिल किया हुआ है। राव ने कहा कि दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे व डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर इस क्षेत्र के किसानों व व्यवसायियों की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा। राव इंदरजीत की मांग पर उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि नूंह से फिरोजपुर झिरका चार लेन की सड़क का निर्माण केंद्र सरकार की ओर से बजट राशि आने के बाद शुरू कर दिया जाएगा।

# अनूठी शाम जी-20 आर्ट कनेक्ट आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





**बेंगलुरु** के इंटरनेशनल आर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन ने अमृत कला महोत्सव के तहत अनूठी जी-20 आर्ट कनेक्ट नृत्य संध्या का आयोजन किया। रविवार शाम नई दिल्ली स्थित त्रिवेणी कला संगम में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से महिला नृत्यांगनाओं के साथ यह अनूठी प्रस्तुति की गई। इसमें कला के माध्यम से जी20 देशों के बीच के जुड़ाव को प्रदर्शित किया गया। यह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भी प्रमाण है, जो दुनियाभर के कलाकारों को आकर्षित करती है।

भारत इस समय जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। यह क्षण इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि 75वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद अब भारत ने अमृतकाल में प्रवेश कर लिया है। इस नृत्य संध्या में जी-20 देशों के कलाकारों ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी। इसमें सभी प्रस्तुतियां महिला कलाकारों ने दीं। इस प्रस्तुति को श्रीवत्स शांडिल्य ने क्यूरेट किया था। नृत्य करने वालों में कनाडा की मैरी एलनगोवन (भरतनाट्यम), जापान की चिगुसु कामामासु (ओडिसी), फ्रांस की पेरिन लेगुलोन (सत्रिया), रूस की एलीना सिगोनोवा (कथक) के नाम उल्लेखनीय हैं। इनके साथ ही भारत की पार्वती नैयर, पुण्या नैयर, गायत्री नांबिसन, रितिका अनीश (कथकली) ने भी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के विषय में बात करते हुए श्रीवत्स शांडिल्य ने कहा, जी20 की अध्यक्षता हमारे देश के लिए गौरवपूर्ण है, ऐसे में इस कर्टन रेजर कार्यक्रम का आयोजन करना अपने आप में सुखद और शानदार अनुभव है। जी-20 देशों के कलाकारों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत करते देखना देखते ही बनता था। अपनी कला-संस्कृति का विदेशी कलाकारों द्वारा गुंजायमान करना भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रमाणित करता है। इंटरनेशनल आर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन एक गैर लाभकारी संगठन है, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयासरत है। संगठन ने दुनिया के पहले ट्रांसजेंडर आर्ट्स फेस्टिवल का भी आयोजन किया था। इसके अतिरिक्त कई कला आयोजनों के माध्यम से भारतीय कला को नई ऊंचाई देने में भूमिका निभाई है।

# टैक्सी चालक विदेशी महिला के बैग को लेकर हुआ मौके से फरार

**सोहना।** सिंगापुर निवासी महिला ने टैक्सी चालक के खिलाफ भांडसी थाना में बैग लेकर भाग जाने का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता महिला ने बैग में कीमती सामान और बेटी का आईपेड होने का दावा किया है। सिंगापुर निवासी निधि सोदानी ने भांडसी पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह टोल प्लाजा के साथ बना कंट्री इंन होटल में शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपनी माता भावना नरुला और दो बेटियां के साथ आई थी। उसने गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित लेमन ट्री होटल से एक टैक्सी ली थी। जिसके चालक का नाम अकरम खान था। उसने अपना बैग टैक्सी में चालक अकरम खान की सीट के पीछे रखा था। जब वे लोग कंट्री इंन होटल पर उतरे तो उनका बैग टैक्सी में छूट गया। जिसे टैक्सी चालक लेकर चला गया। जिसमें उसकी बेटी का आईपेड, उसकी मेकअप का सामान तथा जरुरी कागजात रखे हुए थे।

# दबंगों ने परिवार के छह सदस्यों को हमला कर किया घायल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के वार्ड-8 की दुर्गा कॉलोनी में दबंगों ने घर में घुसकर परिवार के मुखिया समेत पांच लोगों पर लात-घूसे, लाठी-डंडा, थप्पड़-मुक्का और चाकू से हमला करके गंभीर रुप से घायल कर दिया। घायलों में पीड़ित की पत्नी, सास, साला और पुत्रवधु शामिल हैं।

सभी घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया। वार्ड-8 की दुर्गा कॉलोनी में रहने वाले कासिम ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की रात करीब 10 बजे उसके घर में वार्ड.12 नटकॉलोनी निवासी जाकिर व उसकी पत्नी गुलशनए दो पुत्र सोहेल व कबीर, दो पुत्री रुकसाना व साबू अपने हाथों में लाठी-डंडा व चाकू लेकर आए। जिन्होंने घर में घुसने के साथ ही परिवार वालों पर पहले लात घूसे और थप्पड़-मुक्को से हमला कर दिया। उसके बाद जैसे ही बचाव में वह आगे आया। आरोपियों ने उसके ऊपर भी लाठी व डंडों से हमला शुरु कर दिया।

### पुलिस के सामने भी मारी ईट

**पीड़ित** कासिम ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की रात को और शनिवार की सुबह 10 बजे आरोपियां ने पुलिस की मौजूदगी में उन्हे गालियां देते हुए जाकिर की पत्नी गुलशन ने उसकी सास रहमानी को ईंट फेंक कर मारी। जिससे उसकी सास रहमानी को गंभीर चोट आई। पीड़ित ने बताया कि वैसे तो इस झगड़े में उसकी सास समेत उसे उसकी पत्नी प्रवीन, साला इंदर और पुत्र वधु कैची को चोटें आई।

### तीन महिलाओं समेत छह पर केस दर्ज

**शहर** थाना पुलिस ने कासिम की शिकायत पर वार्ड-12 की नट कॉलोनी निवासी जाकिर, प्रवीन, सोहेल, कबीर, रुकसाना व साबू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन पुलिस ने अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है।

# केंद्रीय मंत्री गडकरी व सीएम खट्टर ने किया 13 किमी हाईवे का सफर

**सोहना।** प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी दिल्ली-बडोदरा एक्सप्रेस वे पर अलीपुर में बना कंट्रोल रुम का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रदेश उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और वीके सिंह तथा हल्का सांसद राव इन्द्रजीत सिंह भी मौजूद थे। औचक निरीक्षण के बाद सभी ने एक साथ ही गाड़ी में बैठकर एक्सप्रेस वे पर 13 किलोमीटर सफर किया।

**रविवार को देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली-बडोदरा :** राष्ट्रीय मार्ग एक्सप्रेस वे का राजस्थान के दोसा से 230 किलोमीटर का उद्घाटन किया। इससे पहले केन्द्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गड़करी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लालए केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, राव इन्द्रजीत सिंह, प्रदेश उपमंख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग के साथ बने मुंबई टर्मिनल पर बना कंट्रोल रुम का औचक निरीक्षण किया।



यहां से हरियाणा प्रदेश की सीमा पर बसा आखिरी गांव कौल तक करीब 78 किलोमीटर की दूरी तक सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी। जिसमें 78 ही सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल कंट्रोल रुम पर सबसे पहले पहुंचे। उसके करीब 10 मिनट के बाद केन्द्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गड़करी के साथ वीके सिंह, गजेन्द्र सिंह शेखावत, राव इन्द्रजीत सिंह और करीब 30 घंटा के बाद प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पहुंचे। करीब 40 मिनट के बाद सभी एक साथ जिला नूंह के गांव हिलालपुर में बना मुंबई का पहला टोल प्लाजा पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के बाद केन्द्रीय परिहवन मंत्री नितिन गड़करी हेलीकॉफ्टर से राजस्थान के दोसा चले गए।

# गुरूजी के आह्वान पर दिल्ली में लाखों लोगों ने की नशे को तौबा

## रोहिणी के जापानी पार्क में हुआ ऑनलाइन सत्संग, भंडारा

## कहा, डेरा सच्चा सौदा से जुड़े हर बड़े, बच्चे, बुजुर्ग की आत्मिक खुराक है सत्संग







पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**डेरा** सच्चा सौदा से जुड़े हर बड़े, बच्चे, बुजुर्ग की आत्मिक खुराक है सत्संग। पूज्य गुरूजी के अनमोल वचनों का श्रवण करने के लिए संगत दिन-रात इंतजार में रहती है। यूं तो गुरूजी ऑनलाइन संगत से रूबरू होकर अपने अनमोल वचनों से संगत को निहाल करते हैं। रविवार को दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र स्थित जापानी पार्क में डेरा सच्चा सौदा के दूसरी पातशाही परमपिता शाह सतनाम सिंहजी महाराज के पावन महा रहमोकर्म माह के एमएसजी भंडारे में ऑनलाइन सत्संग से पूज्य गुरूजी ने संगत को अपने प्रवचनों की खुराक दी।

जापानी पार्क में आज तक शायद ही कभी इतनी भीड़ हुई हो, जितनी रविवार को परमपिता शाह सतनाम सिंह जी महाराज के जन्ममाह के उपलक्ष्य में आयोजित भंडारे में हुई। यहां संगत इतनी अधिक पहुंची कि संगत के लिए कई एकड़ में लगाया गया पंडाल भी छोटा पड़ गया। सत्संग-भंडारे में संगत को लंगर में मटर-पनीर की सब्जी-रोटी के साथ बर्फी का प्रसाद भी वितरित किया गया। जापानी पार्क में दिल्ली की संगत की ओर से भंडारे की बेहतरीन व्यवस्थाएं की गई थी। कई एकड़ में पंडाल लगाने के साथ पंडाल के बाहरी व भीतरी क्षेत्र में भव्य सजावट भी की गई थी। गुरूजी ने दिल्ली में सत्संग-भंडारे की व्यवस्थाओं की खूब सराहना की। दिल्ली के 45 मेंबर नरेंद्र जांगड़ा, रोहताश इंसा, संजय इंसा, संजय शर्मा, अशोक मान, बलदेव राज शर्मा, हवा सिंह, नरेश खत्री, सुरेश वर्मा, 15 मेंबर पीसी पुंज, रामबीर इंसा समेत अनेक सेवादारों ने भंडारे की बेहतरीन व्यवस्थाएं करके गुरूजी और संगत का दिल जीता। लाखों की संख्या में पहुंची संगत से पंडाल खचाखच भरा रहा।

**गुरूजी ने नशों से दूर रहने की दिलाई शपथ :** इस कार्यक्रम में गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने उत्तर प्रदेश के शाह सतनामजी आश्रम बरनावा से पावन भंडारे पर वर्चुअली रूहानी सत्संग फरमाया। इस दौरान गुरुजी ने डेरा सच्चा सौदा द्वारा चलाई जा रही नशा मुक्त देश अभियान के तहत लोगों को नशा व सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने की शपथ दिलाई। वहीं सत्संग कार्यक्रम के दौरान गुरुजी के एक मात्र आह्वान पर ना केवल लोगों ने नशा बेचने से तौबा की, बल्कि कार्यक्रम में पहुंचे अनेक गणमान्य जनों ने भी पूज्य गुरु जी की नशा मुक्त देश मुहिम में पूरा सहयोग देने का विश्वास दिलाया। इससे पूर्व 11 बजे धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का इलाही नारा लगाकर पावन भंडारा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिसके पश्चात कविराजों ने अनेक सुंदर भजन वाणी के माध्यम से साध-संगत को झूमने पर मजबूर कर दिया। सत्संग पंडाल में बड़ी-बड़ी एलईडी स्क्रीनें लगाई गई। जिन पर पूज्य गुरु के रूहानी वचनों को सुनकर साध-संगत निहाल हुई। गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंहजी इन्सां ने रूहानी सत्संग को संबोधित करते हुए फरमाया कि संत सच्चा कौन सा होता है? संतों का काम क्या होता है? संत किसलिए दुनिया में आते हैं? संतों का मकसद क्या होता है। इस समाज में आने का, इस धरती पर आने का? संत-जिसके सच का कोई अन्त ना हो, सन्त-जो सच से जुड़ा हो, संत, जो सदा सबके भले की चर्चा करे, सन्त-जो सबकुछ त्याग कर सिर्फ और सिर्फ ओउम, हरि, अल्लाह, वाहेगुरु, राम की औलाद का भला करे, सन्त-जो सच्ची बात कहे, चाहे कड़वी लगे या मीठी लगे, सन्त-जो सच से जोड़ दे और सच क्या है, ये भी सन्त बताए, कि भाई ओउम, हरि, अल्लाह, वाहेगुरु, राम, गॉड, खुदा, रब्ब सच था और सच ही रहेगा। उसको छोड़कर चन्द्रमा, सूरज, नक्षत्र, ग्रह, पृथ्वी जितना भी कुछ नजर आता है, जो कुछ भी आप देखते हैं सबने बदल जाना है और जो बदल जाता है, उसे सच नहीं कहा जा सकता। सच तो वो ही है जिसे एक बार सच कह दो तो हमेशा सच ही रहता है। तो सन्तों का काम सच से जोड़ना होता है। सन्त हमेशा सबका भला मांगते हैं। सन्त ना छोड़े संतमयी, चाहे लाखों मिलें असन्त, सन्तों का काम सन्तमत पर चलना होता है, सबको बताना कि ओउम, हरि, अल्लाह, वाहेगुरु, राम, वो ओउम वो दाता आपके अन्दर है, उसको देखना चाहते हो तो आप भला करो, मालिक के नाम का जाप करो तो आपके अन्दर से ही वो नजर आ जाएगा।

**नशों का संहार करते पूज्य गुरूजी की कलाकृति रही खास :** नशे छुड़ाने के लिए डेप्थ मुहिम को भी यहां पर आगे बढ़ाया गया। यहां पंडाल के मुख्य द्वार पर नशासुर को तीर मारकर संहार करते हुए पूज्य गुरूजी संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा की छवि बनाई गई थी। विशाल कपड़े के पर्दे पर यह कलाकृति उकेरी गई थी। नशासुर की 10 सिरों वाली विशालकाय छवि बनाकर उन पर अफीम, गांजा, तम्बाकू, भांग, गुटखा, धतूरा, स्मैक, चिट्टा, कोकीन नाम लिखे गए थे। वहीं एक हाथ में हुक्का, एक हाथ में सिगरेट, पेट पर शराब के अलावा चिलम, बीड़ी आदि लिखा गया था। नशासुर को तीर-कमान लेकर पूज्य गुरूजी निशाना साधे हुए दिखाए गए। स्लोगन भी लिखा था-छुड़वाए एमएसजी नशा, जपा राम नाम, ड्रग ना लेना रे नशा ना लेना...। डेरा श्रद्धालुओं द्वारा बनाई गई यह विशालकाय पर्दे की कलाकृति अपने आप में बहुत कुछ बयां कर रही थी। पूज्य गुरूजी समाज में जिस तरह से नशे छुड़ाने का काम कर रहे हैं, वह सभी विषयवार इस कलाकृति में दिखाए और समझाए गए। खास बात यह रही कि यहां आने वाले श्रद्धालु इस कलाकृति की तस्वीर लेकर हाथों हाथ सोशल मीडिया पर, अपने मोबाइल में वाट्सअप के स्टेटस पर और अपने जानने वालों को शेयर कर रहे थे। भंडारे में शाह सतनाम जी ग्रीन एस. वेलफेयर फोर्स विंग के फूड बैंक की ओर से 63 परिवारों को राशन किट भी वितरित की गई।

**बैंड-बाजों की धुन पर नाचते-गाते सत्संग में पहुंचीं संगत :** दिल्ली में भंडारे की खुशी का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जापानी पार्क में पहुंचने वाली संगत बैंड-बाजे, ढोल, चिमटा, नगाड़े की थाप पर नाच-गाकर खुशियां मना रही थी। क्या बच्चे, क्या बुजुर्ग, क्या नौजवान, सभी खुशी से सराबोर थे। एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियां मना रहे थे। कई महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर भी भंडारे में पहुंची। गुरूजी ने भी बरनावा आश्रम से ऑनलाइन देखकर मंगल कलश की भी सराहना की।

**मेरे देश की जवानी गीत पर बच्चियों ने किया नृत्य :** सत्संग कार्यक्रम में गुरूजी के हाल ही में लान्च हुए गीत मेरे देश की जवानी पर बच्ची शगुन, अनिका, चंशिका, जैसमीन और शिवानी ने नृत्य किया। इस गीत में गुरूजी ने युवाओं को नशों का त्याग करके देश समाज के लिए सही ढंग से जीने, काम करने का संदेश दिया है। इस गीत के फॉलोवर एक करोड़ से भी पार हो चुके हैं।

**सीआरपीएफ के जवान दिलबाग का गुरूजी को सेल्यूट :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवाब दिलबाग सिंह पर भी गुरूजी की नजर पड़ी। गुरूजी ने पुलिस, सेना के साहस की सराहना करते हुए कहा कि आप सबके साहस से ही समाज, देश सुरक्षित है। ऐसे ही देश और समाज की सेवा करते रहना।

**प्रभावी होते हैं गुरूजी के वचनः :** सत्संग कार्यक्रम में आए बिजनेसमैन सुरेंद्र ने कहा कि पूज्य गुरूजी को सुनने से अनेक खुशियां मिलती हैं। उनके प्रवचन प्रभावी होते हैं। समाज को संदेश देने वाले प्रवचनों से वे समाज को सुधारने का काम कर रहे हैं। गुरूजी की इस मुहिम में हर किसी को शामिल होना चाहिए, ताकि समाज से नशा व अन्य बुराइयों को खत्म किया जा सके।

**गुरूजी की शिक्षाएं महत्वपूर्णः** बिजनेसमैन जय भगवान गर्ग ने एकाग्रचित होकर सत्संग कार्यक्रम सुनने के बाद कहा कि गुरूजी अच्छी शिक्षा देते हैं। काफी साल से वे गुरूजी का सत्संग सुनते आ रहे हैं। उनके हर शब्द में एक गहरा अर्थ और ज्ञान होता है। इसी ज्ञान को हमें अपने जीवन में शामिल करके समाज के लिए कुछ करना चाहिए।

**समाज में बदलाव कर रहे हैं गुरूजी:** सत्संग में पहुंचे अखिल भारतीय अग्रवाल महासम्मेलन के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अशोक कंसल ने कहा कि पूज्य गुरू जी समाज में बदलाव करते हैं। गुरूजी के वचनों से समाज काफी बदला है और भी बदलना चाहिए।

# विभिन्न राज्यों के चित्रकारों ने कैनवास पर उकेरे रंग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## डिजाइन गैलरी में तीन दिवसीय चित्रकला कार्यशाला संपन्न

## पर्यटकों को मिला हरियाणा की कला, संस्कृति, परंपरा, खान-पान व रहन-सहन से रूबरू होने का मौका

## हरियाणा पर्यटन विभाग के एमडी नीरज कुमार ने 33 चित्रकारों को किया पुरस्कृत


**36वें** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले डिजाइन गैलरी में रविवार को कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की ओर से आयोजित तीन दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आज समापन हुआ। इसमें हरियाणा आधारित थीम पर चित्र बनाए गए थे। हरियाणा पर्यटन विभाग के एमडी नीरज कुमार ने विभिन्न राज्यों से आए 33 चित्रकारों को पुरस्कृत किया।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ हरियाणा के प्रधान सचिव तथा सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक अनुराग अग्रवाल ने 10 फरवरी को किया था। चित्रकला प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान हरियाणा पर्यटन विभाग के एमडी नीरज कुमार ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में की गई पेंटिंग को हरियाणा के कला एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा विभिन्न मौकों पर प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में इस चित्रकला प्रतियोगिता कराने का मकसद यही है कि देशी-विदेशी पर्यटक हमारे हरियाणा की कला, संस्कृति, परंपरा, खानपान तथा रहन-सहन से रूबरू हों। सभी चित्रकारों ने कैनवास पर गजब की चित्रकारी की है। विभाग की कला अधिकारी रेणु हुड्डा ने बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर हरियाणा की समृद्ध संस्कृति एवं परंपरा से संबंधित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाती है। कला अधिकारी डॉ दीपिका ने बताया कि विभाग द्वारा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले चित्रकारों को पेंटिंग का सामान व मानदेय राशि तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाता है।


चित्रकला प्रतियोगिता में चित्र बनाते कलाकार।

# कुर्सियां खाली रहीं फिर भी चौपाल के रास्ते रहे दर्शकों के लिए बंद


सूरजकुंड रास्ते पर ऐसे लगा लम्बा जाम।


सूरजकुंड मेले में खाली पड़ी बड़ी चौपाल

**कविता।** फरीदाबाद

## क्या अब बड़ी चौपाल जनता के लिए कम और वीआईपी के लिए ज्यादा है?

**सूरजकुंड** हस्तशिल्प मेले में शनिवार को पौने दो लाख और रविवार को सवा दो लाख से अधिक दर्शक पहुंचे। रविवार को भीड़ इतनी ज्यादा थी कि मेले में चलना भी मुश्किल हो गया। भीड़ बढ़ने पर एंट्री गेटों को बंद करना पड़ा। पार्किंग पूरी तरह से भर गई। सूरजकुंड रोड पर भी लम्बा जाम देखने को मिला। लेकिन पर्यटकों को परेशानी उस वक्त हुई, जब उन्हें बड़ी चौपाल के तीन तरफ से बंद होने से जाने का मौका नहीं मिला। जिस कारण बड़ी चौपाल कुर्सियां खाली नजर आई। जिससे छोटी चौपाल दर्शकों से खचा-खच भरी थी।

**जाम रही सड़कें :** सूरजकुंड मेले की ओर जाने वाली सड़के दोपहर 12 बजे के बाद जाम नजर आई। जाम से आधे घंटे का सफर दो घंटे में तब्दील हो गया। जाम के कारण मेले में रोडवेज की बसे एक घंटे देरी से पहुंच रही थी।

**भरकर चली बसें :** बल्लभगढ़ बस स्टैंड से एनआईटी, तुगलकाबाद, बदरपुर बार्डर और बड़खल होकर जाने वाली बसे बल्लभगढ़ से ही भरकर चल रही थी। बसों में इस कद्र भीड़ थी कि लोग पायदान पर लटक कर सफर करते नजर आए। एनआईटी, बीके, अनखीर चौक, ग्रीन फिल्ड, तुगलकाबाद, बदरपुर बॉर्डर और बड़खल की सवारियों को बस में जगह न मिलने पर ऑटो पर सवार होना पड़ा।

**मेले में मिली मायूसी :** जहां एक तरफ जाम और बस में स्थान न मिलने पर लोग ऑटो व अन्य वाहनों से मेले में पहुंचे। वहीं उन्हें मेला परिसर में पहुंचने के बाद कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। पार्किंग में वाहनों को खड़ा करने के लिए यहां से वहां चक्कर काटने पड़े। भीड़ बढ़ने पर पुलिस ने कई गेटों को बंद कर दिया। जिससे उन्हें 15 से आधे घंटे तक खड़ा रहना पड़ा। जैसे-तैसे अंदर पहुंचे तो लोगों को पहली बार बड़ी चौपाल पूरी तरह से बंद मिली। ऐसे में लोग छोटी चौपाल पर पहुंचे तो वहां सीटें भरी होने से उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा।

**नहीं पता रास्ता:** मेले में पहुंची ज्योति, भावना, रेखा, राकेश, डॉली, बुजुर्ग सीमा ने बताया कि वह मेले में सांस्कृति की झलक देखने आए थे। लेकिन चौपाल पर पहुंचने का रास्ता खोजते में परेशान हो गए है। चौपाल के रास्तों के दिशा सूचक तक नहीं हैं। क्या अब यह चौपाल केवल वीआईपी के लिए हो गई है।

# छात्र हत्याकांड में तीन और आरोपी काबू, पूछताछ के बाद करेंगे गिरफ्तार

## मुख्य आरोपी सचिन को अदालत में पेश कर करके पुलिस रिमांड पर लिया

## सभी आरोपियों की उम्र 19 से 20 वर्ष है और मुख्य आरोपी सचिन के दोस्त हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने भनकपूर वासी छात्र हत्याकांड मामले में मुख्य आरोपी सचिन के तीन अन्य साथियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। मामले में फरार चल रहे पांचवें आरोपी यह भी तलाश की जा रही है। जिसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू किए गए आरोपियों में उमेश, शिवा तथा रवि का नाम शामिल है। आरोपी शिवा तथा उमेश प्याला तथा रवि सागरपुर का रहने वाला है। सभी आरोपियों की उम्र 19-20 वर्ष है। आरोपी शिवा भारत गैस एजेंसी में काम करता है वहीं उमेश मजदूरी तथा रवि खेती बाड़ी का काम करता है। तीनों आरोपी मुख्य आरोपी सचिन के दोस्त हैं। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और पूछताछ के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने कल मुख्य आरोपी सचिन को गिरफ्तार किया था। जिसे आज अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया है। 7 फरवरी को आरोपी सचिन ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर विपिन की हत्या कर दी थी। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर सेक्टर 58 थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने मामले में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए और आरोपियों की धरपकड़ के लिए क्राइम ब्रांच की 9 टीमें लगाई गई थी। जो डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के मार्गदर्शन मे लगातार आरोपियो की तलाश मे संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने कड़ी मशक्कत करते हुए मामले में शामिल चार आरोपियों को काबू कर लिया है और मामले के पांचवें आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।


उमेश। शिवा। रवि।

# बच्चों को भी मिल रहा कला प्रदर्शन का मौका


मेले में पुरस्कार पाते स्कूली छात्र।

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

**36वें** सूरजकुंड अंतराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला में स्कूली बच्चों को भी अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका दिया जा रहा है। रविवार को भी मेरा परिसर में जिला प्रशासन फरीदाबाद की ओर से विभिन्न स्कूली विद्यार्थियों की जूनियर व सीनियर श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई।

गायन मुकाबले में 15 स्कूलों के 61 विद्यार्थियों ने भाग लिया। फोटोग्राफी कंपटीशन में 3 स्कूलों के 15 विद्यार्थियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में आदर्श पब्लिक स्कूल के शिवम को प्रथम, केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल की विसी को द्वितीय तथा आइडियल पब्लिक स्कूल के पुनीत गिरी को तृतीय स्थान मिला। सीनियर वर्ग में सोलो गायन में डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 37 के पीयूष बिष्ट प्रथम, वहीं इसी स्कूल के प्रियांशु बिष्ट द्वितीय तथा तीसरे स्थान पर दिल्ली स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल की शिवांगिनी श्रीवास्तव रही। जूनियर वर्ग की सोलो गायन प्रतियोगिता में आवर लेडी ऑफ फातिमा कन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चरिश्ता सीबू प्रथम, आइडियल पब्लिक स्कूल के दक्ष शेखावत द्वितीय तथा शिर्डी साईं बाबा स्कूल के आर्यन तीसरे स्थान पर रहे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित करने के उपरांत ही प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

# संघर्ष समिति ने किया सरकार के फैसले का स्वागत

**फरीदाबाद।** सोतई गांव की पंचायत वाटिका में सोतई डम्पिंग यार्ड संघर्ष समिति की कमेटी के लोगों ने एक बैठक की जिसका संचालन पूर्व विधायक आनन्द शर्मा के बेटे हेमन्त शर्मा ने किया और लोगो को बताया की सरकार ने समय रहते हमारी सोतई डम्पिंग यार्ड को निरस्त किये जाने की मांग को मान लिया हैं। यह हमारे क्षेत्र के पर्यावरण व विकास के अनुकूल फैसला है। सभी लोगों ने मुख्यमन्त्री मनोहर लाल खट्टर और स्थानीय विधायक नयनपाल रावत का धन्यवाद किया। ईश्वर लांबा ने कहा कि हमारी ये कमेटी जब तक काम करती रहेगी, जब तक डम्पिंग यार्ड निरस्तीकरण के पेपर पूरी तरह से हमें प्राप्त नहीं हो जाएंगे। कमेटी ने निर्णय लिया की आगामी रविवार को क्षेत्रीय विधायक नयनपाल रावत का चंदावली में धन्यवाद केरेंगे। सोतई गांव के पूर्व सरपंच सुभाष व दिनेश ने कमेटी के सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए कहां के आप सभी गांवों के सहयोग से ये सामाजिक कार्य संभव हुआ हैं।

# वैलेंटाइंस डे पर साथी को दीजिए खास उपहार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बात** वैलेंटाइंस डे की हो तो अपने साथी के लिए परफेक्ट गिफ्ट चुनना बड़ी चुनौती हो जाती है। अक्सर इस पल को खास बनाने के लिए लोग कुछ अनूठा उपहार तलाशते हैं। इस मौके पर आप अपनी जीवनसाथी को कुछ ऐसा उपहार दे सकते हैं, जो सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि हर दिन उनके लिए खास बना दे। बदलती टेक्नोलॉजी के दौर में रोबोटिक क्लीनर्स ऐसा ही विकल्प हैं, जो आपकी जीवनसाथी के जीवन को आसान बना सकते हैं और उनका समय भी बचा सकते हैं। वैलेंटाइंस डे को ध्यान में रखते हुए इकोवैक्स रोबोटिक्स ने खास कीमतों पर अपने डीबोट्स की रेंज पेश की है।

इकोवैक्स डीबोट एन8 प्रो एक खास रोबोटिक क्लीनर है, जो हर तरह की धूल से निजात दिलाने में सक्षम है। यह कम बिजली की खपत करते हुए हाई वैक्यूम प्रेशर देता है। इसमें एडवांस्ड ट्रूडिटेक्ट 3डी ऑब्सटेकल अवॉइडेंस टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया गया है। इसलिए यह बिना इधर-उधर टकराए पूरे घर को साफ करता है। खास बात यह है कि आप इकोवैक्स होम एप की मदद से यह तय कर सकते हैं कि रोबोट घर के किस हिस्से में न जाए। इकोवैक्स डीबोट एन8 भी इसी तरह की कई खूबियों से लैस रोबोटिक क्लीनर है। वैलेंटाइंस डे के मौके पर कंपनी इनकी कीमत में खास डिस्काउंट भी दे रही है। आप भी इस बार अपने जीवनसाथी को कुछ ऐसा उपहार दें, जो उनके जीवन को सुगम बनाए और वक्त बचाए। वक्त बचेगा, तभी तो एक-दूसरे के साथ वक्त बिताने का मौका मिलेगा। इकोवैक्स रोबोटिक्स ने वैलेंटाइन्स डे पर 39,900 रुपये और 31,900 रुपये की विशेष रियायती कीमत पर अपने डीबोट्स की रेंज पेश की है। इस स्मार्ट और आसान गैजेट को अमेजॉन से ऑर्डर कर सकते हैं।

# नेत्र शिविर में 382 लोगों ने करवाई जांच

**फरीदाबाद।** सारन स्कूल रोड़, जवाहर कालोनी में स्थित पंजाबी विकास सभा द्वारा 15वां निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर न्यू लाईट सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल में लॉयंस क्लब मैत्री फरीदाबाद के सहयोग से लगाया गया। इस शिविर में 382 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई।

सभा के प्रधान राजीव बत्रा ने बताया कि 52 लोगों के मोतियाबिंद के ऑप्रेशन के लिए चयन हुआ। जिनका ऑप्रेशन लायंस हॉस्पीटल दिल्ली में निशुल्क करवाया जाएगा। लॉयंस क्लब मैत्री के संरक्षक डीके चुग और प्रधान नवीन ग्रोवर उनकी टीम कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रही। कैम्प को सफल बनाने में पंजाबी सभा के चेयरमैन त्रिलोक गुलयानी, ओम प्रकाश मक्कड़, रवि टुटेजा, दर्शन लाल कुकरेजा, अजय मेहता, लवली पासी, हैप्पी पासी, अशोक गुलाटी का पूर्ण सहयोग रहा। बतौर मुख्यातितिथ पूर्व विधायक नागेन्द्र भड़ाना, समाजसेवी अरविन्द्र भारद्वाज मौजूद रहे तथा दीप प्रज्वलित करके कैम्प की शुरूआत की।

# पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने किया संसद में गीता का विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**यमुना** रक्षक दल के तत्वावधान में सेक्टर 17 स्थित आवासीय कार्यालय में हरियाणा के पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे के वरिष्ठ मीडिया सलाहकर पंकज मिश्रा की पुस्तक संसद में गीता का विमोचन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ यमुना रक्षक दल के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) आर एन सिंह ने शंख ध्वनि के साथ किया। 2019 में लंदन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का भी जिक्र पुस्तक में किया गया है। महोत्सव का नेतृत्व हरियाणा प्रदेश के तत्कालीन उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने किया था।

विपुल गोयल ने कहा कि संसद में गीता लिख कर पंकज मिश्रा ने श्रीमद्भागवत गीता के विचारों व विश्व के देशों में इस पवित्र ग्रन्थ को लेकर किए गए कार्यों को लिपिबद्ध करने का नेक व दिव्य प्रयास किया है। उन्होंने विश्व की सबसे पुरानी ब्रिटेन की संसद- हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स में श्रीमद्भागवत गीता को स्थापित करने तथा वहाँ आयोजित गीता महोत्सव पर विस्तार से चर्चा किए।

उन्होंने कहा कि गीता का उद्गम स्थल हरियाणा है, यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। विषय प्रवेश यमुना रक्षक दल के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आर एन सिंह ने कराया। उन्होंने शंखनाद कर गीता व संसद में गीता पुस्तक पर प्रकाश डाला। पुस्तक के लेखक पंकज मिश्रा ने बताया कि संसद में गीता में श्रीमद्भागवत का सार, भारतीय संसद में गीता को लेकर चर्चा, विदेशी संसद में भी गीता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गीता, गीता रहस्य व बाल गंगाधर तिलक, गीता माता व महात्मा गांधी, कुरुक्षेत्र व गीता जैसे कई विषयों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इस मौके पर भोजपुरी अवधी समाज के चेयरमैन पं. रमाकांत तिवारी, लोहिया जागृति मिशन के अध्यक्ष नागेश सिंह, सामूहिक पूर्वांचल सभा के अध्यक्ष राज नाथ सिंह , अखिल भारतीय राजपूत एकता मिशन के अध्यक्ष एस के सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित थे।


संसद में गीता का विमोचन करते पूर्व कैबिनेट मंत्री और अन्य।

# डीएवी में छात्र अभिभावक परामर्श सत्र का हुआ आयोजन

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी कॉलेज फरीदाबाद के वाणिज्य विभाग ने छात्र अभिभावक परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को उनके नियमित अध्ययन के साथ उनकी भविष्य की महत्वाकांक्षाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के तरीकों का पता लगाना था।

इसके अलावा अभिभावकों को यह जानकारी देना था कि वह समय समय पर वे अपने बच्चों की प्रगति के बारे में चर्चा करने के लिए और उनसे जुड़ी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए शिक्षकों से मिलने कॉलेज आ सकते हैं। अरुण भाटिया जो कि डी ए वी शताब्दी महाविद्यालय 1985 सत्र के प्रथम छात्र थे उन्होंने भी अभिभावकों को बताया कि उनके बच्चे इस कॉलेज में शिक्षकों के मार्गदर्शन में सुरक्षित है। अरूण भाटिया फरीदाबाद के जाने माने उद्योगपति है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ सविता भगत ने छात्रो को कॉलेज होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

# सौरोत बने विद्यालय शिक्षा अधिकारी संगठन के जिलाध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राजकीय** आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ़ में अशोक कुमार त्यागी की अध्यक्षता में हरियाणा विद्यालय शिक्षा अधिकारी संगठन के जिलाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव हेतु राज्य कार्यकारिणी के प्रतिनिधि के रूप में दयानंद रावत तथा महेंद्र सिंह रावत पर्यवेक्षक के रुप में उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया के प्रारंभ में पूर्व जिला अध्यक्ष सतेन्द्र सौरोत ने पिछले कार्यकाल में किए हुए अपने कार्यों की जानकारी दी तथा गत कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। वहीं कोषाध्यक्ष जयप्रकाश ने खर्चे का विवरण सबके समक्ष रखा। इस इस अवसर पर चुनाव पर्यवेक्षकों ने सर्वसम्मति से तय किए गए जिला अध्यक्ष के रूप में सतेन्द्र सौरोत के निर्वाचन की घोषणा करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सौरोत ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा आगामी वर्षो में प्रधानाचार्य की लंबित मांगों को राज्य कार्यकारिणी के माध्यम से सरकार के समक्ष सशक्त रूप से उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा हरियाणा में विद्यालय प्रधानाचार्यो की बहुत लंबे समय से एक मांग चली आ रही है कि प्रधानाचार्यों को श्रेणी एक का अधिकारी घोषित किया जाए तथा दिल्ली के समान वेतनमान दिया जाए। इसके अतिरिक्त प्रधानाचार्य गैर शैक्षणिक कार्य न कराते हुए, शैक्षणिक कार्य करने के लिए स्वतंत्रता दी जाए। इस अवसर पर मनोज कुमार मित्तल, खंड शिक्षा अधिकारी, फरीदाबाद, अशोक कुमार त्यागी, जय प्रकाश सीही, जय प्रकाश डांगी, सुषमा यादव, अलका रानी, गीता रानी, सीमा गौतम, पूनम तनेजा, पूनम मेहता, डॉक्टर जितेंद्र शर्मा, अरुणा कुमारी गुप्ता, अंजू शर्मा, संजय यादव, धीरज सिंह, आदि ने अध्यक्ष को बधाई दी।



सतेन्द्र सौरोत जिलाध्यक्ष चुने जाने पर पत्र लेते हुए।

# संक्षिप्त समाचार

## 150 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ



**बल्लभगढ़।** शहर की चावला कॉलोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में शनिवार को ग्रेटर फरीदाबाद के एकॉर्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 150 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। इस शिविर का आयोजन अग्रवाल वैश्य समाज और बल्लभगढ़ पत्रकार एसोसिएशन की ओर से किया गया। शिविर में एकॉर्ड हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर रोहित गुप्ता, डॉ हिमांशु अरोड़ा, डॉ युवराज कुमार, डॉक्टर राकेश कुमार, डॉ उमेश कोहली, अस्पताल के मार्केटिंग हैड संदीप कुमार, सचिन कुमार और रोहित सैनी ने भाग लिया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के भाई टिपरचन्द शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं को समाज के हितों के लिए कार्य करते रहना चाहिए। समाज सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। इंसान की भागदौड़ भरी जिंदगी में इस प्रकार के आयोजन पर उन्हें स्वास्थ्य लाभ देने के लिए किया गया यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। मुख्यमंत्री के मीडिया एडवाइजर मुकेश वशिष्ठ ने कहा पत्रकार समाज सेवा के कार्य में प्रतिदिन बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी समाज सेवा का ही एक हिस्सा है। इस अवसर पर वरिष्ठ बीजेपी नेता दीपक डागर जाजरू, शिक्षाविद भारत भूषण, हरियाणा व्यापार मंडल के प्रधान प्रेम खट्टर, अग्रवाल समाज के प्रधान भगवान दास गोयल, आरडी गुप्ता, रिछपाल लांबा, प्रदीप गुप्ता, केदारनाथ अग्रवाल और मोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## साई धाम में रक्तदान शिविर का किया आयोजन




**फरीदाबाद।** साई धाम सेक्टर 86 में अग्रवाल वैश्य समाज फरीदाबाद व शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा बाल कल्याण परिषद् मानद् महासचिव रंजीता मेहता ने शिविर की सफलता के लिए शुभकामनायें देते हुये कहा कि दोनों संस्थाऐं समाज हित में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। साई धाम में विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा के साथ भोजन व शिक्षा सामग्री दी जाती है। इस प्रकार के कार्यों से समाज सुदृढ़ बनता है और समाज के पिछड़े वर्ग को भी मूल धारा में आने का अवसर मिलता है। साई धाम के संस्थापक डा. मोतीलाल गुप्ता व शिविर संयोजक केदारनाथ अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर नूंह के जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री फरीदाबाद के जिला बाल कल्याण अधिकारी सुन्दर लाल खत्री, पलवल के जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा डागर और रेडक्रास सोसायटी के जिला सचिव बिजेन्द्र सौरोत, पुरूषोतम सैनी, डा. निधि अग्रवाल को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। केदारनाथ अग्रवाल ने शिविर कि सफलता के लिए कविता सिंघला, निशा मित्तल, खुशबू अग्रवाल, नरेन्द्र जैन, प्रिंसिपल बीनू शर्मा, के ए पिल्ले, हरिओम अग्रवाल, सामलिया गुप्ता, राजन गुप्ता, शिवम दीक्षित आदि लोगों का अभार प्रकट किया।

## पैट रजिस्ट्रेशन कैम्प का किया आयोजन



**फरीदाबाद।** एसआरएस रेजिडेंसी में पैट रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। यहं देवाश्रय एनिमल हॉस्पिटल एवं एसआरएस रेजिडेंसी आरडब्लूए के सहयोग से आयोजित किया। लोगों ने इस कदम की सराहना करते हुए आरडब्लूए के मेंबर और हॉस्पिटल को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। डॉ अंशु गुप्ता, देवाश्रय एनिमल हॉस्पिटल की ओनर, कैम्प कॉर्डिनेटर अंगीरा पांडे ने बताया कि इस कैंप में लगभग 40 डॉग का रजिस्ट्रेशन अप्लाई हुआ है। इस मौके पर एसआरएस रेसिडेंसी सोसाइटी की आरडब्लूए मेंबर स्निग्धा पांडे, के एल उपाध्याय और प्रेसिडेंट मिस्टर विजय जसूजा और उनकी टीम ने तुमको एनिमल्स के प्रति जागरूक किया एवं अपना पूरा सहयोग दिया। इस अभियान में एसआरएस रेजिडेंसी के आसपास के लोगों ने भी हिस्सा लिया। कैंप में डॉक्टर अमित वर्मा मौजूद रहे और पैट का हेल्थ चेकअप करके उनका हेल्थ सर्टिफिकेट प्रोवाइड करवाया, जोकि रजिस्ट्रेशन के लिए अनिवार्य था। इस अवसर पर देवाश्रय की डायरेक्टर डॉ अंशु गुप्ता ने लोगों को ऐनिमल्स के प्रति जागरूक किया और भविष्य में इस प्रकार के कैंप के आयोजन करते रहने का आश्वासन दिया।

## एनएसएस शिविर का हुआ समापन



**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय फ़रीदाबाद एनएसएस की तीसरी यूनिट जिसका सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर गांव चंदावली में रविवार शाम को समाप्त हो गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ शैलेश्वर कौशिक, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, मोहना और उनके साथ आए डॉ अनमोल जी का पौधा देकर धन्यवाद व्यक्त किया। इसके अलावा राजकुमार गोगा, जज्बा फाउंडेशन के संस्थापक हिमांशु भट्ट, राहुल वर्मा, युवा आग़ाज के संस्थापक जसवंत पवार आदि भी अतिथि के रूप में मौजूद थे। डॉ शैलेश्वर कौशिक ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा की उन्हें इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर काफ़ी अच्छा लगा, उन्होंने कहा कि सभी को अच्छे सपने देखना चाहिए और उन सपनो को पूरा करने के लिए सच्ची लग्न, मेहनत से काम भी करना चाहिए, बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को आगे आकर योग्यताओं को दिखाने व आगे बढ़ते रहने को कहा। गाडुव के समाजसेवी राजकुमार गोगा ने बताया कि एनएसएस कॉर्डिनेटर डॉ. दुर्गेश शर्मा के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छात्र व छात्राओं ने कई तरह की गतिविधियों का आयोजन किया।

## बदरपुर बॉर्डर पुलिस ने कट्टे सहित आरोपी को किया काबू

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम रिंकू है जो पलवल के थनथरी गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को छांयसा एरिया से अवैध हथियार सहित काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद किया गया। आरोपी से जब इसके बारे में पूछताछ की तो वह कोई जवाब नहीं दे पाया जिसके पश्चात आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर पूछताछ शुरू की गई।

# निवेश सम्मेलन

## योगी आदित्यनाथ की उपलब्धि

**निवेश सम्मेलन**–ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, 2023 उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उल्लेखनीय उपलब्धि है जिन्होंने निवेशकों के लिए स्वागत योग्य परिवेश तैयार किया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश 'न्यू इंडिया' की प्रगति का संचालन कर रहा है। ऐसा कह कर वे न केवल भाजपा के शासन वाले सबसे बड़े राज्य के प्रशासन की प्रशंसा कर रहे थे, बल्कि स्पष्ट घोषणा भी कर रहे थे कि अब उत्तर प्रदेश तेज विकास के रास्ते पर आ गया है। 19 दिसंबर को विभिन्न राज्यों के लगभग 50 उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर निवेश अवसरों पर बात की। योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, 2023 के अनेक रोडशो के परिणामस्वरूप 32.92 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। भले ही सभी प्रस्ताव फलीभूत न हों, पर यदि उनका एक हिस्सा भी प्रभावी होता है तो यह ऐसे राज्य के औद्योगीकरण में मील का पत्थर होगा जो दशकों तक वैचारिक उठापटक, राजनीतिक सड़न तथा नौकरशाही अक्षमता का शिकार रहा है। उल्लेखनीय है कि 2018 में हुए पहले निवेश सम्मेलन में प्राप्त अधिकांश प्रस्तावों का क्रियान्वयन हुआ है। राज्य में बिजनेसमैनों द्वारा दिलचस्पी दिखाने का कारण यह है कि वे पिछले कई दशकों की तुलना में आज ज्यादा सुरक्षित अनुभव करते हैं। राज्य की कानून-व्यवस्था में नाटकीय सुधार हुआ है। भले ही योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली 'डबल इंजन सरकार' पूर्णतः 'रामराज्य' न स्थापित कर सकी हो, पर पिछले कुछ



साल में परिस्थितियों में असाधारण व अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो-एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार राज्य में सभी अपराधों में कमी आई है। 2021 में 6.08 लाख अपराध हुए जो 2020 में हुए 6.75 लाख अपराधों से 6.08 प्रतिशत तथा 2019 में दर्ज 6.28 लाख मामलों की तुलना में 3.2 प्रतिशत कम थे। आलोचक राज्य सरकार के कुछ उपायों को कठोर बताते हैं, पर वे प्रभावी सिद्ध हुए हैं।

अक्सर यह स्वीकार नहीं किया जाता है कि औद्योगिक विकास के लिए कानून-व्यवस्था की बेहतरी एक पूर्वशर्त है। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफिया तत्वों, संगठित अपराधियों तथा अपराधी प्रवृत्ति वाले तत्वों पर लगाम लगाने पर काफी जोर दिया है। राज्य सरकार को केन्द्र द्वारा ढांचागत संरचना बेहतर बनाने के प्रयासों का पूरा लाभ मिला है और उसने इसमें अपना योगदान भी किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्वेस्टर्स समिट के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा, 'ढांचागत परिवर्तन के साथ उत्तर प्रदेश ने बिजनेस सुगमता के लिए सोच व दृष्टिकोण में परिवर्तन किया है।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कृतित्व ने सरकारी नीतियों के वादों, सिद्धान्तों व उनके क्रियान्वयन में आमूल परिवर्तन किया है। पुरानी सरकारों के उलट योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पुराने विभाजनकारी व जाति-केन्द्रित एजेंडों को छोड़ दिया है जिनसे केवल एक जाति, समुदाय या समूह का दूसरों की कीमत पर विकास होता था। उदाहरणार्थ, राज्य सरकार की 'एक जिला एक उत्पाद'-ओडीओपी योजना ने सभी समुदायों के सभी तबकों को लाभान्वित किया है। पिछले साल मई में राज्य सरकार ने बताया कि राज्य से 2021-22 में निर्यातित कुल वस्तुओं में से 72 प्रतिशत ओडीओपी योजना के अंतर्गत थीं। संक्षेप में कहा जा सकता है कि प्रदेश या देश में निवेश किए गए वादों से नहीं, बल्कि उनके क्रियान्वयन से आकर्षित होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिखा दिया है कि वे बिजनेस के प्रति गंभीर हैं। वे सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों की स्थापना करने के बजाय सभी प्रकार के उद्योग व व्यापार को प्रोत्साहित करने के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। आशा है वे इसी मार्ग पर चलते रहेंगे।

# बजट से अलग रखें विनिवेश

### केन्द्र सरकार को एक होल्डिंग कंपनी गठित करनी चाहिए जिसमें केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-सीपीएसयू के उसके सभी शेयर रखे जाएं।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




वर्ष 2022-23 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-सीपीएसयू में केन्द्र सरकार के शेयर बेच कर 65,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। इसके उलट संशोधित अनुमानों में 31,000 करोड़ का उल्लेख है जिसका अर्थ है कि लक्ष्य का केवल 47 प्रतिशत प्राप्त हुआ। 2023-24 के लिए सीतारमण ने 51,000 करोड़ का लक्ष्य रखा है। 2015-16 में इस सरकार ने 'रणनीतिक' बिक्री का लक्ष्य रखा था। इस संवेदनशील शब्दावली का अर्थ शेयरों की इतनी बिक्री से था जिससे सीपीएसयू में उसका हिस्सा 50 प्रतिशत से नीचे आ जाए। लेकिन दो साल-2017-18 व 2018-19 को छोड़ कर जब वास्तविक बिक्री लक्ष्य से अधिक रही, पिछले आठ साल में से 6 साल में उपलब्धि बहुत कम रही। अपवादस्वरूप अच्छे प्रदर्शन वाले दो सालों में भी यह केन्द्र के एक सीपीएसयू से दूसरे में बड़ी बिक्री के कारण थी। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-एचपीसीएल के 51.11 प्रतिशत शेयर आयल एंड नेचुरल गैस कार्पोरेशन-ओएनजीसी को 2017-18 में बेचे गए जिनसे 37,000 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई। इसी प्रकार ग्रामीण विद्युतीकरण निगम-आरईवसी के 52.63 प्रतिशत शेयर बिजली वित्त निगम-पीएफसी को 2018-19 में बेचे गए जिससे 13,000 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई। इस बिक्री को रणनीतिक बिक्री नहीं कहा जा सकता है क्योंकि खरीदार दूसरी सीपीएसयू, यानी ओएनजीसी व पीएफसी थी और सरकार का विनिवेश वाले उद्यमों एचपीसीएल व आरईसी पर प्रभावी स्वामित्व व नियंत्रण बना रहा। विनिवेश से प्राप्त वास्तविक धनराशि के लक्ष्य से कम रहने का प्रमुख कारण इसे राजस्व के स्रोत या राजकोषीय घाटा कम करने के लिए प्रयोग करना है। इसे सही नहीं कहा जा सकता है। रणनीतिक बिक्री के लिए सरकार को बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है क्योंकि उसे बहुत अमीर बोली बोलने वालों की जरूरत होती है। उदाहरण के लिए भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल में ऐसा रणनीतिक निवेशक चाहिए था जो लगभग 60,000 करोड़ रुपये का भुगतान कर सके। इस रिफाइनिंग व मार्केटिंग सीपीएसयू में सरकार के कुल 53.29 प्रतिशत शेयरों की बिक्री की योजना 2019-20 में बनाई गई थी।

सहमति व नौकरशाही की लाल फीताशाही की जटिल प्रक्रिया सरकार द्वारा चीजों को गतिशील बनाने में बाधा बनती है। इस कारण ऐसे समय पर बिक्री नहीं हो पाती है जब रणनीतिक निवेशक बोली बोलने को तैयार हों। नीति आयोग विनिवेश योग्य कंपनियों की पहचान कर उनको विनिवेश सचिवों के केन्द्रीय समूह-सीजीडी के समक्ष रखता है। यह स्वयं एक लंबी प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत वैकल्पिक व्यवस्था-एएम का पालन किया जाता है। इसकी संस्तुति की जिम्मेदारी मंत्रियों के एक समूह पर होती है जिसमें वित्त मंत्री, सड़क परिवहन व राजमार्ग तथा प्रशासनिक सुधार मंत्री, आदि शामिल होते हैं। एएम की सहमति के बाद विनिवेश व सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग-दीपम एक प्रस्ताव तैयार करता है जिसे आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति-सीसीईए स्वीकार करती है। इसके कारण विलंब होता है और जब सभी प्रस्ताव मंजूर होते हैं तब तक बाजार का परिदृश्य विपरीत हो जाता है। उदाहरणार्थ, बीपीसीएल के मामले में 2019-20 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम लगभग 70 डालर प्रति बैरल के आसपास थे और इसके साथ ही तेल कंपनियों का भविष्य भी सुधर रहा था। लेकिन नौकरशाह विनिवेश के लिए तैयार नहीं थे। 2020-21 में कोविड-19 ने पूरी व्यवस्था उलट दी जिसके चलते अप्रैल 2020 में कच्चे तेल के औसत दाम 20 डालर प्रति बैरल तक गिर गए। हालांकि, 2021-22 में जब तेल के दाम अधिकांश समय 70 डालर प्रति बैरल से अधिक रहे, पर अधिकारी एक बार फिर तैयार नहीं थे। 2022-23 में यूक्रेन युद्ध तथा इसके परिणामस्वरूप सप्लाई में बाधा के कारण कच्चे तेल के दाम 80 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गए, लेकिन सरकार ने मामला आगे नहीं बढ़ाया। वास्तव में उसने शायद इसे अनिश्चित काल के लिए ठंडे बस्ते में डाल दिया है। 2019-20 से अन्य रणनीतिक बिक्रियां भी विचाराधीन हैं जिनमें कंटेनर कार्पोरेशन-कोंकार में 30 प्रतिशत, भारतीय शिपिंग कार्पोरेशन-एससीआई में 63.75 प्रतिशत तथा आईडीबीआई शामिल है। ये नौकरशाही की लाल फीताशाही के कारण अटके हुए हैं तथा निवेश परिवेश की अनिश्चितता बनी हुई है। अब सरकार को ये सभी लेनदेन 2023-24 में पूरे करने हैं। बजट-पश्चात संवाद में सीतारमण ने जोर दिया कि गैर-रणनीतिक क्षेत्र में सभी सीपीएसयू का निजीकरण होगा तथा घाटे वाले सभी उद्यम बंद कर दिए जाएंगे। इसके साथ ही रणनीतिक क्षेत्र में उद्यमों का निजीकरण इस शर्त के साथ होगा कि कम से कम एक व अधिकतम चार उद्यम सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखे जाएंगे। 2021-22 के बजट में निर्धारित अपनी रणनीति पर जोर देते हुए सुश्री सीतारमण ने एयर इंडिया का उदाहरण किदया जो सरकारी स्वामित्व व नियंत्रण के समय रोज 20 करोड़ का घाटा उठा रही थी।

हालांकि इससे नीतिगत अनिश्चितता दूर होनी चाहिए तथा प्रक्रिया में गति आनी चाहिए, लेकिन वित्त मंत्री के 2019-20 बजट भाषण से विपरीत संकेत मिलते हैं। उन्होंने अपना इरादा बताते हुए कहा था कि वर्तमान नीति सीपीएसयू में 'प्रत्यक्ष' रूप से 51 प्रतिशत या उससे अधिक शेयर रखने की है, जबकि प्रस्तावित नीति में कुल शेयरधारिता 'प्रत्यक्ष' व 'परोक्ष' रूप से 51 प्रतिशत पर बनाए रखी जाएगी।

इसे समझने के लिए इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड-आईओसीएल पर गौर करना होगा। 51.5 प्रतिशत की प्रत्यक्ष बिक्री के अलावा केन्द्र सरकार का अन्य सीपीएसयू में हिस्सा 51 प्रतिशत से अधिक है, जिनके शेयर आईओसीएल में हैं। जीवन बीमा निगम-एलआईसी में भारत सरकार का हिस्सा 95 प्रतिशत है जिसके आईओसीएल में 6.5 प्रतिशत शेयर हैं। सरकार के 63 प्रतिशत स्वामित्व वाली ओएनजीसी के आईओसीएल में शेयर 14 प्रतिशत हैं। केन्द्र सरकार के 60 प्रतिशत स्वामित्व वाली आयल इंडिया लिमिटेड-ओआईएल के आईओसीएल में पांच प्रतिशत शेयर हैं। इस प्रकार आईओसीएल में एलआईसी, ओएनजीसी व ओआईएल के माध्यम से केन्द्र सरकार के 'परोक्ष' शेयर 25.5 प्रतिशत हैं। वह आईओसीएल में अपने 25.5 प्रतिशत शेयरों की बिक्री कर उसके निजीकरण का संकेत दे सकती है, पर इसके बावजूद उस पर सरकार का 'परोक्ष' नियंत्रण बना रहेगा क्योंकि उसके बहुसंख्य 51 प्रतिशत शेयर होंगे। सरकार द्वारा एक पीएसयू को रणनीतिक विनिवेश के लिए दूसरे सीपीएसयू में शेयर लेने को कह सकती है जिससे निजीकरण बाधित होता है, जैसा कि एचपीसीएल-आरईसी के मामले में हुआ। हालांकि, वित्त मंत्रालय का एक आदेश ऐसी बिक्री पर प्रतिबंध लगाता है, लेकिन इसमें एक शर्त है कि 'जब तक केन्द्र सरकार द्वारा जनहित में विशिष्ट रूप से सहमति न दी जाए'। यदि सत्तारूढ़ लोग चाहें तो हमेशा इस शर्त पर विश्वास किया जा सकता है।

कुल मिला कर कहा जाए तो विनिवेश को बजट से जोड़ना एक गलत विचार है। जैसा कि पिछले आठ साल से स्पष्ट है, इससे शेयरों की बिक्री सुनिश्चित नहीं होती है। इसके साथ ही इस कारण प्रभावी ढंग से कार्रवाई नहीं होती है जिससे बड़ी मात्रा में धनराशि नहीं प्राप्त होती है। प्रक्रिया की कमी नौकरशाही की लाल-फीताशाही से और गंभीर हो जाती हैं तथा सर्वोच्च अधिकारियों की इच्छा ही प्रमुख हो जाती है। सरकार को विनिवेश को बजट से अलग कर अपने आप में एक लक्ष्य बना देना चाहिए। उसे एक होल्डिंग कंपनी-एचसी बना कर पूरी प्रक्रिया को नौकरशाही से मुक्त करना चाहिए जहां सीपीएसयू में सरकार के सभी शेयर रखे जाएंगे। एचसी का प्रबंधन योग्य पेशेवर लोगों के हाथ में होना चाहिए जिनको बाजार की स्थितियों का ध्यान रखते हुए शेयरों के मूल्य, बिक्री के आयाम, बिक्री के समय, आदि के बारे में सारे निर्णय लेने की शक्ति व स्वतंत्रता प्राप्त होनी चाहिए। इस व्यवस्था के अंतर्गत शेयरों की बिक्री प्रक्रिया तेज व ज्यादा सक्षम होगी तथा बहुत अधिक राजस्व का सृजन करेगी।

# गारंटी देना बीमाकर्ता का काम नहीं

> "भारत में बैंकिंग प्रणाली की स्थापना के बाद से बैंक गारंटी जारी करना बैंकों का कार्यक्षेत्र रहा है। बैंक दायित्वों को पूरा करने के लिए गारंटी जारी करते हैं।"



**एस कल्याणसुंदरम**
(लेखक सेवानिवृत्त बैंकर हैं)

परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने व्यंग्यात्मक टिप्पणी की है कि बीमा नियामक आईआरडीएआई ने बीमा कंपनियों द्वारा जमानत बांड की अनुमति देने के प्रस्ताव पर तीन साल तक गहन अध्ययन किया। वह बजाज आलियांज बीमा कंपनी द्वारा विशेष रूप से राजमार्ग परियोजनाओं के लिए डिजाइन किए गए देश के पहले ज़मानत बांड को लॉन्च करते समय आईआरडीएआई पर कटाक्ष कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि उन्हें एसबीआई के पूर्व अध्यक्ष रजनीश कुमार से निम्नलिखित पंक्तियों पर विचार मिला 'उन्होंने मुझे बताया कि बैंक गारंटी के स्थान पर अन्य देशों में ज़मानत बांड की अवधारणा है। मैंने इसे हमारे वित्त मंत्री के साथ उठाया। मैं मंजूरी देने से पहले तीन साल तक गहन अध्ययन के लिए आईआरडीएआई को धन्यवाद दूंगा। मैं उन लोगों को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने तीन साल में इसे तेजी से मंजूरी दी। यह पहले से कहीं बेहतर है।'

जब बैंकिंग हलकों को आश्चर्य हो रहा है कि कैसे उनके पोर्टफोलियो से एक आकर्षक व्यवसाय को बाहर निकालने की अनुमति दी जाती है, तो यह अजीब बात है कि यह प्रस्ताव सरकार से आया है और बैंकिंग नियामक भारतीय रिजर्व बैंक ने इस तरह के प्रस्ताव पर कोई आपत्ति नहीं की है।

बीमा कंपनियों और बैंकिंग कंपनियों के संचालन के क्षेत्र अच्छी तरह से सीमांकित हैं। बीमा कंपनियों से अपेक्षा की जाती है कि वे बीमा का व्यवसाय करें, जिसका अर्थ है कि वे क्षतिपूर्ति के अनुबंध में प्रवेश कर रही हैं।

भारतीय अनुबंध अधिनियम 1872 की धारा 124 क्षतिपूर्ति के अनुबंध को 'एक अनुबंध के रूप में परिभाषित करती है जिसके द्वारा एक पक्ष दूसरे को स्वयं वचनकर्ता के आचरण या किसी अन्य व्यक्ति के आचरण से होने वाले नुकसान से बचाने का वादा करता है।' जमानत बांड जारी करना क्षतिपूर्ति के अनुबंध के व्यवसाय में फिट नहीं होता है।



जमानत बांड जारी करना गारंटी के अनुबंध की श्रेणी के अंतर्गत आता है। भारतीय अनुबंध अधिनियम 1872 की धारा 126 गारंटी के अनुबंध को किसी तीसरे व्यक्ति के डिफ़ॉल्ट के मामले में वादे को पूरा करने, या दायित्व का निर्वहन करने के अनुबंध के रूप में परिभाषित करती है।

भारत में बैंकिंग प्रणाली की स्थापना के बाद से बैंक गारंटी जारी करना बैंकों का कार्यक्षेत्र रहा है। हालांकि गारंटी की परिभाषा 'वादे को पूरा करने के लिए प्रदान करती है, बैंक दायित्वों को पूरा करने के लिए गारंटी जारी करते हैं और जब उनके ग्राहकों द्वारा वादा पूरा नहीं किया जाता है तो सहमत शर्तों पर भुगतान भी करते हैं।' जब कोई गारंटी जारी की जाती है, तो धन का कोई बहिर्वाह शामिल नहीं होता है। यह एक गैर-निधि आधारित व्यवसाय है। लेकिन जिस क्षण बैंक को अपने ग्राहक की विफलता पर गारंटी के आधार पर भुगतान करने के लिए कहा जाता है, उसे दायित्व का निर्वहन करना पड़ता है और यह एक फंड-आधारित हो जाता है। जब भी ऐसी घटना होती है, बैंक डिफ़ॉल्ट गारंटी के तहत भुगतान करते हैं और बैंकों को अंततः किसी अन्य ऋण वसूली की तरह ही राशि की वसूली करनी होती है। आरबीआई ने बैंकों द्वारा गारंटी जारी करने के लिए कई अन्य दिशानिर्देश भी निर्धारित किए हैं - (1) यह एक निश्चित अवधि और निश्चित राशि के लिए होना चाहिए; (2) अधिकतम अवधि 10 वर्ष हो सकती है; (3) दावा अवधि का उल्लेख किया जाना चाहिए; (4) असुरक्षित गारंटियों की अधिकतम सीमा; (5) वित्त कंपनियों, आदि द्वारा जमा राशि का पुनर्भुगतान नहीं किया जा सकता; (6) उच्च अधिकारियों से पुष्टि का प्रावधान। जनवरी 2022 में, आईआरडीएआई ने जमानत बीमा अनुबंध दिशानिर्देश 2022 जारी किए। जबकि दिशानिर्देशों में आवश्यक विशेषताएं, ज़मानत अनुबंधों के प्रकार, अंडरराइटिंग आवश्यकताएं आदि शामिल हैं, यह इस बात पर मौन है कि बीमा कंपनी डिफ़ॉल्ट गारंटी की वसूली कैसे करेगी। इसमें काउंटर गारंटी या संपार्श्विक सुरक्षा की कोई शर्त नहीं है।

जब आरबीआई द्वारा सख्त नियमन है कि आहूत गारंटी का तुरंत भुगतान किया जाना चाहिए, तो आईआरडीएआई से ऐसा कोई निर्देश प्रतीत नहीं होता है। बैंक आह्वानित गारंटियों का तुरंत भुगतान करते हैं ताकि लोगों का उनके द्वारा जारी गारंटियों पर विश्वास बना रहे। यह भारतीय बैंक संघ और आरबीआई के लिए बैंकों के साथ गारंटी के कारोबार को बनाए रखने का समय है।

## आप की बात

### पाकिस्तान पर संकट

**अक्टूबर** 2023 में पाकिस्तान में चुनाव होने हैं। मगर क्या वहां चुनाव हो पायेगा? इमरान खान को हटाने के बाद बनी सरकार भारी मुसीबत में फंस चुकी है। सबसे बड़ी मुसीबत गरीबी व पैसे का संकट है। उस देश की जलवायु परिवर्तन का शिकार होना पड़ा जिससे वहां अभूतपूर्व बाढ़ आई। अब भी चालीस लाख लोग इसके प्रभावों से जूझ रहे हैं। सरकारी खजाने में केवल 3 बिलियन डॉलर हैं जिनसे केवल तीन सप्ताह का आयत किया जा सकता है। वित्त मंत्री इशाक डार कह रहे हैं कि आईएमएफ की टीम बिना किसी समझौते के गुरुवार शाम वापस लौट गई है क्योंकि उनके शर्तों को मानने से पाकिस्तानी जनता पर 1.1 अरब डॉलर का कर लगाना पड़ेगा, हर किस्म की सब्सिडी एवं सामाजिक सुरक्षा वाली योजनाओं को बंद करना पड़ेगा। चुनावी वर्ष में सरकार इतना बड़ा जोखिम कैसे उठाएगी? क्या श्रीलंका के समान अगले एक पखवाड़े के भीतर पाकिस्तान को भी दीवालिया घोषित कर दिया जाएगा? पाकिस्तान की यह स्थिति भारत समेत सारी दुनिया के लिए चिन्ता का कारण होनी चाहिए क्योंकि केन्द्रीय सत्ता के और कमजोर होने का अर्थ जिहादी, आतंकवादी व कट्टरपंथी तत्वों का बोलबाला होगा जो पूरे उप-महाद्वीप के लिए संकट का कारण बन सकते हैं।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### इसरो की उपलब्धि

**भारत** की स्पेस एजेंसी इसरो ने अपने सबसे छोटे रॉकेट को शुक्रवार सुबह अंतरिक्ष में भेजकर सफलता की नई उड़ान भरी। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से यह रॉकेट अपने साथ तीन उपग्रह भी लेकर गया है। इसरो की शान में यह एक और कामयाबी जुड़ गई है। वर्तमान समय में अत्याधुनिक तकनीक को सैटेलाइट परीक्षण की सर्वाधिक आवश्यकता है। इसके द्वारा छोड़े गए उपग्रह शिक्षा, कृषि, लघु उद्योग और अनेकानेक अन्य कार्यों में भी कारगर सिद्ध होंगे। छोटे उपग्रहों के माध्यम से सुदूर गांव में भी इंटरनेट व मोबाइल सिगनल मिलना आसान हो जाएगा। इससे लोगों को प्रतिदिन के कामकाज के लिए कई तरह की नई सुविधाएं प्राप्त हो जाएगी। छात्रों द्वारा तैयार उपग्रह देश में विज्ञान एवं तकनीक की प्रगति तथा जमीनी स्तर तक इसके विस्तार का उदाहरण है। प्रधानमंत्री कई बार उल्लेख कर चुके हैं कि अब भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र निजी क्षेत्र के लिए भी खोल दिया गया है और उसने अपना पहला प्रक्षेपण सफलतापूर्वक पूरा भी किया है। उम्मीद करनी चाहिए कि इससे जहां इसरो अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करेगा, वहीं सरकार पर खर्च का बोझ भी घटेगा।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम


### गहलोत की माफी

**हर** सरकार का वार्षिक बजट बहुत ही गोपनीय होता है किन्तु नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने आरोप लगाया कि एक तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट पढ़ने की शुरुआत इस साल की बजाय पिछले साल के बजट से कर दी, दूसरे यदि बजट की प्रति केवल मुख्यम्नत्री को ही पता होती है तब तीसरे व्यक्ति जल प्रदाय मंत्री महेश जोशी ने कैसे बताया कि ये पिछले साल का बजट है? लगता है कि बजट लीक हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मानवीय भूल हो सकती है और मैं इसके लिए माफी मांग रहा हूँ। किन्तु बजट लीक कैसे हुआ? इस प्रकरण से प्रशासनिक लापरवाही जरूर स्पष्ट होती है। राजस्थान में कई परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं जिनका आधार बना कर पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट अशोक गहलोत प हमला बोल चुके हैं। देखना होगा कि क्या वे यह मुद्दा भी उठाएंगे? देखना यह भी होगा कि क्या कांग्रेस आलाकमान अशोक गहलोत की लगातार ढीली पड़ती प्रशासनिक पकड़ को देखते हुए राज्य के नेतृत्व में चुनाव के पहले किसी परिवर्तन पर विचार करती है या नहीं?

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हमारी** सरकार ने समस्याओं के दीर्घकालीन व जन-हितैषी समाधान पर काम किया है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**गुब्बारों** के बेड़े की बात संभवतः चीन विरोधी अमेरिकी सूचना युद्ध का हिस्सा है।

– **माओ निंग**
चीनी विदेश मंत्रालय प्रवक्ता



**प्रधानमंत्री** की भाषा देश को शर्मसार करने वाली है। इसे सामान्य नहीं कहा जा सकता है।

– **पवन खेड़ा**
कांग्रेस नेता

# प्रदेश में होने वाला हर निवेश होगा सुरक्षित सरकार देगी हर संभव मददः योगी

● सीएम ने यूके के निवेशकों को दिया भरोसा, प्रदेश में निवेश के लिए किया आमंत्रित ●यूके यूपी में डिफेंस एंड एयरोस्पेस के साथ मेडिकल के क्षेत्र में करेगा बड़ा निवेशः एलेक्स चॉक




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जीआईएस** के तहत दधीचि हाल में आयोजित यूनाइटेड किंगडम पार्टनर कंट्रीडिफेंस सेशन में ब्रिटिश गवर्नमेंट के डिफेंस प्रोक्योरमेंट मिनिस्टर एलेक्स चॉक केसी ने कहा कि जीआईएस 23 में शामिल होना मेरे लिए गौरव की बात है। उत्तर प्रदेश की इस महान धरती पर खड़े होकर पूरे विश्व को निवेश के लिए न्योता देना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। वहीं राइस बास्केट के तौर पर मशहूर इस प्रदेश के इस कार्यक्रम के हम सब साक्षी बने यह भी एक बड़ी उपलब्धि है। यूके उत्तर प्रदेश में डिफेंस एंड एयरोस्पेस के साथ मेडिकल के क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा। इसके लिए मैं सीएम योगी को आश्वस्त करता हूं।

इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि यूके ने पार्टनर कंट्री के रूप में जीआईएस में जो अपना योगदान दिया है उससे न केवल डिफेंस एयरोस्पेस की फील्ड में बल्कि फूड प्रोसेसिंग के फील्ड में इसे बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने में प्रदेश सरकार से उन्हे पूरा सहयोग प्राप्त होगा। सीएम योगी ने यूके डेलिगेशन को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में होने वाला हर निवेश न केवल सुरक्षित होगा बल्कि निवेशक के लिए भी फलदाई बनाने में राज्य सरकार अपनी पॉलिसी के तहत भरपूर मदद करेगी। इस दौरान सेशन में यूके की 6 कंपनियों से निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यूके मिनिस्टर एलेक्स चॉक ने कहा कि हम प्रदेश में विशेष तौर पर डिफेंस सेक्टर में अपनी साझेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उप्र भारत की रक्षा जरूरतों को पूरा करने की दिशा में मेक इन इंडिया मुहिम के तहत वृहद स्तर पर अपनी भूमिका निभा रहा है और इस भूमिका में हमारा योगदान निवेश के साथ ही स्ट्रैटेजिकल व टैक्टिकल वेपनरी के निर्माण समेत कई क्षेत्रों में होगा। इससे उप्र भारत की रक्षा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा। साथ ही वैश्विक परिदृश्य में एक्सपोर्ट के लिहाज से भी उत्तर प्रदेश धाक जमाने में सक्षम होगा।

सक्षम उत्तर प्रदेश न केवल भारत एशिया पैसिफिक रीजन बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है और इसी कारण से दुनिया आशा और उम्मीद के साथ उप्र के सुनहरे भविष्य की परिकल्पना को साकार होते देखने का साक्षी बनने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री योगी ने यूके गवर्नमेंट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीआईएस.23 को सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाने में यूके की पार्टनर कंट्री के रूप में सहभागिता और योगदान हमारे लिए अनुकरणीय है। प्रदेश को विकास की नई उड़ान देने के लिए जिन 25 सेक्टर्स पर फोकस किया गया है उनमें डिफेंस एंव एयरोस्पेस पहली प्राथमिकता पर है जिसे तेजी के साथ विकास के पथ पर हम भारत सरकार के साथ मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं। वहीं प्रदेश सरकार ने भी अपनी डिफेंस एंड एयरोस्पेस को लेकर एक नीति जारी की है, जिसके अंतर्गत हम उन संभावनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं, जिससे प्रदेश इस सेक्टर में हब के रूप में विकसित होकर उभरे। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार इस नीति के तहत हर एक निवेशक को प्रदेश के अंदर सुरक्षित निवेश की गारंटी देने के साथ प्रदेशवासियों के लिए फ्लदाई बनाने और आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मुझे विश्वास है कि यूके ने पार्टनर कंट्री के रूप में जीआईएस.23 में जो अपना योगदान दिया है उससे न केवल डिफेंस एयरोस्पेस की फील्ड में बल्कि फूड प्रोसेसिंग के फील्ड में इसे बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने में प्रदेश सरकार से उन्हे पूरा सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा।

सीएम योगी ने यूके डेलिगेशन को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में होने वाला हर निवेश न केवल सुरक्षित होगा बल्कि निवेशक के लिए भी फलदाई बनाने में राज्य सरकार अपनी पॉलिसी के तहत भरपूर मदद करेगी। सीएम योगी ने कहा कि यूपी जीआईएस23 अपनी सफलता की एक नई कहानी के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे बोलने में कोई संकोच नहीं की भारत और यूके के संबंध एक सुदृढ़ ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़े हुए हैं और प्रधानमंत्री मोदी ने इन द्विपक्षीय संबंधों को इतनी ऊंचाई तक पहुंचाने में अपनी बड़ी भूमिका का निर्वहन किया है। इसी का परिणाम है कि आज यूके से जुड़े तमाम निवेशक न केवल जीआईएस 23 में भागीदार बन रहे हैं बल्कि स्वयं यूके के डिफेंस प्रोक्योरमेंट मिनिस्टर अपने भारी भरकम डेलिगेशन के साथ प्रदेश में उन संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के 6 नोड बनाने के जिस कार्यक्रम की घोषणा की थी उस दृष्टि से आज का यह सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण फलदाई साबित होगा।

# निवेशकों को सम्मान व पैसे की सुरक्षा दे रहा यूपीः अरुण सक्सेना

● वन व पर्यावरण विभाग को मिले 20 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव

**लखनऊ।** प्रदेश के वन व पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि योगीराज से पहले और अब के यूपी में बदलाव आ गया है। 2017 से पहले जहां से अंधेरा शुरू होता था सड़कों पर गड्ढे शुरू होते थे, कानून व्यवस्था खराब थी, वह उत्तर प्रदेश होता था पर आज सब कुछ बदल गया। यहां एक्सप्रेस वे हवाई अड्डे, कानून व्यवस्था की सुदृढ़ व्यवस्था है। उद्योगों का अब यहां सम्मान है। पहले निवेशक कानून, वयवस्था के कारण नहीं आता था, पर आज उसे सम्मान व सुरक्षा भी मिल रही है। उसका पैसा सुरक्षित ही नहीं, बल्कि तेजी से बढ़ भी रहा है। आपके सहयोग से 2027 या उससे पहले यूपी उत्तम से सर्वोत्तम प्रदेश बन जाएगा।

वन मंत्री ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तीसरे दिन रविवार को वशिष्ठ हॉल4 में सेशन ऑन अपॉर्च्युनिटी इन फॉरेस्ट एंड एलाइड सेक्टर को संबोधित किया। वहीं वन व पर्यावरण विभाग को 20 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उन्होंने आह्वान किया कि आप हमारे लोगों को रोजगार दीजिए यकीन दिलाता हूं यूपी में इंडस्ट्री लगाने में कोई परेशानी नहीं होगी। अधिकारी से लेकर मंत्री तक सभी आपके साथ हैं। एमओयू, बिजली कनेक्शन, एनओसी, लैंड से जुड़ी कोई भी दिक्कत हो, हम आपकी मदद करेंगे। सम्मान के साथ बेहिचक होकर आइए, उप्र को आगे बढ़ाइए। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कृष्णपाल मलिक ने बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उद्यमियों को साधुवाद दिया।



लखनऊ में अमौसी एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत करती हुईं उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व उप्र के मुख्यमंत्री योगी

# यूपी को दुनिया के सामने एक मॉडल के तौर पर प्रस्तुत करना हैः रेलमंत्री

● केंद्रीय रेल, दूरसंचार मंत्री ने सत्र को किया संबोधित

●यूपी की डबल इंजन की सरकार प्रदेश को बुलेट ट्रेन की गति से आगे बढ़ा रही है




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रेल और दूरसंचार मंत्री** अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जीआईएस.23 की दुनिया भर में चर्चा हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी की डबल इंजन की सरकार प्रदेश को बुलेट ट्रेन की गति से आगे बढ़ा रही है। भारत की ग्रोथ में यूपी का महत्वपूर्ण योगदान है। इसी वजह से जी 20 के महत्वपूर्ण कार्यक्रम उत्तर प्रदेश में आयोजित हो रहे हैं। हमें यूपी को दुनिया के सामने एक मॉडल के तौर प्रस्तुत करना है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जब रेल बजट आता था तो यूपी के हिस्से में 1000-1100 करोड़ रुपए आवंटित होते थे। इस बार के बजट में मोदी सरकार ने यूपी के हिस्से में 16 गुना बढ़ोतरी की गई है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तीसरे दिन यूपी में रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर और नेटवर्क विकास को लेकर रेलवे और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच 17507 करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इस दौरान श्रेल और सड़क के आधुनिकीकरण में उत्तर प्रदेश विषय पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन के तहत उत्तर प्रदेश के 150 स्टेशन को विश्व स्तर का बनाया जा रहा है। आर्ट और क्राफ्ट में कार्य करने वाले लोगों के वन स्टेशन वन उत्पाद की योजना शुरू की गई है। इससे इस सेक्टर से जुड़े लोगों की आमदनी बढ़ी है। साथ ही ये उत्पाद लोकल से ग्लोबल बन गए हैं। उन्होंने निवेशकों का आह्वान करते हुए कहा कि रेलवे से जुड़कर बिना किसी संकोच के आप उत्तर प्रदेश में अपना प्रोजेक्ट लगाएं और अपने निवेश को फ्लदाई बनाएं। रेलवे इसमें आपका पूरा सहयोग करेगा। प्रदेश के लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि रेल और रोड के बिना हम जनता की आंक्षाओं की पूर्ति नहीं कर पाएंगे। यूपी में चार लाख किलोमीटर का सड़क नेटवर्क है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व प्रदेश में एक्सप्रेस.वे और सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। 560 किलोमीटर के गंगा एक्सप्रेस वे पर काम चल रहा है। प्रदेश में एक लाख टीयूवी का कार्य रेलवे के सहयोग से पूरा किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरोध पर इसका पूरा खर्च रेलवे वहन करेगा।

### फरवरी के अंत तक उप्र के पूरे रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण हो जाएगा

रेलवे बोर्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर के सदस्य रूप नारायण शंकर ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता है। इसको ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश में रेल नेटवर्क के विकास किया जा रहा है। देश में 1275 रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तर का बनाया जा रहा हैए इनमें 150 यूपी में हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 8 हजार किमी रेलवे लाइन का विद्युतीकरण किया जा चुका है। फ्रवरी के अंत तक उत्तर प्रदेश के पूरे रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण हो जाएगा। रेलवे के मैनेजिंग डायरेक्टर रविंद्र जैन ने कहा कि देश में दो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर हम बना रहे हैं। इसमें एक पश्चिम कॉरिडोर है तो दूसरा पूर्वी कॉरिडोर है। इन फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण से माल गाड़ियों का आवागमन सुगम हो जाएगा और समय की बचत होगी। पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का एक हजार 58 किलोमीटर हिस्सा उत्तर प्रदेश में पड़ता है। इसके पूरा होने से उत्तर प्रदेश के रेल के नेटवर्क में आमूलचूल परिवर्तन आ जाएगा। यहां निवेश करने वाले उद्यमियों को अपना माला लाने और ले जाने में कोई समस्या नहीं होगी।

# देश को थ्री इडियट्स जैसा नहीं बनानाः पीयूष गोयल

● श्री इंवेंटिंग स्किल डेवलपमेन्ट ईको सिस्टम इन उत्तर प्रदेश विषय पर विशेष सत्र

● देश बनाना है, जहां कोई मां-बाप बच्चों को जबरदस्ती इंजीनियरिंग कराने के लिए दबाव न दे ●भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सबसे बड़ी भूमिका कौशल विकास सेक्टर की होगी




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023** के तीसरे और अंतिम दिन वशिष्ठ हॉल में आयोजित श्री इंवेंटिंग स्किल डेवलपमेन्ट ईको सिस्टम इन उत्तर प्रदेश विषय पर विशेष सत्र के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हमें देश को थ्री इडियट्स जैसा नहीं बनाना है, जहां कोई मां.बाप अपने बेटे को जबरदस्ती इंजीनियरिंग कराए जबकि उसकी दिलचस्पी फोटोग्राफी में हो। प्रत्येक सेक्टर में रोजगार की असीम संभावनाएं हैंए बस जरूरत है स्किल को डेवलप करने की। उत्तर प्रदेश में लाखों करोड़ का निवेश होने से निजी और सरकारी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नौकरियां आएंगी। मगर इसके लिए हमें स्किल्ड मैनपॉवर की जरूरत होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति कौशल विकास के इसी मूल भावना को प्रोत्साहित करती है। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान निवेशकों, स्टेक होल्डर्स को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों और संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लखनऊ आकर इस बार वाकई में बहुत आनंद आया। निवेशकों के लिए पूरा शहर सजा हुआ है। यूपी जीआईएस.23 में 33 लाख करोड़ का निवेश निश्चित रूप से बड़ी उपलब्धि है। भारत के अमृत काल में प्रवेश के दौरान उत्तर प्रदेश का ये आगाज शानदार है। ये निवेश राज्य के हर युवा के भविष्य को उज्जवल करने वाला है। भारत को विकसित देश बनाने में सबसे बड़ा योगदान कौशल विकास क्षेत्र का होगा। दुनिया भर की सरकारें इसे महसूस कर रही हैं। हमें अगर लंबी छलांग लगानी है तो अपने युवाओं के कौशल को निखार कर उन्हें भविष्य के रोजगारों के लिए तैयार करना होगा। देश की युवा शक्ति को सही दिशा में चैनलाइज किया जाए तो अवसरों की कहीं कोई कमी नहीं होगी। अवसर बहुत हैं, काम करने की क्षमता वाले युवा मैनपॉवर चाहिए।

### उत्तर प्रदेश बन रहा औद्योगिक प्रदेश

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी उप्र को आद्योगिक प्रदेश बनाने के लिए संकल्पित हैं। बीते 6 साल में यूपी से गुंडा, माफिया को खत्म करने का काम हुआ है, व्यापारी वर्ग सुरक्षित हुआ है। महिलाओं के मन में सुरक्षा का भाव पैदा हुआ है। उन्हें शाम की शिफ्ट में काम करने में अब डर नहीं लग रहा। पीयूष गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को बहुत से अवसर उपलब्ध कराए हैं। नौकरी के नाम पर विपक्षी दल युवाओं को चाहे जितना बरगलाने की कोशिश करें, मगर देश के युवाओं को अब स्किल डेवलपमेंट का महत्व समझ में आ रहा है। स्किल डेवलपमेंट के लिए किए गए मोदी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि युवाओं का भरोसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बढ़ता ही जा रहा है। पीयूष गोयल ने स्किलिंग, ट्रेनिंग और वोकेशनल ट्रेनिंग पर जोर देते हुए कहा कि स्किल डेवलपमेन्ट का क्षेत्र कभी खत्म होने वाली चीज नहीं, ये लगातार सीखने वाली चीज है। आज एआई, मशीन लर्निंग जैसी नई टेक्नोलॉजी के साथ हमें अपने युवाओं को जोड़ना होगा। युवाओं को भी खुद को बदलती हुई दुनिया से जोड़ते हुए केवल सरकारी नौकरी के पीछे भागने की जगह अपने हुनर से नौकरी पैदा करने वाला बनना होगा। हमें अपने बुनकरों, श्रमिकों और कारीगरों के कौशल को भी विकसित करना होगा।

# खनन, लिकर व भू-माफिया के खत्म होने से यूपी में उद्योगों का भविष्य पूरी तरह सुरक्षित

● सीएम योगी के नेतृत्व में विकास की ओर चल पड़ा है उप्रः गोयल

●कोई ताकत उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकतीः केंद्रीय मंत्री



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रविवार को** यूपीजीआईएस के तहत भारद्वाज हैंगर 3 में भारत सरकार के कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने प्रदेश में निवेश करने वाले निवेशकों और प्रदेश की जनता को भरोसा दिलाया कि यूपी और केंद्र की सरकारें मिलकर उनकी सेवा करती रहेंगी। 2017 में जब उत्तर प्रदेश का चुनाव चल रहा था तो यहां का मैनिफेस्टो तैयार करने की चुनौती थी। भाजपा की एक टीम ने पूरे प्रदेश का दौरा किया और पाया कि लोग त्रस्त हैं। गरीबी, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था बड़ी समस्या है। जब हमने मैनिफेस्टो तैयार किया तो बजट कई गुना ज्यादा जा रहा था। तब गृहमंत्री अमित शाह ने एक बात कही थी कि सिर्फतीन चीजों पर काम करना है। पहला भूमाफिया, दूसरा खनन माफिया और तीसरा लिकर माफिया को खत्म कर दिया तो न पैसे की कमी होगी और न ही निवेश की। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन तीनों माफिया के साम्राज्य को खत्म कर प्रदेश में बदलाव की जो बयार चलाई है वो यकीन दिलाती है कि उत्तर प्रदेश में उद्योगों और उद्यमियों का भविष्य पूरी तरह सुरक्षित है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आकर अहसास हो रहा है कि यहां विकास की लहर बह रही है। योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश चल पड़ा है। कोई ताकत इसे आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। ये योगी जी का मार्गदर्शन ही है कि एक्साइज विभाग का जो राजस्व 6 साल पहले तक 14 हजार करोड़ रहता था वो बढ़कर 42 हजार करोड़ पर पहुंच रहा है। प्रक्रिया सरल हो, कानून व्यवस्था दुरुस्त हो तो निवेश आता है, यह योगी जी ने साबित किया है। भारत सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रेटिंग जारी करती है।

# देश में बेहतर लॉजिस्टिक इको सिस्टम बनाने में निजी क्षेत्र की बड़ी भूमिकाः अनुप्रिया

● केंद्रीय वाणिज्य राज्य मंत्री ने यूपी सरकार की नई लॉजिस्टिक नीति को सराहा

पयनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केंद्रीय वाणिज्य** एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लॉजिस्टिक खर्च को कम करने के राष्ट्रीय लक्ष्य की सफलता में उत्तर प्रदेश के प्रयासों की सराहना की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि केंद्र व राज्य की सरकार एक इकाई के रूप में काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार की नई वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक नीति निजी क्षेत्र को प्रोत्सहित करने वाली है। प्राइवेट सेक्टर को इसका अधिकाधिक लाभ लेना चाहिए।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तीसरे दिन रविवार को श्भारत का उभरता हुआ वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टक हब उत्तर प्रदेश विषयक सत्र में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्तमान में देश में लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद का 14 प्रतिशत है जिसमें वर्ष 2030 तक लगभग 8 प्रतिशत तक की कमी लाना का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स में शीर्ष 10 में शामिल होना है। देश के सबसे बड़े राज्य यूपी की सरकार जिस तरह वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर कर रही है, उससे हमें अपने लक्ष्य में निश्चित ही सफलता मिलेगी। विशेष सत्र में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने भी अपने विचार रखे। लॉजिस्टिक सेक्टर की चुनौतियों की चर्चा करते हुए कहा कि लॉजिस्टिक लागत को कम करना उद्योग जगत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए नीतिगत प्रयास किए जा रहे हैं। अमेरिका, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और कुछ यूरोपीय देशों में लॉजिस्टिक्स लागत जीडीपी अनुपात से बहुत कम है। सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि लॉजिस्टिक मुद्दों को कम से कम किया जाए, निर्यात कई गुना बढ़े और छोटे उद्योगों एवं उनमें काम करने वाले लोगों को अधिक लाभ मिले। यूपी सरकार की नई लॉजिस्टिक नीति की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह नीति इस क्षेत्र को देश में एक एकीकृत, लागत कुशल, लचीला तथा सतत लॉजिस्टिक परितंत्र बनाने में मदद करेगी क्योंकि यह नियमों को सुव्यवस्थित करने व आपूर्ति.पक्ष की बाधाओं को दूर करने के साथसाथ क्षेत्र के सभी बुनियादों को कवर करती है।

# बैंक उद्योगपतियों को आसान शर्त और कम समय में दें लोनः सुरेश खन्ना

● जिस प्रदेश में कानून व्यवस्था सबसे बड़ी समस्या थी आज वही सबसे बड़ी उपलब्धिः वित्त मंत्री




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यूपीजीआईएस 23 के व्यास हाल में आयोजित ट्रांसफॉर्मिंग फाइनेंशियल लैंडस्केप इन यूपी, बैंकर्स राउंडटेबल सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी देश या प्रदेश के विकास को नई बुलंदियां देने में बैंक और उद्योग का ही सबसे बड़ा रोल होता है। बिना बैंकों के सहयोग के इसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बैंकों से प्रदेश में निवेश के लिए आने वाले उद्योगपतियों को कम कागजात और आसान शर्त पर लोन देने की अपील की। इस प्रक्रिया को अपनाने में ज्यादा से ज्यादा डिजिटलाइजेशन का प्रयोग हो यह भी जरूरी है। केंद्र सरकार से लेकर योगी सरकार का फोकस एमएसएमई यूनिट पर है। बैंकों को भी इस ओर फोकस करना होगा तभी प्रदेश को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य को हम बुलेट ट्रेन की रफ्तार दे सकेंगे। केंद्र सरकार की तरह ही योगी सरकार ने प्रदेश में एमएसएमई यूनिट को बढ़ाने के लिए पॉलिसियों में कई तरह की रियायतें दी हैं। यही वजह है कि प्रदेश में देश ही नहीं विदेश के निवेशक भी यूपी में अपना उद्योग लगाने के लिए यूपीजीआईएस 23 के इस महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए यहां आए। इसके लिए मैं उन सबका आभार व्यक्त करता हूं। सेशन में मौजूद विभिन्न बैंक के प्रतिनिधियों से कहा कि वह अपनी ब्रांच में खुलेमन से लोन देने के टारगेट को पूरा करे क्योंकि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है। योगी सरकार की नीतियों का ही असर है कि प्रदेश में एक्सपोर्ट बढ़ा है, जो वर्तमान में एक लाख 56 हजार करोड़ को पार करने वाला है।

उन्होंने कहा कि बैंकर्स एमएसएमई यूनिट को लोन देने में कोई कसर न छोड़ें क्योंकि यही यूनिट उनकी ग्रोथ का इंजन भी बनेंगी। इन यूनिट को बैंक आसान शर्त पर देने के साथ उनके साथ अच्छा व्यवहार करें। साथ ही कस्टमर द्वारा किया गया कमिटमेंट्स को भी पूरा करें इससे उनकी छवि को पहले से अच्छी होगी ही साथ में उनका बिजनेस टारगेट भी समय से पूरा होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदेश में कभी कानून व्यवस्था सबसे बड़ी समस्या थी जिसकी वजह से उद्योगपति यहां से पलायन कर रहे थे। पिछले छह वर्षों में योगी सरकार ने नेतृत्व में कानून व्यवस्था में काफी बदलाव हुआ है। ऐसे में जिस प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था सबसे बड़ी समस्या थी आज उसी प्रदेश में सुदृढ़ कानून व्यवस्था सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### डिजिटलाइजेशन की दिशा में एसबीआई दिन प्रति दिन आगे बढ़ा रहा कदमः चेयरमैन पीएनबी

पैनल डिस्कशन में पीएनबी के चेयरमैन ने कहा कि उनका सबसे ज्यादा फोकस किसान उत्पादक संगठन पर है। बैंक की ओर से कई तरह की स्कीम जारी की गई है। प्रदेश में 4.6 प्रतिशत की दर से एग्रीकल्चर में ग्रोथ हो रही है इसे बढ़ाने के लिए हमारी बैंक फसल बीमा समेत कृषि से जुड़े तमाम इंफ्रा पर किसानों की मदद कर रही है। एसबीआई के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीन राघवेंद्र ने बताया कि उनकी बैंक ने डिजिटल इकोनॉमी के क्षेत्र में काम किया है और लगातार इसे बेहतर करने पर काम कर रही है।

एसबीआई का करीब 97 प्रतिशत ट्रांसजेक्शन अलग-अलग पैनल पर होता है इसे एक करने के लिए बैंक ने यूनो एप लांच किया जिसमें 5 करोड़ 80 लाख से अधिक लोगों को बोर्ड किया गया है। वहीं एमएसएमई यूनिट के लिए एक एप डवलप किया गया है जिसके माध्यम से 20 लाख तक के लोन के लिए बिना किसी कागजात के लोन दिया जा रहा है। पैनल डिस्कशन में बैंक ऑफ बड़ौदा के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर देबदत्त चंद्र, एचडीएफसी के कंट्री हेड अरविंद वोहरा, यूनियन बैंक ऑफइंडिया विवेक वाही ने अपने बैंक की स्कीमों के बारे में विस्तार से बताया और चर्चा की।

# इन्वेस्टर्स समिटः खीरी में 2573.02 करोड़ के हुए 86 निवेश प्रस्ताव

**आयोजनः कलेक्ट्रेट में जिलास्तरीय निवेश कुंभ में दिखाई गई लाइव स्ट्रीमिंग, राष्ट्रपति का भाषण पर तालियों से कलेक्ट्रेट**



**लखीमपुर खीरी।** तराई की तरक्की से प्रदेश के वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था को साकार करने के उठा कदम रविवार को साकार हुआ। खीरी में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश के 86 प्रस्ताव मिले। उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट.2023 आयोजन के तीसरे, अंतिम दिन रविवार शाम कलेक्ट्रेट में जनपद स्तरीय निवेश कुंभ का आयोजन हुआ, जिसमें समापन समारोह का लाइव स्ट्रीमिंग हुई। कलेक्ट्रेट में आयोजित समापन समारोह पर अफसरों ने निवेशक उद्यमियों को पुष्प देकर अभिनंदन किया। एलईडी स्क्रीन से बड़ी संख्या में उद्यमी, जनप्रतिनिधियों, अफसरों, कॉलेज के छात्र छात्राओं ने उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट समापन कार्यक्रम एव भारत गणराज्य की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण देखा, सुना।

भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि उद्यमियों के विश्वास, समय और धन तीनों का जनपद में निवेश है। जनपद में निवेश करने वाले सभी उद्यमियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आश्वस्त किया कि उद्यमियों की सभी समस्याओं का त्वरित निस्तारण होगा। आज उप्र देश की प्रगति का ग्रोथ इंजन बन गया है। यूपी में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि आज उप्र निवेशकों के लिए पसंदीदा स्थान बन गया है। ऐसी स्थिति तभी बनती है, जब जमीनी स्तर पर व्यापक बदलाव किए जाते हैं और उनके माध्यम से कारोबारियों को यह भरोसा दिलाया जाता है कि उनका निवेश न केवल सुरक्षित है बल्कि उनके पास आगे बढ़ने के भी पर्याप्त अवसर हैं। इसमें संदेह नहीं कि पिछले करीब छह वर्षों में उप्र में बहुत कुछ बदला है। इस बदलाव के कारण ही उल्लेखनीय निवेश प्रस्ताव मिले हैं। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि इन्वेस्टर्स निर्यातक शिखर सम्मेलन और निवेश कुंभ में मिले निवेश खीरी के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यूपीजीआईएस के परिपेक्ष में जनपद खीरी से 2573•02 करोड़ के कुल 86 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। निवेशक उद्यमियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं, अन्य उद्यमियों को भी खीरी में निवेश के लिए प्रेरित प्रोत्साहित किया।

डीएम ने कहा कि जिले में किसी भी उद्यमी को कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। सभी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उद्यमों की स्थापना से रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और सभी क्षेत्रों का तेजी से विकास हो सकेगा। सभी अधिकारी निवेशकों के साथ मिलकर टीम भावना से काम करें। ऐसा करने से ही औद्योगिक विकास तेजी से संभव हो पाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में खीरी की सूरत बदल जाएगी। उप्र ग्लोबल इन्वेटर्स समिट. 2023 के सापेक्ष जनपद में निवेश के लिए अद्यतन प्राप्त कुल 86 प्रस्तावों प्राप्त हुए। सेक्टरवार प्राप्त प्रस्ताव का विवरण इस प्रकार है कि फारेस्ट 18, एमएसएमई 17, डेयरी 11, पर्यटन 09, अतिरिक्त उर्जा 08, पशुपालन 06, हाउसिंग व उद्यान 03.03, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, आबकारी के 02.02, व्यवसायिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, कृषि, आईटी, ऊर्जा सेक्टर से एक.एक प्रस्ताव प्राप्त हुए। बीजेपी जिला मंत्री रामजी दीक्षित, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह, डीडीओ अरविंद कुमार, ईई विद्युत शैलेंद्र यादव, डीईओ कुलदीप दिनकर, बीएसए डॉ लक्ष्मी कांत पांडेय, डीएसओ सुधांशु शेखर, डीपीआरओ सोमशील सिंह, एलडीएम अजय पांडेय, पीओ यूपीनेडा कमलेश सिंह, एडीआईओ नरेंद्र कुमार, दुग्ध संघ प्रबंधक जीएल वर्मा, उद्यमी विनीत गुप्ता, अनिल शुक्ला, गोपाल अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी सहित बड़ी संख्या में अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं बीएड, पॉलिटेक्निक के छात्र.छात्रा मौजूद रहे।

# भ्रूण लिंग की जांच कराने वाले चार अल्ट्रासाउंड सेंटर पर हुई एफआईआर, नौ किए गए सील

**संवाददाता।** बरेली

**मुख्यमंत्री** के निर्देश पर अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच करने वाले अस्पतालों के खिलाफताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू हो गई है। सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें शहरी और देहात क्षेत्र के अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच करने में जुटी हैं। अब तक 55 अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच की जा चुकी है। इनमें डॉक्टर ना होने और खामियां पाए जाने पर भ्रूण लिंग की जांच कराने के आरोप में चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। जबकि नौ अल्ट्रासाउंड सेंटर सील किया चुके हैं। सीएमओ डॉ बलबीर सिंह ने नोडल अफसर डॉ हरपाल सिंह समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ अल्ट्रासाउंड सेंटर में की गई अब तक की कार्रवाही की समीक्षा की। उन्होंने सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। भ्रूण लिंग की जांच कराने वालों के खिलाफ तत्काल एफ्आईआर कराने के भी आदेश दिए हैंपीएनडीटी एक्ट 1994 के तहत अल्ट्रासाउंड सेंटर में भ्रूण लिंग की जांच कराना कानूनी अपराध है। ऐसा पाए जाने पर संबंधित के खिलाफकार्रवाई का प्रावधान है। बरेली में 240 अल्ट्रासाउंड सेंटर हैं। इसमें 75 अल्ट्रासाउंड सेंटर देहात क्षेत्र में है जबकि 166 अल्ट्रासाउंड सेंटर शहरी क्षेत्र में है। जनवरी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 23 केंद्रों की जांच की है। फरवरी में अब तक 32 अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच की जा चुकी है।

सीएमओ डॉ बलबीर सिंह ने सोमवार से अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने बरेली में अब तक 55 अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच पड़ताल की है। इसमें भ्रूण लिंग की जांच कराने के आरोप में कोपल हॉस्पिटल, डॉक्टर उपस्थित होने पर कृष्णा अल्ट्रासाउंड सेंटर, रेनू अल्ट्रासाउंड सेंटर फरीदपुर, वरदान अल्ट्रासाउंड सेंटर भुता के खिलाफएफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके अतिरिक्त लाइफ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर बहेड़ी, रीजनल हॉस्पिटल, ग्लोबल अल्ट्रासाउंड सेंटर बहेड़ी, कैंपर हेल्थ केयर सेंटर बरेली, अल्फा डायग्नोस्टिक सेंटर बरेली, राधिका आईवीएफ एंड चाइल्ड केयर सेंटर बरेली, पल्लवी अल्ट्रासाउंड सेंटर, रिगार्ड अल्ट्रासाउंड सेंटर देवचरा, जनता अल्ट्रासाउंड सेंटर फ्तेहगंज पश्चिमी बंद होने और डॉक्टर ना होने के आरोप में सील किए गए हैं।

# दंपती निहाल, दरक रहे रिश्तों में खाकी ने पहनाई 'भरोसे' की जयमाल

**सीतापुर।** शादी को छह माह हुए थे, कि अचानक दंपती के बीच तकरार बढ़ गई। मामला इतना तूल पकड़ा कि चंद महीने पहले अग्नि को साक्षी मानकर लिए गए सात फेरों, सारी रस्मों रिवाजों को भुलाकर दोनों अलग-अलग हो गए, लेकिन कहते हैं कि जो रिश्ते दिल से जुड़े होते हैं, उनमे लंबे समय तक दूरियां नहीं रह पातीं। इस कहानी में भी कुछ ऐसा ही हुआ। दंपती के बीच चल रहे मनमुटाव का मामला पुलिस के पास पहुंचा तो फिर खाकी ने दोनों के दरक रहे रिश्तों को अपनेपन के धागे में मजबूती से पिरोते हुए स्नेह की लंबी लकीर खींच दी। समझौते का माध्यम बनी पुलिस ने मनमुटाव की दीवार को गिराकर प्यार की नई नींव खड़ी कर दी। दोबारा हुए दंपती के मिलन का गवाह थाना, थाने की पुलिस और दोनों के परिवारीजन बने। आइए आपको इस पूरे मामले से रूबरू करा देते हैं। दरअसल, सीतापुर के थाना इमलिया सुल्तानपुर इलाके के नकरहिया गांव की निवासी ऊषा गुप्ता पुत्री बृजमोहन का विवाह एक साल पूर्व शहर कोतवाली इलाके के चौधरी टोला निवासी विशाल गुप्ता पुत्र रामदुलारे के साथ हुआ था। बताया जाता है कि शादी के छह माह बाद ही दंपती के बीच अनबन हो गई। रिश्तों में दूरियां इस कदर हुईं कि दंपती एक साथ रहने को राजी नहीं हो रहे थे। दोनों अलग-अलग रहने लगे। मामला इमलिया सुल्तानपुर एसओ मनीष कुमार सिंह के पास पहुंचा। उन्होंने दोनों पक्षों को रविवार को थाने पर बुलाया, जहां पर पुलिस ने दंपती से एक-एक करके बात की और फिर दोनों को एक साथ रहने को राजी किया। पुलिस के समझाने के बाद आखिरकार ऊषा और विशाल राजी हो गए। फिर क्या था। थाने पर ही मंदिर में दोबारा दंपती को जयमाल पहनाने की व्यवस्था की गई। पुलिस और दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी में दंपती ने एक-दूजे को जयमाल पहनाकर एक साथ रहने के लिए हाथ थाम लिए।

# नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर मनाए जा रहे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का सीएमओ ने किया निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेले की निगरानी हेतु सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा नगरीय स्वास्थ्य केंद्र निर्मल नगर और गोटैय्या बाग का औचक निरीक्षण किया गया। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दोनों ही नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला संचालित था। निर्मल नगर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. शुभम शुक्ला, आयुष डॉ. प्रकाशनी वर्मा व डॉ. आकांक्षा सहित अन्य स्टाफ मौजूद थे और निरीक्षण के समय तक 53 मरीज देखे गए थे। चार बच्चों को टीका लगाया गया था और चार टेस्ट किए गए थे। वहीं गोटैय्या बाग में चिकित्सा अधिकारी डॉ. कर्मवीर सहित एमओ आयुष डॉ अरुण कुमार और अन्य स्टाफमौजूद था। भ्रमण के समय तक 45 मरीजों को परामर्श दिया गया थाए परंतु वैक्सीन और टेस्ट नहीं हुए थे। दोनों ही नगरी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण के लिए देय सूची नहीं मिली। जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और टीकाकरण सूची के साथ टीकाकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला शासन की प्राथमिकताओं में है और इसमें किसी भी तरह की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि इमरजेंसी के ओयल स्थित 200 शैय्या चिकित्सालय में स्थानांतरित होने के कारण मरीजों को नगर में ही बेहतर चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा देने का दायित्व अब नगरी स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारियों और कर्मचारियों पर है। ऐसे में दवाओं की उपलब्धता के साथ शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर कार्य करना उनका दायित्व है।

## सहेली के साथ गई नाबालिक लड़की का अपहरण

**बरेली।** सहेली के साथ घर से बाहर गई एक नाबालिग लड़की घर वापस नहीं लौटी तो उसके परिजनो ने एक युवक और उसके दो दोस्तो और वह लड़की को अगवा करने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज करा दी । आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी। किला थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली नाबालिग लड़की के परिजनों ने बताया कि लड़की 10 फरवरी को अपनी एक सहेली के साथ घर से बाहर गई थी जब वह वापस नहीं लौटी तो घरवालो ने कुछ देर इंतजार करने के बाद उसे तलाशने की कोशिश तो कर दी लेकिन का कुछ पता नहीं चला सहेली से बताया कि अरुण नाम का एक लड़का और उसके दो साथी लड़की को अपने साथ ले गए हैं जब घर वालों ने अरुण की तलाश की तो वह अपने घर से लापता था घर वालों ने अरुण और उसके दो साथियों पर लड़की को अगवा करने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज करा दी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली और आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

## क्विक न्यूज

### कार्यसमिति की बैठक संपन्न



**लखीमपुर खीरी।** रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा मोहम्मदी के मण्डल राजापुर बेनी की रविवार को मण्डल राजापुर की मण्डल कार्यसमिति की बैठक ओम प्रकाश सिंह पब्लिक स्कूल मूड़ागालिब में सम्पन्न हुईं। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री ज्योतिर्मय बरतरिया उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपाल शुक्ला ने किया। राजनीतिक प्रस्ताव देवेश मिश्र ने रखा जिसका समर्थन जिला पंचायत सदस्य नन्हेलाल पासी ने किया और इसका अनुमोदन मंडल महामंत्री इंद्रजीत सिंह ने किया। कार्यसमिति में रंजीत वर्मा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, उमेश मिश्रा, उपाध्यक्ष बृजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, विमल बाजपेई, पूर्व जिला पंचायत राम सहारे शुक्ला, रमाकांत शुक्ला, उपाध्यक्ष देवेश मिश्रा, अवधेश सिंह, समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन मंडल उपाध्यक्ष दुर्वेश सिंह ने किया।

### एसीएमओ के निरीक्षण में आशा और सीएचओ मिले नदारद

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के निरीक्षण में एसीएमओ डॉण् अनिल कुमार गुप्ता को दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आशा और सीएचओ नदारद मिले। जिसको लेकर उन्होंने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश सीएचसी प्रभारियों को दिए है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि रविवार को उनके द्वारा सीएचसी पसगवां के अंतर्गत औरंगाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सीएचसी मितौली के अंतर्गत कैम्हारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। वहां पर पहुंचे मरीजों से उन्होंने मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी की। मेले में दोनों ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टर और अन्य पैरामेडिकल स्टाफउपस्थित मिला परंतु इन दोनों ही जगह पर आशा और सीएचओ नदारद मिले। जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए इनके विरुद्ध दोनों ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दोनों ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को एलोपैथिकए आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के डॉक्टर द्वारा उपचार दिया जा रहा था। वहीं पीएचसी औरंगाबाद में झाड़ियां देखकर एसीएमओ नाराज हुए और इसे तत्काल साफकराने के निर्देश दिए।

### पति से विवाद के बाद पत्नी ने तेजाब पिया

**बरेली ।** समझौते के बाद मायके से ससुराल गई विवाहिता ने आज पति से हुए विवाद के बाद तेजाब पी लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव धुनसा निवासी शाहिद अली की पत्नी हिना को आज उसके ससुर इसरार अहमद ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसने बताया कि सीबीआई के गांव बाकर नगर गोटिया निवासी जीशान खा की लड़की हिना का विवाह लगभग 3 साल पूर्व शाहिद अली से हुआ था वह एक बेटी शाजिया नूर की मां है लगभग 6 माह पूर्व हिना पति शाहिद अली से विवाद के बाद अपने मायके चली गई और उसने पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया लेकिन न्यायालय ने लगभग 3 माह पूर्व दोनों पक्षों में समझौते के बाद वह अपनी ससुराल चली गई जहां पर आज उसका पति शाहिद अली से किसी बात को विवाद हो गया घर के लोग उस समय खेत पर गए हुए थे विवाद के बाद गुस्साई हिना ने तेजाब पी लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर घर वापस लौटे ससुर ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया और घटना की सूचना नाजरा जिला अस्पताल पहुंची हिना की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

### दो लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरेली।** दो शातिर लुटेरों को पुलिस ने गश्त के दौरान गिरफ्तार कर लिया उसके पास से एक मोटरसाइकिल लूटा गया सामान भी बरामद हुआ गिरफ्तार लुटेरों को पुलिस ने जेल भेजा। किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला कुंवरपुर निवासी अमित उर्फकल्लू उर्फमशीन और उसके साथी यहीं के रहने वाले सूरज को पुलिस ने बीती रात किला थाना क्षेत्र में गंगा मंदिर चौधरी तालाब के पीछे से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लुटेरों के पास से मोटरसाइकिल, लूटी गई पीली धातु की एक चौन, तमंचा कारतूस और अवैध चाकू भी बरामद हुआ गिरफ्तार किए गए अंकित पर किला थाने में 9 और सूरज पर तीन मुकदमे दर्ज है वह दोनों शातिर अपराधी है पुलिस ने उन्हें जेल भेजा।

# सब्जी विक्रेता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली।** पारिवारिक कलह के चलते सब्जी विक्रेता ने घर के पास ही पेड़ से लटक कर फांसी लगा ली ।सुबह होने पर उसकी लाश पेड़ पर लटकी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। कैंट थाना क्षेत्र के गांव कांधर पुर निवासी 26 वर्षीय ताराचंद की लाश आज सुबह उसके घर से कुछ ही दूरी पर बेर के पेड़ पर बंधे गमछे के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि ताराचंद ठेले पर रखकर सब्जी बेचता था। उसका अपने घर वालों से अक्सर विवाद होता था। कल रात में भी उसका अपने घरवालों से विवाद हुआ था। इसके बाद घर के लोग गहरी नींद में सो गए। रात के समय किसी समय घर से बाहर गए ताराचंद ने बेर के पेड़ से गमछा बांधकर फांसी लगा ली ।सुबह होने पर जब वह बिस्तर पर नहीं मिला तो घर के लोग उसे तलाशने में जुट गए। इसी दौरान गांव के लोगों ने उसकी लाश को पेड़ पर लटके देखा और घरवालों को सूचना दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# बसपा, सपा को छोड़कर कांग्रेस में हुए शामिल



**बरेली।** महानगर कांग्रेस कमेटी के रामपुर बाग स्थित कार्यालय पर रविवार को बड़ी तादाद में गैर कांग्रेसी दलों बसपा और सपा को छोड़कर आए, दर्जनों लोगों का महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने स्वागत किया एवं सभी को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई, सभी को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया, और यह विश्वास दिलाया गया कि कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता हर पीड़ित कमजोर और सत्ता पक्ष से सताए हुए लोगों के साथ खड़ा है। इस अवसर पर बोलते हुए महानगर अध्यक्ष शुक्ला ने कहा कि 1989 से उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार नहीं है फिर भी उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के संगठन की धार में कोई कमी नहीं है, हमने हर चुनौती का डटकर मुकाबला किया है जातिवाद फिरकापरस्त और सांप्रदायिक ताकतों के ताबूत में कील भी ठोकी है, देश का हर नागरिक दुखी और पीड़ित है भ्रष्टाचार का शिकार हो रहा है महंगाई इतनी है कि घर की रोजी रोटी चलाना भी उसके लिए मुश्किल होगा धर्म और सांप्रदायिकता के नाम पर सत्ता तक पहुंची भाजपा कि अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है कांग्रेस पार्टी का बलिदान और कार्यकर्ताओं की जी तोड़ मेहनत का नतीजा 2024 में मिलेगा और केंद्र में कांग्रेस की सरकार होगी तब हर शख्स राहत भरी सांस लेगा।

उपाध्यक्ष महेश पंडित ने कहा कि, 'संख्या पर ध्यान केन्द्रित करने के बजाय, सही सदस्यों पर ध्यान केन्द्रित करने पर हमारी पार्टी की ज्यादा रुचि है, जो वाकई कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास रखते हैं जिन्हें देश से प्रेम है वह आज भी हमारे साथ खड़े हैं और ऐसे लोगों के दम पर कांग्रेस पार्टी के हौसले बुलंद हैं बसपा और सपा छोड़कर तमाम कार्यकर्ता आज कांग्रेस में विधिवत शामिल किए गए जिनका महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला की मौजूदगी में उनका अभिनंदन और स्वागत किया है शामिल होने वालों में साजिद अंसारी, मोहम्मद रेहान, सलमा अंसारी, गजाला परवीन, सायरा, मुस्कान, शबनम बहुतसे लोग कांग्रेस में सम्मिलित हुए महानगर कांग्रेस कमेटी के सदस्य सर्वश्री उपाध्यक्ष महेश पंडित जी, महानगर प्रवक्ता योगेश जौहरी, महासचिव सर्वत हुसैन, अनिल देव शर्मा, माजिद, खान सुरेंद्र सोनकर, हाजी सुल्तान,वीरेंद्र कुमार, पंकज शर्मा, राजेश कुमार, राहुल शुक्ला, राजकुमार की संख्या में कांग्रेसी जन मौजूद रहे।

# जमीन विवाद में हुआ बवाल, वायरल वीडियो के बाद हरकत में आई पुलिस

**संवाददाता।** सीतापुर

**जिले में** जमीन को लेकर उपजे विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। एक पक्ष की ओर से मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अब इस मामले में पुलिस कार्रवाई करने की तैयारी में है। मामला सकरन इलाके के मंडोर गांव का है। यहां की निवासी राजकुमारी ने 8 फरवरी को सकरन थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनके घर के सामने खाली पड़ी जगह पर वह निर्माण कराना चाहती हैं, लेकिन पड़ोसी दबंग किस्म के हैं। आरोप है कि वह लोग निर्माण कार्य करने से रोक रहे हैं। आरोप यह भी वह लोग जबरन उनकी जमीन पर खूंटा गाड़कर कब्जा कर रहे हैं। इसका विरोध करने पर आरोप है कि विपक्षियों ने मारपीट की। गाली गलौज देते हुए धमकाया। महिला ने ये तहरीर 8 फरवरी को दी थी। अब रविवार को मारपीट का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें बताया जा रहा है कि दबंगों की ओर से मारपीट की गई है। 8 फरवरी को दी गई तहरीर पर सकरन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। अब मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद सकरन एसओ मुकेश वर्मा हरकत में आए हैं। सकरन थानेदार मुकेश की माने तो मामले में दोनों पक्षों को बुलाया गया था, लेकिन उससे पहले ही मारपीट कर ली है। घायलों का मेडिकल कराया जा रहा है। तहरीर के आधार पर फिलहाल एक पक्ष पर कार्रवाई की जा रही है। दूसरे पर भी जांच के बाद की जाएगी।

# पेज एक का शेष

## छह नए...

निर्माण का रास्ता साफ किया था और केंद्र को एक मस्जिद के लिए सुन्नी वक्फ बोर्ड को पांच एकड़ का भूखंड आवंटित करने का निर्देश दिया था।

## दिल्ली से...

ध्यान नहीं देने के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश के सैनिकों के शौर्य को कम करके आंका जबकि सीमा पर दुश्मनों को रोकना और उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना हमारी सेनाओं को बखूबी आता है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने दुश्मन देशों के डर के मारे सीमा से जुड़े गावों व शहरों का विकास नहीं करवाया। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस की सरकारें सीमा से जुड़े गांवों और शहरों का इसलिए विकास नहीं करती थीं क्योंकि वो डरती थीं... और यह संसद में उन्होंने बोला है। मोदी ने कहा, वो डरती थीं कि हम सीमा पर रास्ते बना देंगे.. सड़कें बना देंगे तो दुश्मन उसी पर चलकर, चला आएगा तो क्या होगा?.. हमारी बनाई सड़कों पर दुश्मन आ जाएगा तो क्या होगा?.. मुझे समझ नहीं आता कि कांग्रेस क्यों हमेशा हमारे सैनिकों के शौर्य और उनकी बहादुरी को कम करके आंकती रही।

## विरासत और...

को रास्ता दिखाने में स्वामी दयानंद को किस तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ा होगा। मोदी ने दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह मानवता के भविष्य के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती भारत की महिलाओं के सशक्तीकरण की आवाज बनें और उन्होंने सामाजिक भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ एक मजबूत अभियान चलाया। मोदी ने कहा कि आज देश की बेटियां सियाचिन में तैनात होने से लेकर राफेल लड़ाकू विमान उड़ाने तक प्रमुख भूमिकाएं निभा रही हैं। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद, प्रधानमंत्री ने दयानंद सरस्वती की तस्वीरों और उनकी कुछ दुर्लभ तस्वीरों वाली प्रदर्शनी का अवलोकन किया और आर्य समाज के विभिन्न पहलुओं का जीवंत प्रतिनिधित्व देखा। उन्होंने स्टेडियम परिसर में बने मंडप में चल रहे यज्ञ में आहुति अर्पण भी किया। कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में प्रधानमंत्री के हवाले से कहा गया कि कलह, हिंसा और अस्थिरता के इस युग में महर्षि दयानंद द्वारा दिखाया गया मार्ग आशा देता है। कार्यक्रम के अंत में, मोदी ने युवा प्रतिनिधियों को एक प्रतीकात्मक मशाल सौंपी, ताकि महर्षि दयानंद सरस्वती के संदेशों को शेष भारत और दुनिया भर में प्रसारित किया जा सके। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने पूर्व में एक बयान में कहा था कि 1824 में जन्मे महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपने समय की सामाजिक असमानताओं से निपटने के लिए आर्य समाज की स्थापना की थी। इसने कहा कि आर्य समाज ने सामाजिक सुधारों और शिक्षा पर जोर देकर देश की सांस्कृतिक एवं सामाजिक जागृति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## विकास इंजन...

है। राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कृषि आधारित उद्यमिता विकास की अनेक संभावनाएं हैं। प्रसन्नता की बात है कि उत्तर प्रदेश सरकार फूड प्रोसेसिंग पॉलिसी से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को प्रोत्साहित कर रही है। खुद को किसान परिवार का सदस्य बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि व कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उनकी टीम की प्रशंसा करती हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता जताई कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफसे वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है और इस दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिलेट्स की डिमांड और सप्लाई चैन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए राजनीतिक स्थिरता व निरंतरता सहायक सिद्ध होती है। उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए प्रदेश सरकार द्वारा जिस प्रकार प्रक्रियाओं को सरल बनाने के प्रयास किए गए हैं वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 95 लाख एमएसएमई हैं जो देश में सर्वाधिक हैं। एमएसएमई, कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार का अवसर प्रदान करने वाला क्षेत्र है। आर्थिक विकास में एमएसएमई की प्रमुख भूमिका है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर बनाने के लक्ष्य में उत्तर प्रदेश ने एक ट्रिलियन डॉलर का योगदान देने का संकल्प लिया है। देश की कुल अर्थव्यवस्था का पांचवा हिस्सा उत्तर प्रदेश से पूरा होगा। इस संकल्प के सिद्ध होने से प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर अभियान को भी काफी बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि 2019 में प्रयागराज कुंभ के शानदार आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जिस प्रकार पूरे विश्व में प्रशंसा हुई थी, उनकी कामना है कि इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को भी विश्वव्यापी ख्याति मिले। राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर काफी कम हुआ है। सड़क यातायात, हाइवे व एक्सप्रेस में निवेश से आर्थिक विकास में काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता है कि देश मे 65 प्रतिशत मोबाइल उपकरण अकेले उत्तर प्रदेश में बनते हैं।

## निवेश का...

समिट की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि निवेश के इस वैश्विक महाकुंभ में 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इसके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था। इस निवेश से 93 लाख नौकरी व रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि पहले निवेश का मतलब सिर्फएनसीआर में निवेश होता था। समिट में प्रदेश के सभी 75 जनपदों के लिए निवेश मिले हैं। कमजोर समझे जाने वाले पूर्वांचल व बुंदेलखंड में भी भारी निवेश आया है। 9.54 लाख करोड़ तथा बुंदेलखंड में 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मंत्री समूह व प्रशासनिक अधिकारी मिलकर टीम भावना से सभी निवेश प्रस्तावों को व्यवस्थित तरीके से धरातल पर उतारेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमओयू से लेकर निवेश को धरातल पर उतारने तक के चरणों में उद्यमियों की सहायता के लिए निवेश सारथी, निवेश मित्र, मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र और इंसेंटिव मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे पारदर्शी सिंगल विंडो सिस्टम बनाए गए। इन सबके साथ हर निवेशक प्रदेश के कानून व्यवस्था से प्रभावित होकर निवेश के लिए आकर्षित हुआ। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में असीम संभावनाएं हैं प्रधानमंत्री की अनुकंपा से औद्योगिक निवेश को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि नए भारत के विकसित उत्तर प्रदेश और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का प्रदेश बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के किसी भी राज्य की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का प्रदेश मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश प्राचीनकाल से ही आध्यात्मिक, सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध है। विश्व की सबसे प्राचीन नगरी, काशी का बाबा विश्वनाथ धाम पूरी दुनिया को आकर्षित करता है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या हो या कान्हा मथुरा वृंदावन यूपी में है। गंगाए जमुना और सरस्वती की त्रिवेणी, कुंभ की धरती प्रयागराज भी यही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रत्येक जनपद के विशिष्ट उत्पादए परंपरागत उद्यम को ओडीओपी से जोड़कर इन उद्यमों के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई गई है। सीएम योगी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मार्गदर्शन देने व सहभागी बनने के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के साथ ही केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, स्मृति ईरानी, अश्वनी वैष्णव, राजीव चंद्रशेखर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, सभी 10 साझीदार देशों डेनमार्क, यूएई, यूके के मंत्रियों, 9 देशों के उच्चायुक्त, देश के सभी प्रमुख उद्योगपतियों, 40 देशों के डेलीगेट समेत सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह को प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्रीद्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, देश विदेश के निवेशक, उद्यमी आदि उपस्थित रहे।

## चार उच्च...

था। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं जबकि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश 62 साल की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं। राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संदीप मेहता को गौहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। गौहाटी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह को जम्मू कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

# देश के चहुमुखी विकास को समर्पित है मोदी सरकार का बजटः आर के सिंह पटेल

## बुंदेलखंड के धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास से दूर होगी बेरोजगारी-सांसद

## सांसद ने प्रेस वार्ता कर गिनाई केंद्र सरकार के बजट की खूबियां

**संवाददाता।** चित्रकूट

**मुख्यालय स्थित** रामकृपा होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन की



पूरी टीम ने 2022-23 के बजट में देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों, छोटे दुकानदारों, मध्यम वर्गीय व्यापारियों, बेरोजगारों के लिए समर्पित किया है। इस बजट में देश की आजादी के 75वें साल में दुनिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकता सितारा माना है।सांसद ने कहा कि बजट में केंद्र सरकार ने बुंदेलखंड के प्रमुख तीर्थ स्थलों के पर्यटन विकास पर विशेष ध्यान दिया है। रविवार को पत्रकार वार्ता में सांसद आर के सिंह पटेल ने बताया कि बजट में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से 4.0 के तहत अलग-अलग राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किये जायेंगे। एमएसएमई के लिए गारंटी को नौ हजार करोड परिव्यय किया गया है। केन, बेतवा नदी जोडो परियोजना की शुरुवात, ग्रामीण पेयजल को जल जीवन मिशन, पाठा के सभी बांध बंधियों के पुनरोद्धार, रसिन बांध से बरुवा बांध लिंक नहर को कार्य योजना, डिफेंसकारीडोर का निर्माण कार्य प्रारम्भ, राम वन गमन मार्ग एवं चित्रकूट-अतर्रा में एनएच 35 पर बाईपास का निर्माण कार्य शामिल है। कालिंजर, चित्रकूट, बम्बेश्वर बांदा समेत दोनों जिलों के महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों के विकास को कार्य योजना शामिल है। मानिकपुर में रानीपुर वन्य जीव विहार को राष्ट्रीय टाइगर रिजर्व घोषित कर पर्यटकों को सुविधा प्रदान करना, चित्रकूट हवाई अड्डा को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर करने की कार्य योजना, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे को हवाई अड्डा तक जोडने एवं मध्य प्रदेश तक बढाने की कार्य योजना शामिल है।

## आधा सैकड़ा से अधिक खंम्भों का तार चोरी, बिभाग को पता नही

**संवाददाता** घाटमपुर

**गजनेर** तिराहे के बिधुत उप केंद्र से चंवर गांव की ओर गयी 11 हजार के0वी0 की नव निर्मित बिधुत लाइन के तार चोर काट ले गये जिसकी कीमत लाखों में बतायी जाती है। उधर बिजली बिााग के अधिकारी तार चोरी होने की घटना की जानकारी से इनकार कर रहे हैं। 33/11 बिधुत उप केंद्र घाटमपुर से बबुराहा संर्म्पक मार्ग के किनारे-किनारे चंवर गांव तक 11 हजार के0वी0 की नयी बिद्युत लाइन खीची गयी है, ग्रामीणों के मुताविक बीते शुक्रवार और शनिवार की रात चोर नोन-नदी पुल से लेकर बबुराहा गांव के किनारे तक और फ्रि गांव के दूसरी छोर से लेकर चंवर गांव के किनारे तक करीब आधा सैकड़ा खंम्भों के तीनों तार काट ले गये हैं। उधर लाखों के तार चोरी होने की जानकारी बिभाग को नही है कि लाइन अभी बिभाग को स्थानंन्तरित हुई है कि नही।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023' में यूपी में 11वें स्थान पर रहा चित्रकूट : अभिषेक

**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने बताया कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सम्पन्न हुए 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023' में चित्रकूट पूरे प्रदेश में निवेश के मामले में 11 वां स्थान प्राप्त किया, जो बडे जनपदो की अपेक्षा अग्रणी रहा, जनपद चित्रकूट के लिए गर्व की बात है। रविवार को जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में बडा इन्वेस्टमेंट हुआ जो प्रदेश में 2.18 प्रतिशत के साथ 11 वें स्थान पर है। बताया कि जनपद चित्रकूट बड़े जनपदों से आगे बढ़ते हुए सौर ऊर्जा में काफी निवेश मिला है। जनपद में इन्वेस्टमेंट के आने से 78471 लोगों को रोजगार मुहैया कराएगा। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि इससे रोजगार



के लिए भटक रहे / जनपद से पलायन करने वाले युवकों को एक नयी दिशा देगा । जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद को आगे बढ़ाने व उनके नवयुवकों को उज्जवल भविष्य के लिए एक दिशा की तलाश में जिले में पर्यटन को चिन्हित किया गया है। जनपद चित्रकूट पर्यटन की दृष्टि के साथ ही यहाँ पर विद्यमान धार्मिक तथा पौराणिक महत्व के स्थलों व ईकोटूरिज्म से संबंधित सबरी वाटरफॉल, रानीपुर टाइगर रिजर्व चिन्हित किया गया है, जो आने वाले समय में जनपद के युवाओं को रोजगार के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा । उन्होंने बताया कि कि प्रदेश सरकार द्वारा कुछ समय पहले ही जनपद चित्रकूट में रानीपुर टाइगर रिजर्व की स्वीकृति दी गई है यहां पर पर्यटक व सैलानियों का आवागमन काफी संख्या में होता है। जनपद में होटल रिसोर्ट आदि की अपार संभावनाएं हैं। जनपद चित्रकूट बुंदेलखंड का एक छोटा सा हिस्सा जो बहुत ही पिछड़ा हुआ है। आज जिलाधिकारी के नेतृत्व में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नजर आ रहा है। जनपद के विकास कार्यों के साथ ही प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण जनहितकारी योजनाओं को लागू कराने में जिलाधिकारी द्वारा एक महति भूमिका निभाते हुए नज़र आ रही है।

# बुंदेलखंड के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा समिट : सांसद



**संवाददाता।** चित्रकूट

**राष्ट्रपति श्रीमती** द्रोपदी मुर्मु द्वारा आज लखनऊ में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का समापन किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति,राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण भी भजन संध्या स्थल सीतापुर पर दिखाया गया। कार्यक्रम में बांदा-चित्रकूट आर के सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।इस मौके पर सांसद ने कहा कि यह ग्लोबल समिट का तीन दिवसीय कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका 10 फरवरी को शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा तथा आज राष्ट्रपति द्वारा समापन किया गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार इस तरह की औद्योगिक नीति से प्रदेश को जोड़कर कार्य किया जा रहा है। जिसमें सबसे पिछड़ा जिला चित्रकूट को जोड़कर उद्यम स्थापित किया जा रहा है। योगी सरकार ने अत्यंत पिछड़े जिले चित्रकूट में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे,अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, राम वन गमन मार्ग आदि निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से हो समाधान : सीडीओ

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



**रविवार को मुख्य** विकास अधिकारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सर्वप्रथम गत बैठक में दिये गए निर्देशों पर की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी ली तथा जनपद मे तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी अधिकारियों से उद्यमियों द्वारा किये गये आवेदन पत्र पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य उद्यमियो की समस्याओं का निस्तारण करना है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना में 49 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 51 का लक्ष्य प्राप्त हुए है। ओडीओपी योजना में 20 का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसमें से 37 आवेदनों को कार्यवाही हेतु बैंक के लिये प्रेषित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने लम्बित प्रकरणों पर ससमय कार्यवाही करते हुये पात्र उद्यमियो को ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।उन्होंने प्रत्येक बिन्दुओ की रिपोर्ट निर्धारित समय में निस्तारित करके प्रगति करना सुनिश्चित करने तथा संबंधित विभागों को अनुपालन आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिए। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की स्थापना हेतु निवेश मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के निस्तारण के संबंध में निवेश मित्र पोर्टल में कृषि, श्रम, ड्रग विभाग, हाउसिंग एंड अर्बन प्लानिंग डिपार्टमेंट, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड से संबंधित आवेदन पत्र पोर्टल पर

## जूनियर्स ने सीनियर्स को रोली-चंदन लगाकर दी विदा

**फतेहपुर।** सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंशपुरम में आज ग्यारहवीं कक्षा के बच्चों ने अपने सीनियर्स बारहवीं के बच्चों को रोली-चंदन लगाकर विदा किया।

## 10 वीं अंतर्जनदीय आर्चरी प्रतियोगिता शुरू

**फतेहपुर।** पुलिस लाइन में प्रयागराज जोन की 10 वीं अंतर्जनपदीय आर्चरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने किया। एसपी ने आई टीमों के मैनेजर से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात प्रतियोगिता की शुरूआत की गई। प्रतियोगिता में जनपद फतेहपुर, बाँदा, प्रयागराज, चित्रकूट, प्रतापगढ़, महोबा व हमीरपुर जनपद की टीमों ने प्रतिभाग किया। कतिपय कारणों से जनपद कौशाम्बी की टीम प्रतिभाग नहीं कर सकी। पहले दिन कई प्रतियोगिताएं कराई गई।

## क्विक न्यूज

### ग्रह कलह से त्रस्त महिला ने मौत को गले लगाया

**उरई (जालौन)।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम अभैदेपुर मे देख ले के चलते महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं मृतका के मायके पक्ष द्वारा ससुरालियों पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है।सिरसा कलार के ग्राम मंगलौर निवासिनी कल्पना की सादी दो वर्ष पहले अभैदेपुर निवासी श्रीकृष्ण के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही दौनो पिता के साथ रहते थे। बताया गया है कि जहा पर पती पत्नी का किसी बात को लेकर आपस में बिबाद होता रहता था। जिसके चलते उसने रवीवार को खुद को कमरे के अंदर दरबाजा बन्द करके फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों ने मामले की जानकारी मृतक महिला के मायके पक्ष को दी।ध

### शिक्षा रूपी शेरनी का जो दूध पियेगा वह दहाड़ेगा:दीदी

**माधौगढ़ (जालौन)।** गणतंत्र भारत में भारतीय संविधान की भूमिका एवं चुनौतियों को लेकर नगर पंचायत रामपुरा में होली मोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दीदी निर्देश सिंह राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्र माता सावित्री बाई फुले ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दुग्ध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा यह कटु सत्य बात हैं इस बात पर हम सभी को अमल करना ही होगा।कार्यक्रम को संबोधित करते उन्होंने कहा कि अब पांच किलो राशन नहीं बल्कि पांच एकड़ जमीन चाहिए। मुझे स्कूलों का कोर्स अलग नहीं एक जैसा चाहिए, और समान शिक्षा मिलनी चाहिए। हम सब मिलकर बोट डालते है और देश का एक मुखिया चुनते है वह मुखिया वो नहीं होना चाहिए बो होना चाहिए जो बच्चों को कपड़ा दे अच्छी शिक्षा दे सभी को एक जैसे देखे न कि ड्रामा करे। उन्होंने कहा कि पाखंड को छोड़ो शिक्षा की तरफबढ़ो शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहो। ऐसे कार्यक्रम हमेशा करते रहो जिससे आने वाली पीढ़ी जागरूक होती दिखाई दें। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर वह मसीहा थे जो हम सब को उस मुकाम तक पहुंचा गए जिस मुकाम पर शायद कोई पहुंचा सकता है। आज जो रामपुरा की युवा पीढ़ी ने कर दिखाया जिससे शायद आने वाली पीढ़ियां जागरूक हो सके।

### डम्फर की टक्कर से पहिया बदल रहे ट्रक चालक की मौत

**जालौन (उरई)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर चालक ट्रक का टायर बदल रहा था। पीछे से डंपर ने ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में चालक की मौत हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। औरैया जनपद के फफूंद निवासी सुमित कुमार (28) पूना से ट्रक में नर्सरी के पौधे लादकर दिल्ली जा रहा था। जैसे ही उसका ट्रक किमी संख्या 234 पर पहुंचा तो उसके ट्रक का टायर पंचर हो गया। सुबह करीब साढ़े 5 बजे वह ट्रक को वहीं खड़ा कर टायर बदलने लगा। तभी पीछे से आ रहे डंपर के चालक ने अनियंत्रित होकर आगे खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक का जैक उतर गया और ट्रक का पहिया चालक सुमित पर चढ़ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में डंपर भी क्षतिग्रस्त हो गया। डंपर चालक डंपर को मौके पर छोड़कर भाग निकला। राहगीरों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता रमेश ने आरोपी डंपर व उसके चालक के खिलाफकोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### फर्जी नंबर प्लेट लगा मौरम की ढुलाई करते पकड़ा गया ट्रक

**जालौन (उरई)।** फर्जी नंबर प्लेट लगाकर मौरम की ढुलाई कर रहे ट्रक को परिवहन अधिकारी ने पकड़ा। परिवहन अधिकारी ने ट्रक चालक व ट्रक स्वामी के खिलाफकोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने चालक को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया।

### राजकीय महाविद्यालय में क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

**मौदहा (हमीरपुर)** कस्बा स्थित राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन के अंतिम दिन खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी हुए प्रतिभागियों को मैडल व प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे सेवा निवृत्त प्रवक्ता जय प्रकाश त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुवात की। इस दौरान कालेज के छात्र छात्राओं ने सौ मीटर एवं दो सौ मीटर, चार सौ मीटर व 800 सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता, गोला प्रक्षेप, लम्बी कूद,चक्र प्रक्षेप आदि प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को गोल्ड, सिल्वर व कांस्य मैडल पहनाकर प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का क्रीड़ा प्रभारी डॉ चंदन कुमार पाण्डेय व प्राचार्य डॉ शक्ति गुप्ता ने आभार व्यक्त किया तो वहीं क्रीड़ा प्रभारी ने बताया की महा विद्यालय में 2019 में खेल कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी मगर 2021- 22 में कोरोना काल की चपेट में आने के कारण क्रीड़ा समारोह आयोजित नहीं हो सके मगर अब यह कार्यक्रम सुचारू रूप से आयोजित होंगे। इस कार्यक्रम के दौरान ओम प्रकाश निगम सहित कालेज स्टाफभूप सिंह, डॉ स्नेहलता, संजय शिवहरे सहित अन्य स्टाफव छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

### डंपर व कार की टक्कर में चालक की मृत्यु,पांच घायल

**हमीरपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के चंदौखी गांव के पास आज शाम कार व डंपर की टक्कर से कार चालक की मौके पर ही मृत्यु हो गयी उसमे सवार पांच लोग घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिये कानपुर रिफर किया गया है। सुमेरपुर कस्बा निवासी राहुल सिंह (32) पुत्र राजेंद्र भदौरिया अपने साथी प्रशांत व जितेंद्र सिंह के साथ कार से मुख्यालय एक चिकित्सक के यहां इलाज कराने आ रहे थे। चंदौखी मोड़ के पास सुमेरपुर की ओर जा रहे डंपर ने उनकी कार में टक्कर मार दी। अनियंत्रित हुआ ट्रक हाईवे किनारे खड़े कंटेनर में जा घुसा। इस घटना में कार चालक राहुल की मौके पर मौत हो गई। जबकि उसका साथी प्रशांत व जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं डंपर चालक देवीप्रसाद निवासी कुंडौरा व साथी चालक लाला निवासी कबरई जनपद महोबा घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंची।

### सर्राफा का बंधनम का आयोजन

**कानपुर।** सर्राफा व्यापारी केंद्रित बी2बी ज्वैलरी प्लेटफॉर्म गोल्डसेतु ने कानपुर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की थीम बंधनम सेलिब्रेटिंग रिटेलर्स सक्सेस इन देयर डिजिटल जर्नी थी। इस कार्यक्रम में कंपनी के को फाउंडर विकास वर्मा सीईओ अनुज सचदेव सीपीओ कोफाउंडर रजत गौर सीबीओ और शहर के प्रमुख ज्वैलर्स एवं सर्राफा व्यापारी मौजूद थे। सर्राफा व्यापारी केंद्रित इस कार्यक्रम का उद्देश्य कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए व्यावसायिक समाधानों को प्रदर्शित करना थाद्य कंपनी टियर 2, 3 एवं 4 शहरों में ज्वैलर्स को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है।

### आचार्यकुलम ने जिला कारागार में कराया सामूहिक सुंदरकांड

**फतेहपुर।** जिला कारागार के बंदियों की मानसिक मनोदशा को सुधारने के लिए रविवार को आचार्यकुलम द्वारा धर्म जागरण कार्यक्रम के अंतर्गत सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें जेल के अधिकारियों के साथ ही कैदियों व आचार्यकुलम् संस्था के लोगों ने यज्ञ में आहूतियां दीं। आचार्यों ने बंदियों को उपदेश भी दिये। कारागार परिवार का प्रतिनिधित्व जेल अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान ने किया।

# मुख्तार की दौलत के आगे नतमस्तक थे जेल अधिकारी

## बहू निखत का जेल में चलता था सिक्का

## जल्द प्रशासन कसेगा मददगारों पर नकेल

**संवाददाता।** चित्रकूट

**मनी लांड्रिंग** के मामले में जिला जेल रगौली में बन्द माफिया डान मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी जेल से ही रियल स्टेट, ठेकेदारी और कांस्ट्रक्शन कम्पनी को चला रहा था। जेल में बैठकर अपने गुर्गों को निर्देश देता था। यही नहीं जेल से ही सभी कामों पर नजर रखता था। ये कार्य वह अपनी पत्नी निखत के फोन के जरिये



करता था। 18 नवम्बर 2022 से जिला कारागार रगौली में बन्द माफिया डान मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी 85 दिनों से जेल से नेटवर्क चला रहा था। जेल अधीक्षक के बगल वाले वीआईपी कमरे में पत्नी से मिलता था। जेल के बन्दी रक्षक समेत सभी अधिकारी उससे सेट थे। निखत अपने पति से मिलने हर दूसरे-तीसरे दिन जिला कारागार में अवैध ढंग से जाती थी। मुलाकात के साथ ही पति को जेल से भगाने की साजिश रच रही थी। जेल में पति से मिलने से पहले वह न कहीं हस्ताक्षर करती थी और न ही कोई उसकी इंट्री करता था। जेल में दोनों के लिए जेल अधीक्षक के आफिस के बगल में एक वीआईपी कमरा बुक रहता था। वहां वह अपने पति के साथ चार-पांच घंटे गुजारा करती थी। निखत पूर्वान्ह 11 बजे तक जेल पहुंच जाया करती थी।

# नहीं रहें पं. हरिनारायण दुबे उर्फनंदन बाबू

## अंतिम संस्कार आज भिटौरा में

**संवाददाता।** फतेहपुर

**जनपद की** ख्यातिलब्ध राजनैतिक हस्ती/समाजसेवी पंडित हरिनारायण दुबे उर्फ नंदन बाबू का आज दोपहर कानपुर के एक नर्सिंग होम में निधन हो गया। लगभग नब्बे वर्षीय नंदन बाबू काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे दस वर्ष तक आनरेरी मजिस्ट्रेट और फ्रि बारह वर्षों तक अमौली ब्लॉक के प्रमुख भी रहे। वे भारतीय जनता पार्टी के कई वर्षों तक जिला अध्यक्ष भी रहें। जिले के राजनैतिक गलियारे में उनका नाम बड़े सम्मान से लिया जाता है और बड़े-बड़े राजनैतिक मिशन में उनकी प्रभावी सहभागिता प्राय: चर्चा का विषय बनती रही है। सूबे में सरकार किसी की भी रही हो किन्तु विशेष व्यक्तित्व के कारण जनपद के प्रशासनिक अधिकारी उनको खास तवज्जो देते रहे है।

# एमएलसी व भाजपा जिलाध्यक्ष ने कानपुर देहात महोत्सव का किया शुभारम्भ

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**कानपुर देहात** महोत्सव के आखिरी दिन बेसिक शिक्षा विभाग माध्यमिक शिक्षा विभाग और युवा कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निपुण युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष व एम0एल0सी0 अविनाश सिंह चौहान द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान एसआरजी अनन्त त्रिवेदीए प्रमोद गुप्ताए मुनीष सक्सेना एवं अन्य शिक्षाविदों द्वारा युवाओं के समक्ष चुनौतियां विषय पर चर्चा की गई। इसके बाद ब्राइट एंजेलए जैन वर्ल्ड सहित कस्तूरबा गांधी की बालिकाओं द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम व योगा के द्वारा एवं गलुआपुर के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने अपनी शानदार पीटी के द्वारा उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। जिलाधिकारी नेहा जैन ने कहा कि कानपुर देहात का युवा किसी से कम नहीं है वह हर क्षेत्र में आगे बढ़कर अपनी कामयाबी के झंडे फेहरा रहे है।

### आरोग्य मेले का ग्राम प्रधान ने किया आगाज

**कानपुर देहात।** पशुपालन विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर मेला का आयोजन ग्राम तोडा मोहम्मदपुर मे किया गया मेले का उद्घाटन ग्राम प्रधान डॉ महेश कुमार पाल एवं डॉक्टर भगवान सिंह उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर वाह डॉक्टर आइए सिद्धकी पशु चिकित्सा अधिकारी रूरा के द्वारा फीता काटकर एवं गो पूजन के साथ पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया गया मेले में 1398 पशु पंजीकृत किए गए जिसमें 567 बड़े पशु व 831 छोटे पशुओं ने सहभाग किया 76 पशुओं की सामान्य चिकित्सा की गई 1038 पशुओं को कृमि नाशक दवा पान कराया गया साथ ही पशुपालकों को निशुल्क दवा का वितरण भी किया गया।

# कार्यदायी संस्थाओं की लापरवाही से गर्मियों में 355 गांवों के लोग नही तर कर पायेगे हलक

## योजना पूरी होने में कोसो दूर

**विनोद शुक्ला।** हमीरपुर।

**हमीरपुर जिले** में शासन की नमामि गंगे योजना के तहत हर घर जल योजना का कार्य अभी तक आधा अधूरा होने से 355 गांवों को आने वाली गर्मी में ओठ चाट कर प्यास बुझाना पड़ेगा लाखों ग्रामीणों के हलक तर नही हो पायेगे। तीन मर्तवा कार्यदायी संस्था ने समयावधि बढायी है मगर अभी तक योजना पूरा होने में कोसो दूर है।

नमामि गंगे योजना के सहायक अभियंता मानवेंद्र सिंह ने रविवार को बताया कि हमीरपुर जिले में पत्यौरा योजना के लिये 336.98 करोड़ व हरौलीपुर योजना के तहत 242.65 करोड रुपये खर्च होना है इसके लिये दोनो योजनाओं में 355 गांवों में पेयजल मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना में यमुना नदी से पानी लिफ्ट कर उसे ट्रीटमेंट कर गांवों में पानी मुहैया कराया जायेगा। कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी जल निगम गाग्रीण को दी गयी है दोनो योजनाएं छह माह पहले पूरी होनी थी जल निगम ने कार्यदायी संस्था जिंदल व पीएनसी कंपनी को इसके लिये नियुक्त कर दिया है। इस योजना को प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह को दो मर्तवा समीक्षा कर चुके है और छह माह पहले पूर्ण करने के आदेश दिये थे मगर अभी तक साठ फीसदी काम ही पूरा हो पाया है। जल निमग ग्रामीण के सहायक अभियंता ने बताया कि पत्यौरा प्रोजेक्ट में 48 पानी की टंकियों का निर्माणाधीन होना था जिसमे दो टंकियों का निर्माण हो पाया है इसमे एक इंटेकवेल व 45 एमएलडी का निर्माण किया जाना है जिसमे 35 फीसदी काम हुआ है। योजना में नौ सीडब्ल्यू का निर्माण किया जाना है जिसमे अभी तक तीन काम पूरा होने है छह पर काम शुरु हुआ है। योजना में 46 अवर जलाशयों में अभी तक सभी में काम चल रहाहै एक भी जलाशय नही बना है।

# विदाई कार्यक्रम भावुक हुए छात्र एवं शिक्षक, दिया सफलता का मन्त्र

**संवाददाता।** फतेहपुर

**सांई सिटी** इंटर कॉलेज/मां सरस्वती ज्ञान मंदिर साईं विहार जयराम नगर में कक्षा इण्टर के छात्रों का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का जूनियर छात्र छात्राओं द्वारा टीका लगाकर एवं पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, नाटक आदि प्रस्तुत करके समां बांध दी। छात्र-छात्राओं ने स्कूल व अध्यापकों के प्रति अपने प्रेम व भावनाओं को शायरी व कविताओ के माध्यम से प्रकट किया। वहीं वरिष्ठ गणित शिक्षक फारुख खान द्वारा प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने लगन, मेहनत के साथ लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रबंधक पवन सिंह गौर ने शत-प्रतिशत उपस्थित रहने वाले छात्र छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया तथा छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर प्रयास व कठिन परिश्रम एवं अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस मौके पर संजय, फारुख, रवि सिंह, रणवीर, राजेश, राजेंद्र पाल, अतुल कुमार, रेखा श्रीवास्तव, मनोरमा, जयश्री, अनुराधा, राजेंद्र प्रसाद, रतन सिंह, लक्ष्मी आदि उपस्थित रहे।

## फतेहगढ़ महोत्सव के होली बाद के उद्घाटन में आयेगे पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश

**फर्रुखाबाद ।** फतेहगढ़ महोत्सव आयोजन समितिकी बैठक मुख्य संरक्षक विजय सिंह यादव के अध्यक्षता में हुई।जिसमे आगामी होने वाले फतेहगढ़ महोत्सव की रूपरेखा बनाई गई। विजय यादव ने कहा कि लगातार छठा महोत्सव हम मानने जा रहे हैं।इस बार और भी भव्यता के साथ आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं होगी।जनपद का इतिहास व गंगा जमुनी तहजीब को संजोए रखने के लिए आगामी होली मिलन भीकरेगे। यूनुसअंसारी,रिजवान अहमद ताज ने बताया कि गत दिनों पूर्व सांसद मुन्नू बाबू के नेतृत्व में महोत्सव का प्रतिनिधि मण्डल लखनऊ में पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश यादव से मिला था।

# सर्राफा दुकान में लगी आग , लाखों का सामान जलकर राख

**संवाददाता।** कायमगंज फर्रुखाबाद

**सर्राफा दुकान में** आग लगने से लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया। गनीमत रही की आग आर्म्स स्टोर में नहीं पहुंची। अन्यथा किसी भी संभावित जनहानि से बचना मुश्किल हो जाता ।कड़ी मशक्कत के बाद लगी को आग मौके पर पहुंचे लोगों ने पानी मिट्टी डालकर बुझा लिया।



बताते चलें की कायमगंज लोहाई बाजार में गांजा भांग वाली गली के पास भोलानाथ शिव शंकर लाल सर्राफएवं आर्म्स स्टोर की दुकान है। इसी के नीचे शराब की दुकान है। वहीं ऊपरी मंजिल पर आर्म्स की दुकान है। शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आज दोपहर लगभग 12. 30 बजे दुकान में से अचानक धुआं निकलने लगाए देखते ही देखते आग की लपटें दुकान के शटर से बाहर निकलने लगी। उठता धुआं एवं निकलती आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों ने घटना की सूचना दुकान मालिक रवि कुमार वर्मा उर्फ बिल्लू तथा उनके भाई आनंद वर्मा पुत्रगण शिव शंकर लाल वर्मा को दी। जब तक कोई कुछ समझ पाता। तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था।आग से दुकान के अंदर रखा सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। ग्निकांड की भेंट चढ़कर दुकान में रखा लाखों रुपए का माल तबाह हो गया।

# भूकंप में मरने वालों की संख्या 30,000 के पार

## ● बचाव कार्य जारी

भाषा। दमिश्क



**तुर्किए में आए** विनाशकारी भूकंप के छह दिनों बाद बचावकर्ताओं ने एक गर्भवती महिला और दो बच्चों समेत कुछ जीवित बचे लोगों को इमारतों के मलबे से निकाला। वहीं दूसरी ओर तुर्किए के न्याय अधिकारी अवैध निर्माण गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल 130 से अधिक लोगों की जांच कर रहे हैं।

तुर्किए और सीरिया में सोमवार को आए भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या रविवार को 33,179 हो गई, जबकि 92,600 से अधिक लोग घायल हुए हैं। बचाव अभियान अभी जारी है। मलबे के नीचे दबे लोगों को बचाने के लिए बचावकर्मी पिछले पांच दिन से कड़ाके की ठंड में लगातार मशक्कत कर रहे हैं। भूकंप के बाद लोगों का जीवन बचाने के लिए बचावकर्मी पिछले पांच दिन से कड़ाके की ठंड में लगातार काम कर रहे हैं। बचाव कार्य के दौरान शनिवार को 12 से अधिक लोगों को बचा लिया गया। बार-बार बेहोश हो रहे और होश में आ रहे इब्राहिम जकारिया नाम के व्यक्ति को इस बात का पता नहीं था कि वह कितने दिन से अपने घर के मलबे के नीचे दबा था। जकारिया को शुक्रवार रात को बचाया गया। जकारिया ने शनिवार को अस्पताल में द एसोसिएटेड प्रेस से कहा, मुझे लगा था कि मैं मरने वाला हूं और मेरे लिए फिर से जीना असंभव होगा। भूकंप के बाद शनिवार को बचाए गए लोगों में अतांक्या में बचाया गया सात महीने का एक बच्चा और कहरामनमारस का एक परिवार शामिल है। टेलीविजन नेटवर्क हैबरटर्क ने बताया कि सीरिया की सीमा से सटे गाजियांटेप प्रांत में नुरदागी शहर की एक इमारत के मलबे से एक परिवार के पांच लोगों को बचाया गया। इस्लाहिए कस्बे के मलबे से एक व्यक्ति और उसकी तीन वर्षीय बेटी को बाहर निकाला गया। सात वर्षीय एक बच्ची को हाते प्रांत में बचाया गया। इल्बिस्तान में 20 वर्षीय मेलिसा उल्कु और एक अन्य व्यक्ति को मलबे में 132 घंटे फंसे रहने के बाद बचाया गया। तुर्किए के टीवी स्टेशन एनटीवी ने बताया कि हाते प्रांत के इस्केंदेरुन में 138 घंटे से मलबे में फंसे 44 वर्षीय एक व्यक्ति को बाहर निकाला गया। बचावकर्मियों ने इसे एक चमत्कार बताया और कहा कि उन्हें किसी के मिलने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन वे खोदते गए और उन्हें एक व्यक्ति की आंखें दिखीं, जो अपना नाम बता रहा था।

### तुर्किए में भूकंप के छह दिन बाद भवन निर्माण ठेकेदारों को गिरफ्तार किया गया

**अंताक्या (तुर्किए)।** दक्षिण-पूर्व तुर्किए और उत्तरी सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप के छह दिनों बाद भी मलबे से कुछ जीवित लोगों को बाहर निकाले जाने के बीच अधिकारियों ने उन 130 लोगों को हिरासत में लिया है या उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए है, जो भूकंप से नष्ट हुई इमारतों के निर्माण में कथित तौर पर शामिल थे। तुर्किए और सीरिया में सोमवार को आए भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 28,000 के पार हो गई है, जबकि कम से कम 80 हजार लोग घायल हुए हैं। बचाव अभियान अभी जारी है। मलबे के नीचे अब भी दबे लोगों को बचाने के लिए बचावकर्मी पिछले पांच दिन से कड़ाके की ठंड में लगातार मशक्कत कर रहे हैं। तुर्किए के उपराष्ट्रपति फुआत ओकटे ने शनिवार देर रात कहा कि 131 लोगों को हिरासत में लेने के लिए वारंट जारी किया गया है, जिन पर इमारतों के ढहने के लिए जिम्मेदार होने का संदेह है। तुर्किए के न्याय मंत्री ने कहा कि इमारतों के ढहने के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। अभियोजकों ने निर्माण में प्रयुक्त सामग्री के बारे में साक्ष्य के लिए इमारतों के मलबे के नमूने एकत्र करना शुरू कर दिया है। सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु की खबर के अनुसार अधिकारियों ने गजियांतेप प्रांत में रविवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया, जिन पर एक इमारत में अतिरिक्त कमरा बनाने के लिए पिलर को काटने का संदेह है।

# तुर्किए में भूकंप को लेकर शोक अब तनाव में बदला

भाषा। अंताक्या

**सीरिया और तुर्किए** में 28 हजार से अधिक लोगों की जान लेने वाले विनाशकारी भूकंप के छह दिनों बाद यह महसूस होने पर शोक और अविश्वास अब तनाव तथा आक्रोश में बदल गया है कि ऐतिहासिक आपदा से निपटने में अप्रभावी,अनुचित और असंगत प्रतिक्रिया हुई है।

तुर्किए में बुहत से लोग अपनी हताशा व्यक्त कर रहे हैं कि बचाव अभियान निर्ममता की हद तक धीमी गति से चलाया गया जिससे मलबे के नीचे जीवित लोगों को खोजने के लिहाज से अहम समय बीत गया। अन्य लोगों, खासकर सीरियाई सीमा के पास दक्षिणी हाते प्रांत में, ने कहा कि तुर्किए सरकार ने सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में मदद पहुंचाने में देरी की। उन्होंने संदेह जताया है कि ऐसा किए जाने की वहज राजनीतिक और धार्मिक दोनों थी। दक्षिण-पूर्वी तुर्किए के आदियामन में एलिफ बुसरा ओजटर्क शनिवार को एक इमारत के मलबे के बाहर इंतजार कर रही थीं, जहां उसके चाचा और चाची फंसे थे (माना जा रहा है कि दोनों की मौत हो चुकी है) और जहां से उसके दो चचेरे भाइयों के शव पहले ही मिल चुके हैं।

वह कहती हैं, तीन दिनों से, मैंने बाहर मदद के लिए इंतजार किया। लेकिन कोई नहीं आया। वहां इतनी कम संख्या में बचाव टीम थीं कि वे केवल उन्हीं स्थानों पर हस्तक्षेप करती थीं, जहां उन्हें यकीन होता था कि कोई जीवित व्यक्ति है। इसी भवन परिसर में 66 वर्षीय अब्दुल्ला तास ने कहा कि वह उस इमारत के पास एक कार में सो रहे थे जहां उनके बेटे-बहू और चार पोते-पोती दफन हो गए। उन्होंने कहा कि बचाव दल भूकंप के चार दिनों बाद आया। द एसोसिएटेड प्रेस इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका। हालांकि, तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयप एर्दोआन ने बुधवार को कहा कि भूकंप से प्रभावित 10 प्रांतों में भूकंप के बाद के प्रयास जारी थे। उन्होंने सेना जैसे संस्थानों से कोई मदद नहीं मिलने के आरोपों को झूठा, फर्जी और बदनाम करने वाला बताया। हालांकि, आपदा को लेकर आक्रोश केवल व्यक्ति विशेष तक सीमित नहीं है। तुर्किए की सरकार उन दर्जनों लोगों को हिरासत में ले रही है या हिरासत में लिए जाने के वारंट जारी कर रही है जो धराशाई हुई इमारतों को बनाने में कथित रूप से शामिल थे। तुर्किए के मंत्री ने संकल्प जताया है कि वह दोषियों को दंडित करेंगे। 60 वर्षीय बेदीहा कन्माज ने कहा कि यह अपार्टमेंट बनाने वाले डेवलपर का दोष है। कन्माज के बेटे और सात महीने के पोते का शव पहले ही इमारत से बाहर निकाला जा चुका है।

### भूकंप कूटनीति : यूनान के विदेश मंत्री ने तुर्किए की यात्रा की

**एथेंस।** यूनान के विदेश मंत्री निकोस डेंडियस ने रविवार को भूकंप प्रभावित तुर्किए की यात्रा की। इस दौरान डेंडियस के साथ तुर्किए में उनके समकक्ष मेवलुत कावुसोगलु भी थे। यह यात्रा दो असहज सहयोगियों के बीच तथाकथित भूकंप कूटनीति के एक नए दौर का हिस्सा है, जिनके संबंध सर्वथा शत्रुतापूर्ण नहीं तो अक्सर ठंडे रहे हैं। 1999 में भी कुछ ऐसा ही हुआ था, तीन साल बाद जब दोनों देशों के बीच ईजियन सागर में दो निर्जन द्वीपों को लेकर लगभग युद्ध छिड़ गया था। अगस्त 1999 में तुर्की में 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 18,000 लोग मारे गए थे। अगले महीने यूनान की राजधानी एथेंस में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें 143 लोग मारे गए। दोनों ही मामलों में दोनों देशों ने एक दूसरे के प्रयासों में सहायता के लिए बचावकर्मियों को भेजा। इसे अंतरराष्ट्रीय मीडिया में द्विपक्षीय संबंधों में गर्माहट आने के तौर पर कवर किया गया था। कावुसोगलु ने अपने एक पत्र का जिक्र किया जो उन्होंने एक निजी नागरिक के रूप में उस समय टाइम पत्रिका को भेजा था।

### चीन की यात्रा पर आएंगे ईरान के राष्ट्रपति

**बीजिंग।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी मंगलवार को तीन दिवसीय यात्रा पर चीन आएंगे। वह अपने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग के निमंत्रण पर चीन आ रहे हैं। चीन की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने रविवार को इस बारे में जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने रईसी के कार्यक्रम के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी।

### भारतीय विदेश सचिव की यात्रा का उद्देश्य दोनों सहयोग को बढ़ाना है: नेपाल

**काठमांडू।** भारतीय विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा की सोमवार से शुरू होने वाली नेपाल की दो दिवसीय यात्रा का उद्देश्य दोनों पड़ोसी देशों के बीच समग्र सहयोग को आगे बढ़ाना है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। क्वात्रा अपने नेपाली समकक्ष भरत राज पौडयाल के आमंत्रण पर नेपाल जा रहे हैं। उनकी नेपाल यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच समग्र सहयोग को आगे बढ़ाना है। यहां विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक अपने दौरे के दौरान भारतीय विदेश सचिव प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड और विदेश मंत्री पौडयाल से सोमवार को शिष्टाचार भेंट करेंगे।

### पाकिस्तान में एक ट्रांसजेंडर की मौत, दो घायल: पुलिस

**पेशावर।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में एक अज्ञात बंदूकधारी की गोलीबारी में एक ट्रांसजेंडर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार रात तब हुई जब तीनों ट्रांसजेंडर कोहाट जिले में आयोजित एक संगीत कार्यक्रम से अपने घर लौट रहे थे। पुलिस अधिकारी ने कहा, तीन ट्रांसजेंडर में से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

# एमएच-17 विमान दुर्घटना मामले में पुतिन की भूमिका के मिल रहे हैं सुबूत

भाषा। कैलाघन (ऑस्ट्रेलिया)



**मलेशियाई** एयरलाइंस के विमान एमएच-17 की दुर्घटना की जांच के दौरान इस बात के मजबूत संकेत मिले हैं कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उन मिसाइलों की आपूर्ति को मंजूरी दी थी, जिनका इस्तेमाल अलगाववादियों द्वारा विमान को मार गिराने के लिए किया गया था। हालांकि, विमान हादसे की जांच का नेतृत्व कर रहे संयुक्त जांच दल ने कहा कि इस मामले में रूस की ओर से सहयोग करने से इनकार करने के कारण जांच समाप्त होने के करीब है। इस समय, यह दल आगे अभियोग शुरू नहीं करेगा।

**एमएच-17 विमान दुर्घटना की जांच में अब तक क्या पता चला**

मलेशिया एयरलाइंस का विमान एमएच-17 एक अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ान के तहत 17 जुलाई 2014 को एम्सटर्डम से कुआलालंपुर जा रहा था,तभी इसे पूर्वी यूक्रेन के ऊपर मार गिराया गया था। विमान में सवार सभी 298 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को झकझोर कर रख दिया था। इसने कानूनी जिम्मेदारी के कई सवाल खड़े कर दिए थे, जिनके जवाब आज भी तलाशे जा रहे हैं। इस विमान हादसे की जांच के लिए सबसे पहले एक संयुक्त जांच दल का गठन किया गया, जिसमें इस त्रासदी से सबसे अधिक प्रभावित पांच देशों - नीदरलैंड, यूक्रेन, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और बेल्जियम के जांचकर्ता और अभियोजक शामिल हुए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अनुसार जांच दल की भूमिका विमान हादसे की पूर्ण, गहन और स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर की जांच करना है। संयुक्त जांच दल का काम बेहद जटिल और लंबा था, विशेष रूप से दुर्घटना स्थल संघर्ष वाले क्षेत्र में स्थित था। वर्ष 2015 के मध्य में जांचकर्ताओं ने यूक्रेन में हादसे की जगह पर उचित रूप से पहुंच प्राप्त की। उन्होंने बाद में 200 गवाहों से पूछताछ की और 3,500 बातचीत को इंटरसेप्ट कर उसका विश्लेषण किया। जांच दल ने 20 हथियार प्रणालियों का भी अध्ययन किया और पांच अरब इंटरनेट पेजों की छानबीन की। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय स्थलों से जमीन के नमूने लिए गए और जांच का नेतृत्व करने वाले पांच देशों में मिसाइल प्रक्षेपण स्थलों का अनुकरण किया गया। विमान के मलबे के हजारों हिस्सों की जांच की गई। ी कि विमान को रूस समर्थक अलगाववादियों द्वारा नियंत्रित यूक्रेन के एक क्षेत्र में खेत पर स्थित बुक-तेलार प्रणाली द्वारा प्रक्षेपित मिसाइल द्वारा मार गिराया गया था। जांचकर्ताओं ने निर्धारित किया कि हमले से पहले मिसाइल और लॉन्चर को रूस से ले जाया गया था और बाद में उसे वहां वापस ले जाया गया।

**नीदरलैंड का आपराधिक अभियोजन :** विमान हादसे की जांच कर रहे संयुक्त दल के काम का एक महत्वपूर्ण परिणाम नीदरलैंड में चार अलगाववादी लड़ाकों पर मुकदमा चलाना था। उनमें से तीन- इगोर गिरकिन, सर्गेई डबिन्सकी और लियोनिद खारचेंको को पिछले साल दोषी पाया गया था। इन लोगों ने रूस में मिसाइल लॉन्चर के परिवहन, स्थिति और उसे वापस लौटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इन तीनों लोगों को आजीवन कारावास की सजा मिली है।

### विमान हादसे में पुतिन की अहम भूमिका

विमान हादसे की जांच कर रहे संयुक्त दल की इस सप्ताह जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि मिसाइल लॉन्चर के लिए जिम्मेदार चालक दल के सदस्यों का पता चला है और उन्हें ऊपर से निर्देश दिए गए थे। जांचकर्ताओ ने विमान को मार गिराए जाने से पहले निर्णय लेने के बारे मे काफी जानकारी का खुलासा किया, लेकिन सुबूत संदिग्धों पर आगे का मुकदमा चलाने के लिए अपर्याप्त है। इस मामले में प्रमुख समस्या सूचना तक पहुंच है : रूस ने जिम्मेदारी स्वीकार करने से लगातार इनकार किया है और जांचकर्ताओं को रूसी नागरिकों से सुबूत इकट्ठा करने से रोका गया है। रूस पर झूठे सुबूत देने का भी आरोप है। जांचकर्ताओं का मानना है कि लॉन्चर का चालक दल कुर्स्क में स्थित रूसी सेना की 53वीं ब्रिगेड के सदस्य थे। ऐसा लगता है कि चालक दल के वे सदस्य, यदि वे पूछताछ के लिए उपलब्ध होते, तो बता सकते थे कि यूक्रेन मे उनका कार्य क्या था और एमएच-17 को क्यों मार गिराया गया था। जांच दल को यह भी सुबूत मिले है कि अलगाववादी रूसी खुफिया विभाग और राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के संपर्क में थे। हालांकि, इस हादसे में पुतिन की संभावित भूमिका है जो सबसे अधिक ध्यान आकर्षित कर रही है। जांचकर्ताओं के अनुसार इस बात के मजबूत संकेत है कि पुतिन ने अलगाववादियों को बुक-तेलार लॉन्चर की आपूर्ति करने का फैसला किया था। इंटरसेप्टेड फोन कॉल्स से पता चला है कि पुतिन एकमात्र व्यक्ति है जिनके पास अलगाववादियों को बुक-तेलार लॉन्चर जैसी भारी वायु रक्षा प्रणालियों के प्रावधान को मंजूरी देने का अधिकार है।

### बांग्लादेश के अगले राष्ट्रपति बनने वाले हैं मोहम्मद शहाबुद्दीन चुप्पू

**ढाका।** पूर्व न्यायाधीश मोहम्मद शहाबुद्दीन चुप्पू का बांग्लादेश का अगला राष्ट्रपति बनना लगभग तय है क्योंकि देश की संसद में पूर्ण बहुमत रखने वाली पार्टी अवामी लीग ने उन्हें इस शीर्ष पद के लिए नामित किया है। वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल हामिद का कार्यकाल इस साल 24 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। बांग्लादेश निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता ने बताया, बांग्लादेश अवामी लीग द्वारा सौंपा गया चुप्पू का नामांकन पत्र प्राप्त हो गया है। आयोग अब संसद सदस्यों द्वारा उनके निर्वाचन की औपचारिकताओं को पूरा करेगा। बांग्लादेश की 350 सदस्ईय संसद में, वर्तमान में अवामी लीग के 305 सदस्य हैं। इस तरह, चुप्पू का राष्ट्रपति बनना लगभग तय है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों और राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति के रूप में चुप्पू का निर्वाचन अब केवल औपचारिकता रह गया है क्योंकि संसद में आधिकारिक विपक्षी पार्टियों ने देश के शीर्ष पद के लिए किसी अन्य का नाम आगे नहीं बढ़ाया है। मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) भी किसी को राष्ट्रपति पद के लिए नामित नहीं कर सकती है, क्योंकि पार्टी के सभी सात सांसदों ने सरकार विरोधी अभियान के तहत दिसंबर 2022 में इस्तीफा दे दिया था। देश में आम चुनाव इस साल दिसंबर में प्रस्तावित है। इस बीच, अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादिर ने पत्रकारों को बताया कि अवामी लीग संसदीय दल (एएलपीपी) ने प्रधानमंत्री शेख हसीना को राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार नामित करने का फैसला करने को कहा था। उन्होंने काफी मंथन के बाद पूर्व न्यायाधीश मोहम्मद शहाबुद्दीन चुप्पू के नाम की पेशकश की थी। चुप्पू का जन्म पाबना जिले में हुआ था। वह 1960 के दशक के अंत और 1970 के दशक की शुरुआत में अवामी लीग के छात्र और युवा इकाई के नेता थे। उन्होंने 1971 के मुक्ति संग्राम में भी हिस्सा लिया था चुप्पू के परिवार में उनकी पत्नी रेबेका सुल्ताना और एक बेटा है। सुल्ताना बांग्लादेश में संयुक्त सचिव रह चुकी हैं।

### इमरान खान की पूर्व पत्नी जेमिमा ने पटकथा लेखन में आजमाया हाथ

**लंदन।** अंग्रेजी लेखक और टेलीविजन प्रोड्यूसर जेमिमा खान ने एक नई फिल्म व्हाट्स लव गॉट टू डू विद इट? के जरिए पटकथा लेखन में हाथ आजमाया है। इस फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पूर्व पत्नी के रूप में पाकिस्तान में रहते हुए परिवारों की सहमति से होने वाले विवाह (अरेंज्ड मैरिज) को करीब से देखने के बाद इसको लेकर जेमिमा के हृदय परिवर्तन को दर्शाया गया है। पुरस्कार विजेता फिल्मकार शेखर कपूर द्वारा निर्मित यह फिल्म इस महीने के अंत में ब्रिटेन और मार्च की शुरुआत में भारत में रिलीज होगी। जेमिमा इमरान खान से शादी के बाद पाकिस्तान में रही थीं, जहां उन्होंने दो बेटों सुलेमान और कासिम को जन्म दिया था। इस दौरान उन्होंने कई अरेंज्ड मैरिज को सफल होते हुए देखा। साथ ही वह कई नई अरेंज्ड मैरिज की गवाह भी बनीं। जेमिमा और इमरान का विवाह 1995 में हुआ था, जो 2004 तक चला। जेमिमा ने पीटीआई-भाषा से कहा, मुझे लगता है कि इस फिल्म की तरह ही 10 साल के वैवाहिक जीवन के दौरान अरेंज्ड मैरिज को लेकर मेरे मन में आए परिवर्तन को दर्शाया गया है। उन्होंने कहा, उस समय, मैं अपने पूर्व पति के भरे-पूरे परिवार के साथ रहती थी। इसमें उनकी बहनें, उनके पति, उनके पिता और सभी भतीजे-भतीजियां शामिल थीं। मैंने अरेंज्ड मैरिज को करीब से देखा है।

### उत्तर प्रदेश सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए ठोस प्रयास किएः यूएसआईएसपीएफ

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत केंद्रित व्यापारिक और रणनीतिक समूह के प्रमुख ने विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने और राज्य में व्यापारिक माहौल बेहतर बनाने के लिए शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार की प्रशंसा की। उप्र सरकार ने 10 से 12 फरवरी तक हो रहे तीन दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन की मेजबानी की। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सम्मेलन से पहले देशभर के विभिन्न शहरों में हुए रोड-शो से राज्य में 33 लाख रुपए के निवेश प्रस्ताव आए हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान विभिन्न कंपनियों से लगभग 18,000 समझौता ज्ञापन (एमओयू) किए गए।

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में चार लोगों की मौत, 22 घायल : पुलिस

भाषा। पेशावर (पाकिस्तान)

**पाकिस्तान के** अशांत उत्तर पश्चिम क्षेत्र में शनिवार को सुरक्षा बलों के वाहन पर आत्मघाती हमले में कम से कम चार सैनिकों की मौत हो गई और 22 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

घटना देश के उत्तर वजीरिस्तान कबायली जिले में हुई, जहां आत्मघाती हमलावर बम से युक्त तिपहिया वाहन चला रहा था। हमलावर ने सुरक्षा बलों के वाहन को टक्कर मार दी। वाहन में सवार सुरक्षाकर्मी एक पेट्रोलियम कंपनी के कर्मचारियों की सुरक्षा में थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आत्मघाती बम हमलावर एक तिपहिया वाहन चला रहा था। अफगानिस्तान से सटे उत्तर वजीरिस्तान कबायली जिले के खजूरी चौक में एमपीसीएल पेट्रोलियम कंपनी की सुरक्षा में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाबलों के वाहन को हमलावर ने अपने तिपहिया वाहन से टक्कर मार दी। हमले में चार सैनिकों की मौत हो गई और 22 लोग घायल हो गए जिनमें 15 कंपनी के कर्मचारी हैं। कंपनी के कर्मचारी ड्यूटी के बाद कड़ी सुरक्षा में अपने विश्राम स्थल की ओर लौट रहे थे, तभी हमलावर ने कर्मचारियों की सुरक्षा में साथ जा रहे एक सुरक्षा बलों के एक वाहन को टक्कर मार दी। एमपीसीएल कंपनी इलाके में तेल की खोज करती है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को कुछ आतंकवादियों ने एक पुलिस अधिकारी के घर पर अंधाधुंध गोलीबारी कर आठ लोगों को घायल कर दिया। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

# कनाडा के हवाई क्षेत्र में अज्ञात बेलनाकार वस्तु का किया नष्ट

## ● अमेरिकी लड़ाकू विमान ने मार गिराया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी लड़ाकू** विमान एफ-22 ने कनाडा के हवाई क्षेत्र में एक अज्ञात बेलनाकार वस्तु को नष्ट किया है।

इससे एक दिन पहले अमेरिका ने अलास्का के जल क्षेत्र के ऊपर एक अज्ञात वस्तु और एक सप्ताह पहले साउथ कैरोलाइना तट के पास एक संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे को नष्ट किया था। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने बताया कि इस अज्ञात वस्तु को शनिवार को उत्तर-पश्चिम कनाडा के युकोन क्षेत्र में नष्ट किया गया। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने बताया कि यह वस्तु एक रात पहले अलास्का में देखी गई थी और सैन्य अधिकारियों ने बारीकी से इस पर नजर रखी। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद इस संबंध में फैसला किया गया। ट्रुडो ने कहा, मैंने कनाडाई हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने वाली एक अज्ञात वस्तु को नष्ट करने का आदेश दिया था। एनओआरएडी (नार्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड) ने युकोन में एक वस्तु को मार गिराया। कनाडाई और अमेरिकी विमानों को तैनात किया गया और एक अमेरिकी एफ-22 ने वस्तु को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। कनाडा की रक्षा मंत्री अनीता आनंद ने बताया कि करीब 40,000 फुट की ऊंचाई पर उड़ रही यह वस्तु बेलनाकार थी और पिछले सप्ताह के अंत में मार गिराए गए संदिग्ध चीनी गुब्बारे से छोटी थी। इससे एक दिन पहले अमेरिका के एक लड़ाकू विमान ने अलास्का के उत्तरी तट के पास करीब 40,000 फुट की ऊंचाई पर उड़ रही छोटी कार के आकार की एक वस्तु को बाइडन के आदेश पर नष्ट किया था। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर पैट राइडर ने बताया कि एनओआरएडी ने शुक्रवार देर शाम अलास्का के ऊपर एक वस्तु देखी। व्हाइट हाउस ने बताया कि एनओआरएडी ने इसके बाद 24 घंटे इस वस्तु पर निकटता से नजर रखी और राष्ट्रपति को उनके राष्ट्रीय सुरक्षा दल ने इसकी लगातार जानकारी दी। अत्यधिक सावधानी बरतते हुए और अपनी सेनाओं की सिफारिश पर राष्ट्रपति बाइडन और कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रुडो ने इसे नष्ट करने की अनुमति दी। बाइडन ने इस अभियान के लिए एनओआरएडी को सौंपे गए अमेरिकी लड़ाकू विमान को इस अभियान के लिए अधिकृत किया और एक अमेरिकी एफ-22 विमान ने कनाडा के अधिकारियों के साथ निकट समन्वय से कनाडाई क्षेत्र में वस्तु को नष्ट कर दिया।

# ओजोन परत बचाने के दशकों के प्रयास पर फिर सकता है पानी

## ● तेजी से बढ़ता रॉकेट उद्योग बन सकता है खतरा

भाषा। न्यूजीलैंड



**ओजोन परत** चार दशकों के अंदर खुद को हुए नुकसान की भरपाई करने की राह पर है, लेकिन इस अवधि में रॉकेट प्रक्षेपण में अधिक बढ़ोतरी की संभावना इस प्रगति पर पानी फेरते हुए इसे फिर से पहले के स्तर पर पहुंचा सकती है। ओजोन परत सूर्य की पराबैगनी किरणों (यूवी) से धरती पर जीवन की रक्षा करती है। ओजोन परत में क्षति वर्ष 1985 में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बन गया जब अंटार्कटिक क्षेत्र के ऊपर आकाश में ओजोन होल (ओजोन छिद्र) की खोज की गई थी। लेकिन वैश्विक प्रयासों के चलते मांट्रियल प्रोटोकॉल वर्ष 1987 में अस्तित्व में आ गया जिसने रसायनों के एक वर्ग पर प्रतिबंध की राह दिखाई जिन्हें क्लोरोफ्लोरो कार्बन (सीएफसी) कहा जाता है। सीएफसी का इस्तेमाल रेफ्रिजरेटर और एरोसोल में किया जाता है। इसके परिणाम स्वरूप एक वैश्विक संकट टल गया। लेकिन वैश्विक अंतरिक्ष उद्योग तेजी से बढ़ रहा है और सालाना प्रक्षेपित किए जाने वाले रॉकेट की संख्या बढ़ती जा रही है। रॉकेट प्रक्षेपण से उत्सर्जित होने वाली गैसें और पार्टीकुलेट वायुमंडल में पहुंचकर ओजोन परत को हुए नुकसान की भरपाई की अवधि को लंबा कर सकते हैं। रॉकेट ईंधन से होने वाले उत्सर्जन को लेकर कोई विनियमन नहीं किया गया है। प्रक्षेपण उद्योग रॉकेट भेजने के लिए चार प्रमुख प्रकार के ईंधन पर निर्भर है जो ए हैं-तरल केरोसीन, क्रायोजेनिक, हाइपरगोलिक और ठोस। इन ईंधनों के जलने का मतलब है कि रॉकेट कार्बन डाईऑक्साइड, भाप, काला कार्बन, एल्युमिना, रिएक्टिव क्लोराइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड समेत अन्य गैसें और पार्टीकुलेट उत्पन्न करता है जिन्हें ओजोन परत को नष्ट करने के लिए जाना जाता है। वायुमंडल की ऊपरी सतह स्ट्रैटोस्फीयर में स्थित ओजोन परत को यह उत्सर्जन नुकसान पहुंचाता है, क्योंकि उत्सर्जित ए गैसें निचली सतह की अपेक्षा ऊपरी सतह पर अधिक समय तक रहती हैं। एक नया ईंधन मीथेन है जिसका उपयोग प्रमुख प्रक्षेपण कंपनियों द्वारा विकसित किए जा रहे कई रॉकेट इंजनों में किया जाता है। मीथेन से उत्सर्जित होने वाले उत्पादों को अभी तक कमतर करके आंका गया है।

**करिश्माई तकनीक :** ठोस रॉकेट ईंधन में एक रसायन होता है जो ऊपरी वायुमंडल में क्लोरीन का उत्सर्जन करके ओजोन परत को नुकसान पहुंचाता है। सीएफसी को इसीलिए प्रतिबंधित किया गया था कि उसमें क्लोरीन थी। सौभाग्य से अब तक प्रक्षेपणों की संख्या इतनी कम है कि ओजोन परत पर इसका प्रभाव वर्तमान में नहीं के बराबर है। हालांकि, आने वाले दशकों में प्रक्षेपण उद्योग का काफी विस्तार होना तय है। वित्तीय अनुमानों से संकेत मिलता है कि वैश्विक अंतरिक्ष उद्योग 2040 तक 3700 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ सकता है।

**डाटा एकत्र करना और साझा करना :** रॉकेट प्रक्षेपण सेवा प्रदाता, पर्यावरण नियामकों, वायुमंडलीय अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिकों और सरकारी एजेंसियों समेत कई समुदायों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। सतत विकास के लिए सर्वोत्तम अभ्यास संचालन के तरीके तैयार करने पर चर्चा हो, लेकिन अंतरिक्ष उद्योग के विकास पर अंकुश लगाने की जरूरत नहीं है। हर समुदाय जो सबसे अधिक योगदान दे सकता है । उनमें पहला यह है कि डाटा एकत्र करने के साथ इसको साझा करें।



बेस्ट पाप व आरबी एक्ट के ब्रिट अवार्ड सम्मनित हैरी स्टेल्स

# भाजपा की डबल इंजन सरकार ही त्रिपुरा को तिहरी मुसीबत से बचा सकती है : अमित शाह

**भाषा।** चांदीपुर (अगरतला)

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि त्रिपुरा आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, माकपा और टिपरा मोथा की तिहरी मुसीबतै का सामना कर रहा है और भाजपा की डबल इंजन सरकार ही राज्य को इससे बचा सकती है।

शाह ने यह भी कहा कि त्रिपुरा में लंबे समय तक आदिवासियों को धोखा देने वाला वाम दल अब लोगों को धोखा देने के लिए एक आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश कर रहा है।



उन्होंने यहां उनाकोटी जिले में एक रैली में कहा, यदि आप इस तिहरी मुसीबत से बचना चाहते हैं, तो डबल इंजन वाली भाजपा सरकार को वोट दें।

जितेंद्र चौधरी माकपा के शीर्ष आदिवासी नेताओं में से एक हैं और त्रिपुरा में वाम-कांग्रेस गठबंधन के सत्ता में आने की स्थिति में उन्हें मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार के रूप में देखा जा रहा है।

माकपा और कांग्रेस 60 सदस्ईय विधानसभा के लिए 16 फरवरी को होने वाले चुनाव में मिलकर लड़ रही हैं। शाह ने कहा कि कांग्रेस और वाम दल का एकसाथ आना इस बात का संकेत है कि उन्होंने चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हार मान ली है। सिपाहीजाला जिले के विश्रामगंज में एक अन्य रैली में गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस, माकपा और टिपरा मोथा की तिहरी मुसीबत को वोट देने से त्रिपुरा में जंगल राज की वापसी का रास्ता खुलेगा।

शाह ने कहा, त्रिपुरा में कांग्रेस और वामपंथी सरकारों के दौरान कई घोटाले हुए, जबकि भाजपा सरकार ने पिछले पांच वर्षों में राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया है।

कांग्रेस और वाम दलों पर कटाक्ष करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज दुनिया भर में वामपंथियों का कोई नामोनिशान नहीं बचा है, जबकि देश में कांग्रेस का भी कुछ ऐसा ही हश्र हुआ है।

## उत्तराखंड : कॉर्बेट रिजर्व के बफर जोन में बाघिन मृत मिली

**ऋषिकेश (उत्तराखंड)।** उत्तराखंड के कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के बफर जोन में रविवार को एक बाघिन मृत पाई गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी है।

मुख्य वन संरक्षक (कुमाऊं) प्रसन्ना कुमार पात्रा ने बताया कि बाघिन का अवशेष अल्मोड़ा वन प्रमंडल के बदनगढ़ नहर के पास मिला था, जहां से बृहस्पतिवार को एक महिला की क्षत-विक्षत लाश बरामद हुई थी। उन्होंने बताया कि यह इलाका कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के बफर जोन में आता है।

अधिकारी ने बताया कि जानवर (बाघिन) के दांत घिस चुके थे और वह 10 साल से ज्यादा आयु की लग रही थी। उन्होंने बताया कि बाघिन की मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# जम्मू-कश्मीर ने रोजगार, प्यार चाहा था लेकिन मिला भाजपा का बुलडोजर : राहुल

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर में जारी अतिक्रमण रोधी मुहिम को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि केंद्रशासित प्रदेश ने रोजगार, बेहतर कारोबार और प्यार चाहा था, लेकिन उसे इसके बजाय भाजपा का बुलडोजर मिला।

कांग्रेस, कांफ्रेंस और पीडीपी (पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी) जैसे कई बड़े दलों ने इस मुहिम को लेकर चिंता व्यक्त की है और इसे तत्काल रोकने की मांग की है।

राजस्व विभाग के आयुक्त सचिव विजय कुमार बिधूड़ी ने सात जनवरी को सभी उपायुक्तों को सरकारी भूमि से अतिक्रमण शत प्रतिशत हटाने का निर्देश दिया था,



जिसके बाद से जम्मू कश्मीर में 10 लाख कनाल से अधिक जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है।

गांधी ने ट्वीट किया, जम्मू कश्मीर को चाहिए रोजगार, बेहतर व्यापार और प्यार, मगर उन्हें मिला क्या? भाजपा का बुलडोजर।

उन्होंने कहा, कई दशकों से जिस जमीन को वहां के लोगों ने मेहनत से सींचा, उसे उनसे छीना जा रहा है। अमन और कश्मीरियत की रक्षा, जोड़ने से होगी, तोड़ने और लोगों को बांटने से नहीं।

गांधी ने ट्वीट के साथ मीडिया की खबर भी संलग्न की, जिसमें दावा किया गया है कि जम्मू कश्मीर में अतिक्रमण रोधी अभियान को लेकर लोगों में घबराहट है।

# महाशिवरात्रि पर उज्जैन में 21 लाख दीए जलाए जाएंगे

**भाषा।** भोपाल

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्य प्रदेश उज्जैन शहर में 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के पर्व पर शिव ज्योति अर्पणम-2023 कार्यक्रम के तहत मिट्टी के करीब 21 लाख दीए जलाए जाएंगे। पिछले साल उज्जैन में महाशिवरात्रि पर मिट्टी के 11,71,078 दीए जलाए गए थे।

अधिकारियों ने कहा कि अब 21 लाख दीप जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा। महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक के बाद शनिवार को मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में महाशिवरात्रि का पर्व दीपावली की तरह 18 फरवरी को मनाया जाएगा।

चौहान ने कहा, महाशिवरात्रि पर उज्जैन के निवासी 21 लाख दीप जलाकर भगवान महाकाल के प्रति अपना समर्पण व्यक्त करेंगे। यह अभूतपूर्व आयोजन समाज और सरकार की भागीदारी से ही संभव होगा।

अधिकारियों ने बैठक में बताया कि उज्जैन में शिव ज्योति अर्पणम कार्यक्रम के तहत शहर के मंदिरों, व्यावसायिक स्थलों, घरों के अलावा क्षिप्रा नदी के किनारे और महत्वपूर्ण चौराहों एवं स्थलों पर मिट्टी के दीपक जलाए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि उज्जैन में प्रमुख स्थानों को बिजली की सजावट और रंगोली से सजाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले साल महाशिवरात्रि पर उज्जैन में 11,71,078 दीए जलाने के बाद, 2022 में दिवाली पर उत्तर प्रदेश के अयोध्या शहर में 15.76 लाख दीए जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि पर उज्जैन में पूरा कार्यक्रम जीरो वेस्ट सिद्धांत पर आधारित होगा।

# पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य एक मजाक : केसीआर

**भाषा।** हैदराबाद

**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को एक मजाक करार देते हुए रविवार को कहा कि यह (लक्ष्य) और अधिक रखना चाहिए था।

राज्य विधानसभा में विनियोग विधेयक पर हुई बहस का जवाब देते हुए राव ने मोदी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पूरे देश को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री संसद में अडाणी मुद्दे पर कुछ बोलेंगे, लेकिन उन्हें हताशा मिली।

मुख्यमंत्री ने एक अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित एक आलेख का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में लाइसेंस राज था, जबकि मौजूदा सरकार में साइलेंस राज (खामोश शासन) है।

उन्होंने कहा, मोदी ने कहा था कि वर्ष 2023-24 में भारत की अर्थव्यवस्था पांच लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। यह पांच लाख करोड़ (की अर्थव्यवस्था) मजाक बनकर रह गई है। कम से कम हमारा लक्ष्य बड़ा होना चाहिए था। मौजूदा लक्ष्य खुद में बहुत कम है, जिसमें से केवल 3.5 लाख करोड़ डॉलर का लक्ष्य ही हासिल किया जा सका है।

केंद्र में पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) और मौजूदा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकारों की तुलना करते हुए राव ने कहा कि देश को प्रतएक क्षेत्र में नुकसान हुआ है, खासतौर पर तेलंगाना को राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के रूप में तीन लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

राजग गठबंधन पर निशाना साधते हुए राव ने कहा, भारतीय बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने भी कंपनी (अडाणी की) में निवेश किया है। पूरी दुनिया की नजरें मोदी की ओर थी कि वह (अडाणी के मुद्दे) क्या बोलेंगे। उन्होंने इस विषय पर एक शब्द तक नहीं कहा। वह इधर-उधर की बातें



करते रहें। भारत के दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की खिल्ली उड़ाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए प्रति व्यक्ति आय पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में बांग्लादेश और भूटान जैसे देश भी भारत से आगे हैं। राव ने 2002 के गुजरात दंगों पर हाल में एक विवादित वृत्तचित्र प्रसारित करने किए जाने को लेकर बीबीसी के खिलाफ पाबंदी लगाने की मांग करते हुए कुछ लोगों के उच्चतम न्यायालय का रुख करने को गलत करार दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राजग सरकार सार्वजनिक उपक्रमों के अंतहीन निजीकरण में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि ऐसा लग रहा है कि केंद्र सरकार की यह नीति बन गई है कि नुकसान का सामाजीकरण और लाभ का निजीकरण किया जाए।

उन्होंने कहा, मोदी कहते हैं कि सरकार का काम कारोबार करना नहीं है। मैं कहता हूं कि सरकार को पूरा अधिकार है कि जहां जरूरत है, वहां वह कारोबार करे। सरकार द्वारा कारोबार नहीं करने का अभिप्राय अपनी जिम्मेदारियों से भागना है, जो भारत की जनता ने उसे दिया है। हमें जिम्मेदारियों को साझा करना चाहिए, उससे दूर नहीं भागना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा नए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने का भी माखौल उड़ाते हुए कहा कि देश में राजधानी एक्सप्रेस जैसी बेहतर ट्रेन पहले से है। इस बीच, तेलंगाना विधानसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

## क्विक न्यूज

### मुंबई के आरे में राम मंदिर के पास कब्रिस्तान का हिंदू समूहों ने किया विरोध

**मुंबई।** सकल हिंदू समाज के बैनर तले सैकड़ो लोगो ने मुंबई के गोरेगांव उपनगर के आरे में राम मंदिर के पास एक मुस्लिम कब्रिस्तान के निर्माण के खिलाफ रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। विश्व हिंदू परिषद की मुंबई इकाई के पदाधिकारी श्रीराज नायर ने कहा कि अंधेरी में आरे राम मंदिर से मरोल तक विरोध मार्च अधिकारियो को यह बताने के लिए आयोजित किया गया था कि मंदिर के पास एक कब्रिस्तान के निर्माण से हिंदू दुखी है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि हिंदू जन आक्रोश विरोध मार्च बिना किसी अप्रिय घटना के शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।

### प्रधानमंत्री के भाई पंकज मोदी ने स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका

**अमृतसर (पंजाब)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे भाई पंकज मोदी ने रविवार को यहां स्वर्ण मंदिर मे मत्था टेका। एक अधिकारी ने नाम नही जाहिर करने का अनुरोध करते हुए कहा कि पंकज मोदी के साथ लोगो का एक समूह था। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने (पंकज मोदी ने) करीब आधा घंटा स्वर्ण मंदिर में बिताया।

### एयरो इंडिया-2023 में अमेरिका ने अब तक का अपना सबसे बडा प्रतिनिधिमंडल भेजा : अमेरिकी राजदूत

**बेंगलुरु** भारत मे अमेरिका की प्रभारी राजदूत एलिजाबेथ जोन्स ने रविवार को कहा कि एयरो इंडिया-2023 मे उनके देश का प्रतिनिधिमंडल प्रमुख विमानन प्रदर्शनी के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल है। जोन्स ने बताया कि भारत और अमेरिका एक आजाद, खुला और लचीला भारत-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए कई मायनो मे महत्वपूर्ण भागीदार है जहां लोकतंत्र फल-फूल सकता है। जोन्स के अनुसार, भारत जलवायु परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य मे सुधार, साइबर चुनौतियों से निपटने और स्थाई आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण से लेकर विभिन्न मुद्दो के समाधान के लिए अमेरिका का अहम भागीदार है। उन्होने यह भी बताया कि दो हफ्ते पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों (आईसीईटी) पर अमेरिका-भारत पहल शुरू करने के लिए व्हाइट हाउस में अपने अमेरिकी समकक्ष से मुलाकात की। मुलाकात मे उन्होने द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप के माध्यम से संयुक्त विकास और उत्पादन मे तेजी लाने का संकल्प लिया।

### तेजस्वी यादव ने झारखंड में भी जातिगत सर्वेक्षण कराए जाने की वकालत की

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि उन्होने झारखंड सरकार से बिहार की तरह राज्य मे भी जातिगत सर्वेक्षण कराने का आग्रह किया है, ताकि लोगो की वास्तविक स्थिति निर्धारित करने में मदद मिल सके। तेजस्वी राज्य मे राजद के आधार को मजबूत करने के लिए शनिवार से झारखंड में हैं। वह रांची मे एक मिलन समारोह कार्यक्रम मे पार्टी कार्यकर्ताओ को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा, "मैंने शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उनसे बिहार की तरह जातिगत सर्वेक्षण कराने का आग्रह किया। इस कवायद से दिहाड़ी मजदूरों, भूमिहीन व्यक्तियों, सफाई कर्मचारियो और रिक्शा चालको जैसे लोगो की वास्तविक स्थिति निर्धारित करने मे मदद मिलेगी। राजद नेता ने कहा, जब तक कुछ वैज्ञानिक आंकड़े उपलब्ध नही होंगे।

### महाराष्ट्र : चंद्रपुर गांव में खुदाई के दौरान 12वीं सदी की कृष्ण की मूर्ति मिली

**चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के ब्रह्मपुरी के एक गांव मे खुदाई के दौरान भगवान कृष्ण की दो फुट ऊंची मूर्ति मिली है। एक इतिहासकार ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत राष्ट्रीय ट्रस्ट (आईएनटीएसीएच) की कार्यकारी समिति के सदस्य अशोक सिंह ठाकुर ने कहा कि खेड़ गांव मे मिली भगवान कृष्ण की मूर्ति 12वी सदी के चालुक्य वंश की है। अशोक सिंह ठाकुर ने कहा कि मूर्ति, जिसमे कृष्ण को बांसुरी बजाते हुए दिखाया गया है, उसे एक पत्थर पर उकेरा गया है। गांव में कुछ निर्माण कार्य के लिए खुदाई के दौरान मूर्ति मिली थी। उन्होने कहा, मूर्ति को दक्षिण भारतीय शैली मे काले पत्थर से बनाया गया है। हो सकता है कि कोई इसे देश के दक्षिण हिस्से से यहां लाया हो। हालांकि, इस खुदाई के दौरान हमे किसी मंदिर के अवशेष नही मिले। गजानन मानकर, जिनकी जमीन पर यह मूर्ति मिली है, उन्होने कहा कि वह धन्य महसूस कर रहे है और इस जगह पर एक मंदिर बनाना चाहते है।

### वेस्टलाइफ इनोवेशन और बेहतर करेगा

**मुंबई।** वेस्टलाइफफूडवर्ल्ड लिमिटेड ने 31 दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा कर दी है। वेस्टलाइफफूडवर्ल्ड लिमिटेड जिसे पूर्व मंम वेस्टलाइफडेवलपमेंट 505533 डब्ल्यूडीएलके नाम से जाना जाता था। पश्चिम और दक्षिण भारत में मैकडॉनल्ड्स रेस्त्रां मालिक और परिचालक ओनर एवं ऑपरेटर है। तिमाही में कंपनी की बिक्री वर्ष दर वर्ष 28 फीसद की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 6.1 बिलियन रुपये रही, जो अब तक का सर्वकालिक उच्च स्तर है। पिछले 12 महीनों में वेस्टलाइफकी प्रति स्टोर औसत बिक्री पिछले वर्ष के 47.7 मिलियन रुपये के मुकाबले 64.7 मिलियन रुपये रही। डाइन इन गेस्टस की संख्या में उल्लेवखनीय बढ़ोतरी होने की वजह से कंपनी के सेम स्टोर सेल्स ग्रोथ एसएसएसजी में 20 फीसद की वार्षिक वृद्धि हुई। वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड लिमिटेड के वाइस.चेयरमैन अमित जटिया ने कहा कि हमें मेन्यू में किये गये महत्वपूर्ण इनोवेशन और बेहतर क्रियान्वयन के दम पर एक और मजबूत तिमाही देखकर खुशी है।

# खुश हूं लेकिन कोश्यारी को बहुत पहले हटा देना चाहिए था

**भाषा।** मुंबई

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने रविवार को कहा कि राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के जाने से महाराष्ट्र राहत में है लेकिन केंद्र द्वारा यह फैसला काफी पहले ले लिया जाना चाहिए था।

उन्होंने मांग की कि कोश्यारी ने अगर कोई असंवैधानिक फैसले लिए हैं तो उसकी जांच की जानी चाहिए।

उन्होंने नागपुर में पत्रकारों से



कहा, महाराष्ट्र अब राहत में है। यह बहुत अच्छा फैसला है लेकिन इसे काफी पहले ले लिया जाना चाहिए था। अपने इतिहास में महाराष्ट्र ने राज्यपाल के पद पर कभी ऐसा व्यक्ति नहीं देखा था। मैं केंद्र सरकार के फैसले से प्रसन्न हूं। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी विज्ञप्ति में रविवार को कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कोश्यारी के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। कोश्यारी की जगह झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने ली है।

पवार ने कहा, कोश्यारी ने जो भी फैसले लिए हैं जो संविधान के खिलाफ हैं उनकी उचित जांच होनी चाहिए। 80 वर्षीय कोश्यारी पर विपक्ष ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हाथों खेलने का आरोप लगाया था, जब उन्होंने 23 नवंबर, 2019 को सुबह-सुबह देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री और राकांपा नेता अजित पवार को उपमुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ दिलाई थी, जिससे विधानसभा चुनाव के बाद राजनीतिक दलों द्वारा सरकार बनाने में विफल रहने के बाद लगाया गया राष्ट्रपति शासन समाप्त हो गया था।

## असम के कुछ हिस्सों में आया भूकंप

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम** के कुछ हिस्सों में रविवार को चार तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई।

बुलेटिन के मुताबिक, तत्काल भूकंप से किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंप केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक, भूकंप का झटका अपराह्न चार बजकर 18 मिनट पर महसूस किया गया और इसका केंद्र नगांव जिले में ब्रह्मपुत्र नदी के दक्षिणी तट पर था। भूकंप का केंद्र सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में था। रिपोर्ट के मुताबिक, भूकंप का केंद्र गुवाहाटी से 160 किलोमीटर दूर मध्य असम में होजई के पास था।

पश्चिमी कार्बी आंगलॉन्ग, कार्बी आंगलॉन्ग, गोलाघाट और मोरी गांव जिले के लोगों ने भी भूकंप का झटका महसूस किया। इसके अलावा ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी किनारे पर स्थित सोनितपुर में बसे लोगों को भी झटका महसूस हुआ।



पंजीम में श्री सप्तक ओटेश्वर मंदिर नये स्वरुप में, इसका उद्घाटन गोवा के सीएम ने किया

# लद्दाख पैंगोंग झील में भारत पहली फ्रोजेन-लेक मैराथन की मेजबानी करेगा

**भाषा।** लेहाजम्मू

**लद्दाख** के पैंगोंग झील में 13,862 फुट की ऊंचाई पर भारत की पहली फ्रोजेन-लेक मैराथन 20 फरवरी को आयोजित होगी और इस आयोजन के लिए उचित कार्य योजना लागू किए जाने के वास्ते सेना तथा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) को शामिल किया गया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

लुकुंग गांव से शुरू होने वाली 21 किलोमीटर दूरी की यह मैराथन मान गांव में समाप्त होगी। अधिकारियों ने कहा कि भारत और विदेश के 75 चयनित एथलीट इस दौड़ में भाग ले रहे हैं, जिन्हें दुनिया की सर्वाधिक ऊंचाई पर फ्रोजेन-लेक मैराथनै के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को उजागर करने के लिए मैराथन को "आखिरी दौड़ कहा जा रहा है।

इसका आयोजन लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद-लेह, पर्यटन विभाग और लेह जिला प्रशासन के सहयोग से एडवेंचर स्पोर्ट्स फाउंडेशन ऑफ लद्दाख (एएसएफएल) द्वारा किया जा रहा है। लेह के जिला विकास आयुक्त श्रीकांत बालासाहेब सुसे ने पीटीआई-भाषा को बताया, "सतत विकास और कार्बन तटस्थ लद्दाख के संदेश के साथ आयोजित किए जा रहे इस चुनौतीपूर्ण कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। भारतीय सेना और आईटीबीपी को भी उचित कार्य योजना को निष्पादित करने के लिए शामिल किया गया है।

भारत और चीन की सीमा पर सर्दियों के दौरान तापमान शून्य से 30 डिग्री सेल्सियस नीचे तक पहुंच जाता है और इसके कारण 700 वर्ग किलोमीटर में फैली पैंगोंग झील जम जाती है।

सुसे ने कहा, पर्यटक ज्यादातर चादर ट्रेक (जांस्कर में) और हिम तेंदुए को देखने के लिए सर्दियों के दौरान लद्दाख जाते हैं और हम उम्मीद कर रहे हैं कि फ्रोजेन-लेक मैराथन अन्य हिस्सों, खासकर चांगथांग क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

# ओम और अल्लाह तथा मनु और पैगंबर आदम एक ही हैं: मदनी

**भाषा।** नई दिल्ली

**जैन** संत लोकेश मुनि समेत कुछ अन्य धर्मगुरुओं की मौजूदगी में जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम समूह) के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने ओम और अल्लाह तथा मनु और पैगंबर आदम को एक बताते हुए रविवार को दावा किया कि बहुसंख्यक समाज के "पूर्वज हिंदू नहीं थे बल्कि मनु थे जो एक ओम यानी अल्लाह की इबादत करने वाले थे"। उनके इस बयान पर अहसमति जताते हुए आचार्य लोकेश मुनि समेत कुछ अन्य धर्मों के धर्म गुरु नाराज़ हो गए और कार्यक्रम बीच में छोड़कर चले गए। मौलाना मदनी ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के उस कथित बयान पर की जिसमें उन्होंने कहा था कि मुसलमान चाहें तो अपने धर्म पर रहें या अपने पूर्वजों की तरफ लौट आएं। मगर अरशद मदनी के बयान से लोकेश मुनि खफा हो गए और उन्होंने मंच से ही इस पर आपत्ति जताते कहा, आपने जो बात कही है, मैं उससे सहमत नहीं हूं और मेरे साथ सर्वधर्म के संत भी सहमत नहीं हैं। हम केवल सहमत हैं कि हम मिलजुलकर रहें, प्यार से रहें, मोहब्बत से रहें"। इसके बाद वे कुछ अन्य धर्म के धर्मगुरुओं के साथ कार्यक्रम से चले गए। मौलाना अरशद मदनी ने जमीयत के महमूद मदनी समूह के तीन दिवसीय 34वें अधिवेशन के अंतिम दिन यहां रामलीला मैदान में दावा किया, इस्लाम भारत के लिए नया मज़हब नहीं है।

## एचएएल सुपरसोनिक लड़ाकू प्रशिक्षण विमान के प्रतिरूप का प्रदर्शन करेगा

**बेंगलुरु।** हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) पहली बार अगली पीढ़ी के सुपरसोनिक प्रशिक्षण विमान के प्रतिरूप (स्केल मॉडल) का प्रदर्शन करेगा। कंपनी हिंदुस्तान लीड इन फाइटर ट्रेनर (एचएलएफटी-42) के स्केल मॉडल का यहां सोमवार से शुरू हो रहे एयरो इंडिया-2023 में प्रदर्शन करेगी। एचएलएफटी-42 अगली पीढ़ी का सुपरसोनिक प्रशिक्षण विमान है जो आधुनिक जंगी विमान के प्रशिक्षण में अहम भूमिका निभाएगा। सुपरसोनिक से आशय आवाज की गति से अधिक तेज गति से है। एचएएल की ओर से कहा गया कि इस विमान में एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैंड अरे, एलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट, वायर कंट्रोल प्रणाली द्वारा इंफ्रारेड सर्च एंड ट्रैक विद फ्लाई जैसी आधुनिक विमानन सुविधाएं होंगी।

# भारत में छोटे-छोटे झटके बड़े पैमाने पर भूकंप का खतरा कम कर रहे हैं

**भाषा।** नई दिल्ली

**विशेषज्ञों** का कहना है कि छोटे-छोटे झटके विवर्तनिक दबाव को कम करने तथा भारत को एक विनाशकारी भूकंप से बचाने में मदद कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि देश में प्रभावी कार्वाई तथा आपात स्थिति से निपटने की दिशा में एक आदर्श बदलाव देखा गया है।

उन्होंने कहा कि भारत बड़े पैमाने पर भूकंप से निपटने के लिए अच्छी तरह तैयार है क्योंकि उसके पास राष्ट्रीय आपदा राहत बल (एनडीआरएफ) के रूप में समर्पित और प्रशिक्षित बल है।

विशेषज्ञों ने कहा कि अगर लोग तथा संस्थान मजबूत इमारतें बनाने के लिए सख्ती से नियमों का पालन करें तो बड़े पैमाने पर आने वाले भूकंप का असर कम किया जा सकता है।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के निदेशक ओपी मिश्रा ने कहा, पाकिस्तान के साथ लगती सीमा के समीप भारत के पश्चिम की ओर ट्रूपिल जंक्शन सूक्ष्म स्तर पर बार-बार भूकंप आने के कारण लगातार दबाव कम कर रहा है। यहां कुछ चार और पांच तीव्रता के भूकंप भी आए हैं।

ट्रूपिल जंक्शन तीन टेक्टोनिक प्लेट की सीमाएं मिलने का बिन्दु है। भौगोलिक गतिविधि में ए महत्वपूर्ण क्षेत्र होते हैं और भूकंपीय तथा ज्वालामुखी संबंधी गतिविधि के महत्वपूर्ण स्थल हो सकते हैं।

इन प्लेटों की गतिविधि पृथ्वी की ऊपरी सतह पर दबाव बना सकती हैं जो भूकंप के रूप में सामने आ सकती हैं।



मिश्रा ने कहा कि तुर्किए में दो ट्रूपिल जंक्शन थे। उन्होंने कहा, चूंकि इस क्षेत्र में कोई छोटे भूकंप नहीं आए तो वहां काफी दबाव एकत्रित हो गया। वैज्ञानिक ने कहा, भारत भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र है लेकिन हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे यहां हर दिन कई छोटे-छोटे भूकंप आते हैं इसलिए एकत्र हुई ऊर्जा निकल जाती है।

विशेषज्ञों के अनुसार, किसी इमारत की रेजानेंट फ्र ीक्वे ंसी (गुंजायमान आवृति) भूकंप के दौरान उसे होने वाले नुकसान को कम करने में अहम भूमिका निभा सकती है।

इमारतों में कंपन की प्राकृतिक आवृत्तियां होती है जिसे गुंजायमान आवृत्ति कहा जाता है जो उनके द्रव्यमान, कठोरता और आकार से तय होती हैं। किसी भूकंप के आधार पर जमीनी गतिविधि इन प्राकृतिक आवृत्तियों का बढ़ा सकती है जिससे इमारत अपनी गुंजायमान आवृत्ति पर हिल सकती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार, भारत का 59 प्रतिशत भूभाग भूकंप के लिहाज से संवेदनशील है। मिश्रा ने कहा कि मंत्रालय भूकंपीय माइक्रोजोनेशन अध्ययन के जरिए देश के भूकंपीय हानिकारक जोनेशन मानचित्र का एकीकरण कर रहा है। अभी पांच लाख तथा उससे अधिक की आबादी वाले 30 शहर भूकंपीय जोन तीन, चार और पांच और इस परियोजना के तहत आते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रतएक राज्य का अपना आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और आपदा मोचन बल है। उन्होंने कहा कि प्रभावी प्रतिक्रिया तथा शमन की ओर आदर्श बदलाव आया है। देश ऐसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए अच्छी तरह तैयार है।

# भारतीय महिलाओं का जीत से आगाज

- रोड्रिग्स और ऋचा ने दिलाई भारत को जीत
- पाकिस्तान सात विकेट से हारा

**भाषा।** केपटाउन

**भारत ने जेमिमा** रोड्रिग्स (नाबाद 53 रन) के अर्धशतक और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (नाबाद 31) के साथ उनकी चौथे विकेट के लिए 33 गेंद में 58 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत रविवार को यहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को एक ओवर रहते सात विकेट से शिकस्त दी। पाकिस्तान ने कप्तान बिस्माह मरूफ (नाबाद 68 रन) के अर्धशतक और आयशा नसीम (नाबाद 43 रन) के साथ उनकी पांचवें विकेट के लिए 81 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत चार विकेट पर 149 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। भारत ने यह लक्ष्य 19 ओवर में तीन विकेट पर 151 रन बनाकर हासिल किया जिसमें प्लेयर ऑफ द मैच जेमिमा रोड्रिग्स की आठ चौके जड़ित 38 गेंद की नाबाद अर्धशतकीय पारी महत्वपूर्ण रही। इसमें ऋचा (20 गेंद, पांच चौके) ने उनके साथ टीम को दबाव से बाहर निकालने में गजब का जज्बा दिखाया। रोड्रिग्स ने विजई चौका लगाकर टीम की जीत सुनिश्चित की और अपना अर्धशतक पूरा किया। इस तरह भारत ने टी20 विश्व कप में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया। यह टी20 विश्व कप में सबसे बड़े लक्ष्य पीछा करने में दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (33 रन) और यास्तिका भाटिया (17 रन) ने पहले विकेट के लिए 38 रन जोड़े थे कि सादिया इकबाल ने भारत को पहला झटका दिया। पावरप्ले के अंतिम ओवर में सादिया की फुल लेंथ गेंद पर यास्तिका कवर में फातिमा सना को आसान कैच दे बैठी। शेफाली से बड़ी पारी खेलने की उम्मीद थी। पारी को तेज करने की कोशिश में 10वें ओवर में वह अपना विकेट गंवा बैठीं और नशरा संधू की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में सीमारेखा पर सिदरा अमीन के शानदार कैच से पवेलियन पहुंच गई। रोड्रिग्स के साथ अब कप्तान हरमनप्रीत कौर (16 रन) क्रीज पर थी। दोनों सतर्कता से बल्लेबाजी करते हुए 28 रन जोड़ पाई थीं कि कप्तान की स्लाग स्वीप करने की गलती से पाकिस्तान ने तीसरा विकेट झटक लिया। नशरा संधू (15 रन देकर दो विकेट) ने इस तरह अपना दूसरा विकेट हासिल किया। फिर रोड्रिग्स को ऋचा के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। इन दोनों ने भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। 18वें ओवर में ऋचा के ऐमन अनवर पर लगाए गए लगातार तीन चौकों ने भारत के ऊपर से दबाव खत्म किया जिससे टीम को अंतिम दो ओवर में जीत के लिए 14 रन की दरकार थी।



### मौका मिलने अच्छा प्रदर्शन कर रही है सबः हरमनप्रीत

**केपटाउन।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला टी20 विश्व कप में अपने पहले मैच में रविवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर सात विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली जेमिमा रोड्रिग्स और रिचा घोष की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस भी खिलाड़ी को मौका मिल रहा है वह अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, जेमिमा और रिचा ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाज़ी की। सभी खिलाड़ी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने को बेताब है। जिसको भी मौक़ा मिल रहा है, वह बढ़िया प्रदर्शन कर रहा है। प्रत्एक मैच महत्वपूर्ण है, प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो, लेकिन निश्चित रूप से पाकिस्तान के ख़िलाफ़ मैच बड़ा होता है। (अगले मैच से पहले) हम नेट्स पर कुछ समय बिताना पसंद करेंगे। हम कुछ चीज़ों पर काम करना चाहते है। पाकिस्तान की कप्तान बिस्माह मरूफ़ ने कहा कि उनकी टीम ने गेंदबाजी में कुछ गलतियां की जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा।

### स्कोरबार्ड

**पाकिस्तान पारी** : अली स्टं घोष बो राधा यादव 12,खान का कौर बो दीप्ति शर्मा 08,मरूफ नाबाद 68,दार का घोष बो पूजा वस्त्राकर 00,अमीन का घोष बो राधा यादव 11,नसीम नाबाद 43,**अतिरिक्त** : 07,**कुल** : 20 ओवर में चार विकेट पर 149 रन,**विकेट पतन** :1-10, 2-42, 3-43, 4-68 , **गेंदबाजी** : रेणुका 3-0-24-0,दीप्ति 4-0-39-1,गायकवाड़ 4-0-31-0,राधा 4-0-21-2, वस्त्राकर 4-0-30-1,शेफाली1-0-3-0

**भारत पारी** : भाटिया का फातिमा सना बो सादिया इकबाल 17,शेफाली का सिदरा अमीन बो नशरा संधू 33, रोड्रिग्स नाबाद 53, हरमनप्रीत का बिस्माह मरूफ बो नशरा संधू 16,ऋचा नाबाद 31,**अतिरिक्त** : 01,**कुल** : 19 ओवर में तीन विकेट पर 151 रन,**विकेट पतन** :1-38, 2-65, 3-93, **गेंदबाजी** : फातिमा सना 4-0-42-0,सादिया इकबाल 4-0-25-1,ऐमन अनवर 3-0-33-0,निदा दार 4-0-36-0,नशरा संधू 4-0-15-2

# स्मृति, हरमनप्रीत और शेफाली के लिए एक करोड़ रुपए से अधिक बोली की उम्मीद

- महिला प्रीमियर लीग नीलामी आज

**भाषा।** मुंबई





**भारत की** शानदार बल्लेबाज स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर और युवा खिलाड़ी शेफाली वर्मा के नाम को लेकर सोमवार को यहां शुरूआती महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) नीलामी के दौरान बोली लगाने के लिए होड़ लगने की उम्मीद है। विदेशी खिलाड़ियों में एलिसा हीली, बेथ मूनी, एलिस पैरी, नेट साइवर, मेगान शुट और डियांड्रा डॉटिन कुछ ऐसे बड़े नाम हैं जिनके लिए बड़ी बोलियां लगने की उम्मीद है। पांच टीमें – मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स, आरसीबी, गुजरात जायंट्स और यूपी वारियर्स – 409 खिलाड़ियों की सूची में से 90 खिलाड़ियों के लिए बोली लगाएंगी। पहले वर्ष के लिए प्रत्एक टीम के लिए 12 करोड़ रूपए का सैलरी पर्स (सीमित राशि) होगा और 18 खिलाड़ियों की टीम में छह विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगी। इससे 60 भारतीयों में से कम से कम 20 से 25 खिलाड़ियों के अच्छी नीलामी राशि में बिकने की उम्मीद है। बेस प्राइस (आधार मूल्य) पांच ब्रैकेट्स में होगा जिसमें सबसे कम 10 लाख रूपए और सबसे अधिक 50 लाख रूपए की राशि होगी। अन्य ब्रैकेट 20, 30 और 40 लाख रूपए होंगे। उम्मीद है कि मौजूदा भारतीय टीम के अलावा आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की सदस्यों की नीलामी में सबसे ज्यादा मांग होगी। अगर फ्रेंचाइजी से जुड़े कुछ अधिकारियों पर भरोसा किया जाए तो स्मृति, शेफाली, हरमनप्रीत और आल रांउडर दीप्ति शर्मा के 1.25 करोड़ से दो करोड़ रूपए के बीच की राशि हासिल करने की उम्मीद है। बिग हिटर ऋचा घोष और तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर को लेकर भी बोली लगाने वालों के बीच काफी दिलचस्पी होगी। ऐसा ही कुछ राजेश्वरी गायकवाड़ और राधा यादव जैसी स्पिनरों तथा मेघना सिंह और शिखा पांडे जैसी तेज गेंदबाजों का लेकर होगा। विदेशी टी20 लीग में अच्छा प्रदर्शन करने वाली जेमिमा रोड्रिग्स को भी नीलामी में अच्छी राशि मिल सकती है। अनकैप्ड (जिसने एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) भारतीय खिलाड़ियों के वर्ग में कश्मीर की जसिया अख्तर और रेलवे की स्वगातिका रथ मुख्य नाम हैं। अंडर-18 विश्व कप विजेता महिला टीम में से बल्लेबाज श्वेता सहरावत, स्पिनर पार्श्वी चोपड़ा, मन्नत कश्यप और अर्चना देवी के साथ तेज गेंदबाज टिटास साधू के भी अच्छी राशि में बिकने की उम्मीद है। पांचों फ्रेंचाइजी बेहतरीन कप्तान हासिल करने की कोशिश करेंगी जिसमें स्मृति और हरमनप्रीत के अलावा अन्य उम्मीदवारों में दिग्गज खिलाड़ी मेग लैंनिंग, इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट और न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डेविने शामिल हैं। इसमें खिलाड़ियों को खरीदने में न्यूनतम राशि नौ करोड़ खर्च करनी होगी जबकि टीम में अनिवार्य सदस्यों की संख्या 15 होगी और अधिकतम 18 खिलाड़ियों को रखा जा सकता है। टीम में अधिकतम 12 भारतीय और अधिकतम छह विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। नीलामी में 246 भारतीय और 155 विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगी।

### अदिति मोरक्को में तीसरे स्थान पर, ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर कायम

**रबात (मोरक्को)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक तीसरे और अंतिम दौर में एक अंडर 72 के स्कोर से यहां एल मरयम कप में तीसरे स्थान पर रही। अंतिम दौर की शुरुआत छह अंडर के स्कोर से करने वाली इस भारतीय गोल्फर का कुल स्कोर सात अंडर रहा। स्वीडन की माजा स्टार्क ने अंतिम दौर में चार अंडर के स्कोर से कुल 12 अंडर के स्कोर के साथ खिताब जीता। स्टार्क ने स्वीडन की ही लिन ग्रांट (68) को चार शॉट से पछाड़ा।

### कूह स्पोर्ट्स ने क्रूसेडर्स को 65 रन से हराया

**लखनऊ।** कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने स्पर्श जैन-18 रन 2 विकेटद्व के हरफनमौला कमाल और गेंदबाजों के उपयोगी प्रदर्शन के सहारे जी20 बीबीडी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में आरईपीएल क्रूसेडर्स को 65 रन से पराजित किया। कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने 211 रन बनाये। जवाब में आरईपीएल क्रूसेडर्स लक्ष्य का पीछा करते हुए 34.2 ओवर में 146 रन ही बना सका और जीत से 65 रन दूर रह गया।

### स्पिनर कुहनमैन के पास दूसरे टेस्ट में खेलने का मौका : मैकडोनाल्ड

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलियाई कोच एंड्यू मैक्डोनाल्ड ने कहा कि अगर टीम तीन स्पिनरों के साथ खेलने का फैसला करती है तो मिचेल स्वेपसन की जगह शामिल किए गए बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनमैन के पास यहां 17 फरवरी से भारत के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में पदार्पण करने का अच्छा मौका है। कुहनमैन (26 वर्ष) लेग स्पिनर स्वेपसन की जगह आस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ेंगे। स्वेपसन को पूर्व योजना के अनुसार अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौटना है।

### तरुणदीप और अंकिता को राष्ट्रीय तीरंदाजी में खिताब

**नई दिल्ली।** अनुभवी तरुणदीप राय ने राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में रविवार को यहां पुरुष रिकर्व का खिताब जीता। एशियाई खेल 2010 के रजत पदक विजेता तरुणदीप ने फाइनल में पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन पार्थ सालुंखे को 6-2 से हराया। सुखचैन सिंह ने शूट ऑफ में भारत के नंबर एक खिलाड़ी अतनु दास को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। सीनियर महिला रिकर्व वर्ग में अंकिता भक्त ने मधु वेदवान को 6-4 से हराकर खिताब जीता, जबकि भजन कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया। भजन ने रिधि फोर को 6-2 से पराजित किया। जूनियर वर्ग में पुरुषों का खिताब नीरज चौहान ने जबकि महिलाओं का खिताब भजन कौर ने जीता।

### संतोष ट्राफी : कर्नाटक ने केरल को हराया

**भुवनेश्वर।** कर्नाटक ने 76वीं राष्ट्रीय फुटबाल चैम्पियनशिप संतोष ट्राफी के मैच में रविवार को यहां केरल को1-0 से हराकर उलटफेर किया जबकि ओडिशा ने गोवा को 4-1 से पराजित किया। कर्नाटक ने शुरू से मैच पर दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से अभिषेक शंकर पोवार ने 20वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। अन्य मैच में ओडिशा ने 11वें मिनट में बिकास कुमार साहू के गोल से बढ़त बनाई और 28वें मिनट में वह 2-0 से आगे हो गया। मध्यांतर से ठीक पहले गोवा के मोहम्मद फहीज ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर1-2 कर दिया। ओडिशा की तरफ से दूसरे हॉफ में राहुल मुखी (79वें) और आनंद ओरम (90+6) ने गोल किए।

# बंगाल ने चैंपियन मध्य प्रदेश को रौंदा

- रणजी फाइनल में सौराष्ट्र से होगा सामना

**भाषा।** इंदौर



**बंगाल ने** आल राउंड प्रदर्शन के दम पर रविवार को यहां होल्कर स्टेडियम में गत चैम्पियन मध्य प्रदेश को 306 रन से हराकर रणजी ट्राफी फाइनल में प्रवेश किया जिसमें उसका सामना सौराष्ट्र से होगा जो 2020 फाइनल का दोहराव होगा।

बंगाल ने पिछली बार रणजी ट्राफी खिताब 1989-90 सत्र में जीता था और वह फाइनल में सौराष्ट्र की मेजबानी करेगा क्योंकि उसने प्रतिद्वंद्वी टीम से ग्रुप चरण में कहीं अधिक अंक जुटाए। सौराष्ट्र ने दूसरे सेमीफाइनल में कर्नाटक को चार विकेट से पराजित किया। अनुस्तुप मजूमदार और सुदीप कुमार घरामी ने पहली पारी में क्रमश: 200 और 153 रन बनाए जिससे बंगाल ने 438 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। प्रदीप्ता प्रमाणिक ने भी अपने हरफनमौला कौशल से प्रभावित किया और नाबाद 60 रन बनाए जिसके बाद उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट भी झटके। बंगाल ने दूसरी पारी में 279 रन बनाए जिससे मौजूदा चैम्पियन को 548 रन का विशाल लक्ष्य मिला। पांचवें और अंतिम दिन बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी मध्य प्रदेश ने सकारात्मक शुरूआत की जिसमें सलामी बल्लेबाज यश दुबे (30 रन) और हिमांशु मंत्री (16 रन) ने अहम योगदान दिया। लेकिन शाहबाज अहमद और आकाश दीप ने दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया। इसके बाद रजत पाटीदार (52 रन) और शुभम शर्मा (24 रन) ने संयमित बल्लेबाजी कर कुछ उपयोगी रन जुटाए लेकिन अंतिम दिन हासिल करने के लिए लक्ष्य काफी बड़ा था। युवा बाएं हाथ के स्पिनर प्रमाणिक ने बल्लेबाजों को क्रीज पर टिकने नहीं दिय, उन्होंने शुभम और वेंकटेश अय्यर (19 रन) को पवेलियन भेजा जबकि मुकेश कुमार ने पाटीदार का विकेट झटका जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 179 रन हो गया। प्रमाणिक ने फिर कुमार कार्तिकेय, आवेश खान और गौरव यादव को आउट कर पांच विकेट झटके और अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। बंगाल की टीम घरेलू मैदान पर 2020 फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी जिसमें राजकोट में वह पहली पारी की बढ़त के आधार पर मैच गंवा बैठी थी।

### वू डेलास ओपन में एटीपी फाइनल में पहुंचने वाले चीन के पहले खिलाड़ी बने

**डेलास।** यिबिंग वू डेलास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफइनल में अमेरिका के शीर्ष वरीय टेलर फ्रिट्ज को तीन सेट में हराकर एटीपी टूर फाइनल में जगह बनाने वाले चीन के पहले खिलाड़ी बने। वू ने फ्रिट्ज के खिलाफ सभी नौ ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए 6-7 (3), 7-5, 6-4 से जीत दर्ज की। वू फाइनल में अमेरिका के ही जॉन इसनर से भिड़ेंगे।

## टीम चैंपियनशिप के फाइनल में पाक से हारा भारत

जूनियर स्क्वाश

**भाषा।** चेन्नई

भारतीय टीम रविवार को यहां 21वीं एशियाई जूनियर टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप 2023 के पुरूष वर्ग के फाइनल में पाकिस्तान से 0-2 से हार गई। शीर्ष वरीयता प्राप्त पाकिस्तान और दूसरी वरीयता प्राप्त भारत के बीच इस मुकाबले में नूर जमां और मोहम्मद हमजा खान ने पाकिस्तानी टीम को जीत दिलाई। जमां को जहां कृष्णा मिश्रा को हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, वहीं हमजा ने पार्थ अंबानी को सीधे गेम में हराया। जमां ने मिश्रा को 12-10, 9-11, 13-11, 11-9 से जबकि हमजा ने पार्थ अंबानी को 11-7, 11-5, 11-4 से हराया। महिला वर्ग के फाइनल में मलेशिया ने हांगकांग को 2-0 से पराजित किया।

# धर्मशाला में नही, कही और होगा भारत और आस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट : बीसीसीआई सूत्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत और** आस्ट्रेलिया के बीच मौजूदा श्रृंखला का एक से पांच मार्च तक धर्मशाला में होने वाला तीसरा टेस्ट अब किसी और स्थल पर कराए जाने की तैयारी है क्योंकि इस पर बिछाई गई आउटफील्ड मैच के लिए तैयार नहीं है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। पता चला है कि बीसीसीआई के क्यूरेटर तपोश चटर्जी ने पिच और आउटफील्ड का मुआयना करने के लिए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) स्टेडियम का दौरा किया। वह अंतिम फैसले के लिए अपनी रिपोर्ट बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को सौंपेंगे। बेंगलुरू और विशाखापत्तनम उन स्थलों में शामिल हैं जहां तीसरा टेस्ट खेला जा सकता है। बीसीसीआई के वरिष्ठ सूत्र ने कहा, मैच की मेजबानी के लिए फिट होने के लिए बीसीसीआई के निश्चित मापदंड हैं। इस मैदान पर कोई भी प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेल गया है और साथ ही आउटफील्ड भी तैयार नहीं है। मैच शुरू होने में 16 दिन बाकी हैं और धर्मशाला का मौसम भी समस्या खड़ी कर सकता है क्योंकि इस पर लगातार अंतरराष्ट्रीय मैच बारिश की भेंट चढ़ चुके हैं। आउटफील्ड में कुछ हिस्सों पर घास नहीं है और अगले कुछ दिनों में बारिश की भविष्यवाणी से चल रहे काम में बाधा पड़ सकती है। इसकी जानकारी रखने वाले एचपीसीए के एक सूत्र ने कहा, हम कह चुके हैं कि मौका दिया जाए तो हम मैच की मेजबानी करना चाहेंगे लेकिन इस पर फैसला बीसीसीआई करेगा। क्यूरेटर की रिपोर्ट मापदंडों पर आधारित होगी। धर्मशाला पर टेस्ट मैच का सभी को इंतजार है क्योंकि इसकी पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है और साथ ही क्रिकेट पर्यटन के लिए भी यह आदर्श स्थल है। बीसीसीआई की एक टीम ने कुछ हफ्तों पहले स्थल का मुआयना किया था। धर्मशाला से मैच हटाए जाने से हजारों प्रशंसक निराश हो जाएंगे क्योंकि वे लंबे अरसे से वहां विश्व स्तरीय टेस्ट मैच का इंतजार कर रहे हैं।

### बीसीसीआई ने उनादकट को रणजी फाइनल खेलने के लिए रिलीज किया

**मुंबई।** तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट को रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट की भारतीय टीम से रिलीज कर दिया गया ताकि वह सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी फाइनल में खेल सकें। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह जानकारी दी। सौराष्ट्र 16 फरवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी फाइनल में बंगाल से भिड़ेगा और उनादकट की मौजूदगी से उसकी टीम को मजबूती मिलेगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने यहां जारी बयान में कहा, अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने भारतीय टीम प्रबंधन के साथ परामर्श करने के बाद जयदेव उनादकट को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट की भारतीय टीम से रिलीज करने का फैसला किया है। इसमे कहा गया है, जयदेव अब सौराष्ट्र टीम में शामिल होंगे, जो 16 फरवरी से बंगाल के खिलाफ ईडन गार्डन्स, कोलकाता में रणजी ट्रॉफी फाइनल खेलेगी। उनादकट को आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुना गया था लेकिन वह नागपुर में खेले गए पहले टेस्ट की अंतिम एकादश में शामिल नही थे जिसे भारत ने पारी और 132 रन से जीता था। दूसरा टेस्ट 17 फरवरी से नई दिल्ली में खेला जाएगा।

# अगले टेस्ट में वार्नर की जगह ले सकते हैं हैड

**भाषा।** सिडनी





**भारत के खिलाफ** नागपुर में श्रृंखला के पहले टेस्ट में मिली करारी हार से उबरने में जुटा ऑस्ट्रेलिया 17 फरवरी से नई दिल्ली में शुरू होने वाले दूसरे मैच में डेविड वार्नर की जगह ऑफ स्पिन ऑलराउंडर ट्रेविस हेड को मौका दे सकता है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने रविवार को यह दावा किया। बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने की ऑस्ट्रेलिया की महत्वाकांक्षा को शनिवार को नागपुर टेस्ट में तीन दिन के भीतर पारी और 132 रन से हार के बाद बड़ा झटका लगा। अनुभवी सलामी बल्लेबाज वार्नर का उपमहाद्वीप में खराब फॉर्म जारी रहा क्योंकि वह दो पारियों में एक और 10 रन पर आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया की टीम दूसरी पारी में सिर्फ 91 रन पर आउट हो गई जो भारत में उसका न्यूनतम स्कोर है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई टीम के करीबी सूत्रों ने पुष्टि की कि पहले टेस्ट में वार्नर की दोहरी विफलता के बाद से चर्चा जारी है। खबर में आगे कहा गया है कि बाएं हाथ के अंगुली के स्पिनर मैट कुहनेमान के पास नई दिल्ली में टेस्ट पदार्पण का मौका होगा। उन्हें रिजर्व लेग स्पिनर मिच स्वेपसन के विकल्प के तौर पर भारत बुलाया गया है। स्वेपसन अपने बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट रहे हैं।

### नागपुर टेस्ट ने स्पिन के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की कमजोरी को उजागर किया: चैपल

**नई दिल्ली।** पूर्व दिग्गज खिलाड़ी इयान चैपल को लगता है कि भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में घुटने टेकने से ऑस्ट्रेलिया की स्पिन के खिलाफ कमजोरियां उजागर हो गई हैं और उन्होंने कहा कि पैट कमिंस के नेतृत्व में दौरे पर आई टीम को तेजी से परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने की जरूरत है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया से भारत में पिचों के बारे में सोचना बंद करने और सिर्फ अपने काम पर ध्यान देने को कहा। अश्विन और जडेजा की स्पिन जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया को लाल मिट्टी के विकेट पर काफी परेशान किया और मेहमान टीम शनिवार को दूसरी पारी में सिर्फ 91 रन पर ढेर हो गई ।

# मैं बिल्कुल फिट आश्वस्त और सकारात्मक हूं : सिंधू



**भाषा।** नई दिल्ली

**बाएं पैर** के स्ट्रेस फ्रेक्चर से पूरी तरह से उबरने के बाद फिट हो चुकी भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू मौजूदा सत्र की आगामी प्रतियोगिताओं को लेकर आश्वस्त और सकारात्मक हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने कहा कि उनकी चोट पूरी तरह से ठीक हो चुकी है और वह अपना खेलते हुए अपना सब कुछ झोंक देंगी। अगस्त में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों का महिला एकल स्वर्ण पदक जीतने के बाद चोट के कारण बाहर सिंधू ने इस साल की पहली प्रतियोगिता पेट्रोनास मलेशिया ओपन 2023 के साथ वापसी की थी लेकिन उन्हें पहले दौर में स्पेन की कैरोलिना मारिन के खिलाफ तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा था। सिंधू इसके एक हफ्ते बाद स्वदेश में इंडिया ओपन में भी पहले दौर में बाहर हो गईं। सिंधू ने विश्व बैडमिंटन महासंघ से कहा, मैं अब बिलकुल ठीक हूं। शारीरिक और मानसिक रूप से मैं पूरी तरह ठीक हूं। चोटें लगती रहती हैं लेकिन महत्वपूर्ण है कि आप अपने शरीर को स्वस्थ रखो और हर बार मजबूत वापसी करो। मैं आश्वस्त, सकारात्मक हूं और अपनी गल्तियों से सीख रही हूं। उन्होंने कहा, मेरे माता-पिता भी खिलाड़ी हैं। वे जो समर्थन और प्रेरणा देते हैं उससे मुश्किल समय में मुझे आगे बढ़ने का जज्बा मिलता है। पिछले साल सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशल, स्विस ओपन और सिंगापुर ओपन के रूप में तीन खिताब जीतने वाली सिंधू को एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर मौजूदा सत्र में इस सफलता को दोहराने की उम्मीद है। दुनिया की नौवें नंबर की इस खिलाड़ी ने कहा, साथ ही आपको शत प्रतिशत प्रदर्शन करना होगा और मैं पूरी तरह से उबर चुकी हूं।

### लखनऊ ने जीता गोंडा चैलेंज कप का ख़िताब

**लखनऊ।** मैन ऑफ़द मैच आदित्य सिंह - 4 विकेट की गेंदबाजी से क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ ने गोंडा में खेले गए अंडर-16 राज्य स्तरीय गोंडा चैलेंज कप -2023 टूर्नामेंट का ख़िताब फाइनल में जिला क्रिकेट एसोसिएशन मुरादाबाद को सात विकेट से हराकर जीत लिया। डीसीए मुरादाबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 100 रन का मामूली स्कोर बनाया। जवाब में क्रिकेट एसोसएशन लखनऊ ने 20प्4 ओवर में 3 विकेट पर 101 रन बनाते हुए मैच और विजेता ट्राफी भी जीत ली।

### गोयल क्रिकेट अकादमी फाइनल में

**लखनऊ।** गोयल क्रिकेट अकादमी ने जिला क्रिकेट एसोसिएशन बाराबंकी के तत्वाधान में खेली जा रही प्रथम चौधरी मोहम्मद हबीब मेमोरियल अवध ओपन प्राइजमनी जिला क्रिकेट लीग के सेमीफाइनल में यूपी पुलिस को 7 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। यूपी पुलिस की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 145 रन ही बना सकी। रोहित ने 52 रन की पारी खेली। जवाब में गोयल क्रिकेट अकादमी ने 17.5 ओवर में 3 विकेट पर 151 रन बनाकर मैच जीत लिया।

# पेस भारतीय डेविस कप टीम की स्थिति से दुखी

**भाषा।** कोलकाता

**भारत के** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस देश की डेविस कप टीम की वर्तमान स्थिति से दुखी हैं और उनका मानना है कि इसके स्तर को ऊपर उठाने में आधा दशक लग जाएगा। भारतीय डेविस कप टीम इस महीने की शुरुआत में डेनमार्क से 2-3 से हारने के बाद पहली बार विश्व ग्रुप दो में खिसक गई थी। डेविस कप में रिकॉर्ड 45 युगल मैच जीतने वाले पेस ने कहा, मुझे लगता है कि डेविस कप टीम में कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के आने में अभी कुछ साल लगेंगे। पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन में भारतीय टेनिस की गिरावट स्पष्ट नजर आई जब 2017 के बाद पहली बार भारत का कोई एकल खिलाड़ी किसी ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग दौर में जगह नहीं बना पाया। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पेस ने पत्रकारों से कहा, मैं इससे काफी दुखी हूं कि हमारे पास एकल रैंकिंग में शीर्ष 300 में एक भी खिलाड़ी नहीं है। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कभी हुआ है। प्रजनेश गुणेश्वरन वर्तमान में एटीपी सूची में 306वें नंबर के साथ एकल में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय हैं। , मैं सभी भारतीय खिलाड़ियों का बहुत सम्मान करता हूं जो टेनिस जैसे खेल से जुड़े हैं जिसमें प्रशिक्षण और संचालन (करियर बनाने) की लागत बहुत अधिक है। टेनिस में 99 प्रतिशत खेल विदेशों खेला जाता है और अकेले दम पर सर्किट में बने रहना आसान नहीं है। जीशान (अली) और मैं लॉकर रूम में भी सोते थे क्योंकि हमारे पास होटल में ठहरने के लिए पैसे नहीं होते थे।



### चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर : प्रजनेश और रामकुमार के प्रभावशाली प्रदर्शन की उम्मीद



**चेन्नई।** भारतीय खिलाड़ी प्रजनेश गुणेश्वरन और रामनाथन रामकुमार सोमवार से यहां शुरू हो रहे चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर के एकल मुख्य ड्रा में अपने वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों का पूरा इस्तेमाल कर आगे तक पहुंचने की उम्मीद लगाए होंगे। गुणेश्वरन हाल में डेविस कप मुकाबले में खेले थे और अंतिम एकल मैच में जीत भी हासिल की थी लेकिन यह औपचारिकता वाला मैच था। वह ब्रिटेन के जे क्लार्क के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे। रामकुमार की भिड़ंत हालांकि बुल्गारिया के आठवें वरीय दिमितार कुजुमानोव से होगी जो उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगी। चीनी ताइपे के चुन सिन सेंग शीर्ष वरीय खिलाड़ी हैं जिनकी विश्व रैंकिंग 115 है। उनका सामना पहले दौर में क्रोएशिया के निनो सर्डारूसिच से होगा। आस्ट्रेलिया के दूसरे वरीय जेम्स डकवर्थ का सामना क्वालीफायर से होगा। टूर्नामेंट में स्वीडन के महान टेनिस खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग का 19 वर्षीय बेटा लियो बोर्ग भी हिस्सा ले रहा है जो सभी के आकर्षण का केंद्र होगा। युगल ड्रा में जीवन नेदुनचेझीयान और श्रीराम बालाजी की भारतीय जोड़ी को शीर्ष वरीयता दी गई है जो प्रबल दावेदार के तौर पर शुरूआत करेगी। अगर वरीयता के हिसाब से परिणाम आते हैं तो फाइनल में उनकी भिड़ंत आस्ट्रेलिया की मैक्स पुर्सेल और मार्क पोलमैंस की जोड़ी से हो सकती है। एकल क्वालीफाइंग स्पर्धा में करीब 10 खिलाड़ी शामिल हैं।